kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-05 ❐ रविवार, 01 फरवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



सीमापार आतंकवाद विशेष रूप से अस्वीकार्य है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। आतंकवाद से प्रभावित समाजों को आत्मरक्षा का अधिकार है और वे स्वाभाविक रूप से इसका प्रयोग करेंगे। **जयशंकर**

ईरान बातचीत के लिये तैयार : ट्रंप 11

मंत्री ने दिए कमेटी गठन कर जांच के आदेश 12

## संक्षेप

### विधानमंडल के दोनों सदन 9 से होंगे शुरू, बजट 11 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदन 9 फरवरी से शुरू होंगे। विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे और विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा. राजेश सिंह ने शनिवार को इसकी सूचना जारी की। राज्य सरकार 11 फरवरी 18वीं विधानसभा का पांचवां बजट पेश करेगी। प्रमुख सचिव विधानसभा की ओर से जारी सूचना के मुताबिक 18वीं विधानसभा के वर्ष 2026 का पहला सत्र सोमवार 9 फरवरी से शुरू होगा। इसी तरह विधान परिषद का सत्र भी इसके साथ ही शुरू होगा।

### आईएएस अधिकारियों के बड़े तबादले, आगरा मंडल को मिला नया कमिश्नर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फ़ेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप को आगरा मंडल का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। मऊ के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नागर को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। लोक सेवा आयोग में तैनात उप सचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के सीडीओ मनीष मीणा को स्थानांतरित करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। वहीं गाजियाबाद की संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ इसी विभाग के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सरकार के इस प्रशासनिक फ़ेरबदल को कार्यक्षमता बढ़ाने और विकास कार्यों में तेजी लाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### अयोध्या के राज्य कर उपायुक्त ने इस्तीफा लिया वापस

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में तैनात राज्य कर उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद के विरोध और सरकार के समर्थन में अपना त्यागपत्र अधिकारियों को भेजा था। अब उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि 'मैंने अपना त्यागपत्र वापस ले लिया है। मुझ पर कोई दबाव नहीं है। शनिवार को मैं अपने कार्यालय में हूं। अपना कार्य कर रहा हूं। भाई द्वारा लगाए आरोपों पर कहा कि मेरा भाई विश्वजीत सिंह, मुख्तार अंसारी की मऊ गैंग के सक्रिय सदस्य है। वह उनके आर्थिक सलाहकार रहा है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी आम बजट

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी।

साल 2017 से बजट एक फरवरी को ही पेश किया जाता है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में केंद्रीय बजट पहली बार रविवार को पेश किया जायेगा। साथ ही निर्मला सीतारमण लगातार नौ बार बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जायेंगी जिसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है। इससे पहले सुबह 10.15 बजे केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक होगी जिसमें आम बजट को मंजूरी प्रदान की जायेगी। इसके बाद वित्त मंत्री राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को बजट पेश किये जाने की जानकारी देंगी। बजट 11 बजे लोकसभा में पेश किया जायेगा। लोकसभा में पूरा बजट भाषण पढ़ने के कुछ देर बाद बजट को राज्यसभा के पटल पर रखा जायेगा। परोक्ष करों की दरों में फ़ेरबदल का अधिकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद को दिये जाने के बाद से बजट का मुख्य आकर्षण नयी योजनाएं, परियोजनाएं और आयकर को लेकर की गयी घोषणाएं रह गयी हैं। संसद का मौजूदा बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हुआ है। इसका पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा। उसके बाद नौ मार्च से दूसरे चरण की बैठक शुरू होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र दो अप्रैल को समाप्त होगा।

## रविवार की छुट्टी कैसिंल, खुलेगा शेयर बाजार



आमतौर पर शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को छुट्टी होती है, लेकिन यह का रविवार निवेशकों के लिए सामान्य छुट्टी के दिनों से अलग है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट भाषण को देखते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने एलान किया है कि इस दौरान शेयर बाजार खुले रहेंगे और सामान्य दिनों की तरह कारोबार होगा।

एनएसई और बीएसई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, बजट की अहमियत को देखते हुए 1 फरवरी को 'विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र' आयोजित किया जा रहा है। एक्सचेंजों का कहना है कि बजट में होने वाली बड़ी नीतिगत घोषणाओं पर बाजार को तत्काल प्रतिक्रिया देने का मौका मिलना चाहिए, इसलिए रविवार होने के बावजूद बाजार बंद नहीं रहेगा। आजाद भारत के इतिहास में इससे पहले केवल एक बार रविवार को भी शेयर बाजार में कारोबार हुआ था। 28 फरवरी 1999 को जब देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे, उस समय रविवार के दिन भी घरेलू शेयर बाजार में कारोबार ● शेष पेज 11 पर

# पाकिस्तान में हुई झड़पों में 10 सुरक्षा कर्मियों, 37 बलूच लड़ाकों की मौत

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गयी। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। सूत्रों ने बताया कि ये हमले सुरक्षा प्रतिष्ठानों और सरकारी ठिकानों को निशाना बनाकर किये गये थे। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेना, फ्रंटियर कोर और बलूचिस्तान पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर भारी गोलीबारी की। इसमें 37 लड़ाके मारे गये। अधिकारियों के अनुसार, इन झड़पों में कई सुरक्षाकर्मी घायल भी हुए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि पिछले 48 घंटों में पूरे इलाके में कुल 88 लड़ाके मारे गये हैं। सेना ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

**बिद्रोह**

❐ एक साथ 12 शहरों पर बीएलए का हमला, थानों पर कब्ज़ा

❐ पोस्ट छोड़ भागी पाक सेना, क्वेटा से ग्वादर तक गोलियों की गूंज



### केंद्र ने 2011 के बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए दो साल की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य की

नयी दिल्ली। सरकार ने 2011 बैच और उसके बाद के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के लिए केंद्र में महानिरीक्षक (आईजी) के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर एसपी या डीआईजी पद पर कम से कम दो साल का अनुभव होना अनिवार्य कर दिया है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि वरिष्ठ अधिकारियों को केंद्र में जमीनी स्तर पर काम करने का पर्याप्त अनुभव हो। हाल में जारी आदेश में मंत्रालय ने कहा, ''2011 बैच के बाद के आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में आईजी या उसके बराबर के पद पर पर पैनल में शामिल करने के लिए पुलिस ● शेष पेज 11 पर

# तंबाकू उत्पादों पर आज लागू होंगे बढ़े कर, अधिभार

एजेंसी

नयी दिल्ली। तंबाकू उत्पादों पर बढ़े कर एवं अधिभार रविवार 01 फरवरी से लागू हो जायेंगे जिससे सिगरेट, पान-मसाला आदि महंगे हो जायेंगे।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पिछले साल 03 सितंबर को अधिकतर वस्तुओं पर कर की नयी दरों की घोषणा की थी। अन्य सभी उत्पादों पर नयी दरें 22 सितंबर 2025 से लागू हो गयी थीं, लेकिन तंबाकू पान-मसाला, सिगरेट-बीड़ी आदि पर ये दरें 01 फरवरी 2026 से लागू होंगी। जीएसटी में इन उत्पादों पर अधिभार रविवार से शून्य हो जायेगा, लेकिन इसकी जगह





स्वास्थ्य के लिए हानिकारक इन उत्पादों के सेवन को हतोत्साहित करने के लिए नये अधिभार लगाये जायेंगे और उत्पाद शुल्क बढ़ाये जायेंगे। बीड़ी-सिगरेट और हुक्का-चुरुट में इस्तेमाल होने वाले तंबाकू पर उत्पाद शुल्क 64 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया जायेगा। वहीं, तंबाकू के अपशिष्ट पर ● शेष पेज 11 पर

# अजित के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा उपमुख्यमंत्री बनीं

एजेंसी

मुंबई/बारामती। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने शनिवार को



सोशल मीडिया पोस्ट में कहा , '' महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनने और इस दायित्व को संभालने वाली पहली महिला बनने पर, सुनेत्रा पवार जी को हार्दिक शुभकामनाएँ। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों के कल्याण के लिए अथक परिश्रम करेंगी और दिवंगत अजितदादा पवार के विज़न को साकार करेंगी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने आज शाम ही महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वह अपने पति दिवंगत अजित पवार के स्थान पर फडणवीस मंत्रिमंडल में शामिल हुई हैं। श्री पवार राज्य मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री थे। उनका 28 ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या जेल से बंदी भागने में तीन और जेलकर्मी निलम्बित

❐ इनमें डिप्टी जेलर व दो बंदी रक्षक शामिल, अब तक 14 जेलकर्मियों पर हो चुकी छुट्टी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। अयोध्या जेल से दो बंदियों के फरार होने के मामले में डीजी जेल पीसी मीणा ने डिप्टी जेलर राजू उर्फ राजदीप, प्रधान बंदी रक्षक प्रभुनाथ कुमार और बंदी रक्षक दीपक कुमार पांडेय को भी निलंबित कर दिया है। इन तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। अयोध्या जेल से दो बंदी गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज और शेर अली 28 जनवरी की रात बैरक में सेंध लगाकर भाग निकले थे। इन दोनों पर हत्या, डकैती, दुष्कर्म और जानलेवा हमले के कई मुकदमे दर्ज हैं। इस प्रकरण को कारागार मुख्यालय ने संज्ञान लेकर पहले दिन ही जेलर जितेंद्र यादव समेत 11 जेलकर्मियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में एक और जांच रिपोर्ट पर डिप्टी जेलर समेत तीन और कर्मियों को निलंबित किया गया। अब तक इस मामले में 11 जेलकर्मी निलंबित किए जा चुके हैं।

### जेल से रवि काना की रिहाई पर जेलर निलम्बित

**लखनऊ।** बांदा जेल से स्क्रैप माफिया रविंद्र सिंह उर्फ रवि काना की रिहाई के मामले में डीजी जेल पीसी मीणा ने जेलर विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बांदा जेल अधीक्षक की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जांच में सामने आया कि इस मामले में बी-वारंट पर तलब होने के संबंध में जानकारी होने के बाद भी रवि काना को जेल से रिहा कर दिया गया था। कोर्ट ने भी इस मामले में नाराजगी जताते हुए कहा था कि क्यों न जेलकर्मी के खिलाफ अभियुक्त को हिरासत से भगाने का मुकदमा चलाया जाए।

रवि काना जेल से रिहा होते की गायब हो गया था। इसके बाद ही इस मामले ने और तूल पकड़ लिया था। इस मामले में जेल प्रशासन यह कहकर बचाव करता रहा कि वारंट बी जेल तक नहीं पहुंचा था। इसलिए उसकी रिहाई नहीं रोकी जा सकती थी। डीजी जेल पीसी मीणा ने प्रकरण की विस्तृत जांच डीआईजी जेल प्रयागराज क्षेत्र राजेश श्रीवास्तव को सौंपी थी। साथ ही जेल अधीक्षक ने प्राथमिक रिपोर्ट मांगी थी। जेल अधीक्षक की प्राथमिक रिपोर्ट में जेलर विक्रम सिंह को लापरवाही बरतने का आरोपी बताया गया। इस पर ही जेलर को निलंबित कर दिया गया। कारागार विभाग के सूत्रों के मुताबिक इस प्रकरण की विस्तृत जांच रिपोर्ट मिलने पर कुछ और जेल कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। यह भी देखा जा रहा है कि रवि काना से मिलाई करने वालों में कौन लोग आते थे। मिलाई का नियम पूरा किया जाता था अथवा नहीं।

### कफ सिरप मामले में भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

सोनभद्र। कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी में संलिप्त भोला प्रसाद जायसवाल के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई जारी है। पूर्व में 28.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त किए जाने के बाद अब सोनभद्र पुलिस ने करीब 5.77 करोड़ रुपये की और संपत्ति कुर्क कर ली है। इस तरह अब तक तस्कर की कुल 34.27 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज एफआईआर के तहत आरोपी प्रहलाद घाट के कायस्थ टोला निवासी भोला प्रसाद के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 23 जनवरी को पहले ही 28.50 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की जा चुकी थी। इसके बाद धारा 68-एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वाराणसी जनपद में अभियुक्त और उसके परिजनों की संपत्तियों पर कुर्की की गई। शनिवार ● शेष पेज 11 पर

# यूपी को फार्मास्यूटिकल व मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की पहल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन को करेंगे फार्मा कान्क्लेव 1.0 का शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन फरवरी को लखनऊ में फार्मा कान्क्लेव 1.0 इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटीज इन उत्तर प्रदेश का शुभारंभ करेंगे। यूपी को इन सेक्टनों को हब बनाने की तैयारी है। उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी की ओर से पहली बार एक होटल में आयोजित फार्मा कान्क्लेव 1.0 में फार्मा इंडस्ट्री की अग्रणी कंपनियां प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को लेकर मंथन करेंगी। यूपी को फार्मास्यूटिकल व मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा। कान्क्लेव को केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो के माध्यम से संबोधित करेंगे।

एफएसडीए सचिव व आयुक्त डा. रोशन जैकब के अनुसार प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए फार्मा व मेडिकल डिवाइस सेक्टर को रीढ़ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार बुनियादी ढांचे, नीतिगत सुधारों व निवेशकों के अनुकूल वातावरण पर लगातार काम कर रही है। फार्मा कान्क्लेव 1.0 में विभिन्न देशों की अग्रणी फार्मा कंपनियां हिस्सा लेंगी। इनमें रामकी ग्रुप के चेयरमैन व राज्यसभा सदस्य अयोध्या रामी रेड्डी, सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप सांघवी, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डा. रेड्डीज के चेयरमैन डा. सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पंकज आर पटेल और टोरेंट फार्मा के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता भी शामिल होंगे। कान्क्लेव के सत्रों में एमएसएन लेबोरेटरीज के एमएसएन रेड्डी, डाबर के निदेशक आदित्य वर्मन, एलकेम के निदेशक ● शेष पेज 11 पर

**भाजपा सरकार बनी तो सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में ममता शासन के भ्रष्टाचार की होगी जांचः गृहमंत्री**

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बंगाल में भाजपा सरकार जरूरीः अमित शाह

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। साथ ही भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा से जुड़े कदमों को जानबूझकर रोका जा रहा है।

शनिवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में टीएमसी सरकार का जाना तय है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का गठन सिर्फ राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है। अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह से घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का बड़ा मुद्दा बन चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसका वोट बैंक हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य का प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को रोक नहीं रही है। फर्जी दस्तावेज बनाकर इन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों में भेजा जा रहा है। कोलकाता के आनंदपुर इलाके में मोमो फैक्ट्री में हाल में लगी आग का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यह हादसा नहीं, बल्कि ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अबतक फैक्ट्री मालिकों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? क्या इसकी वजह सत्तारूढ़ दल से उनकी नजदीकी है? उन्होंने पूछा कि क्या बंगाल में प्रशासन पूरी तरह खत्म हो चुका है? अमित शाह ने टीएमसी पर मतुआ और नामशूद्र समुदाय को डराने का भी आरोप लगाया। उन्होंने इन समुदायों को भरोसा दिलाया कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है और कोई भी उनके वोट को नहीं छू सकता। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने ममता



बनर्जी को चुनौती दी कि यदि वह गंभीर हैं, तो विधानसभा चुनाव में दागी मंत्रियों को टिकट न दें। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा को चुनाव में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिलेंगे और पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। गृह मंत्री ने टीएमसी पर संसद में 'वंदे मातरम्' पर चर्चा का विरोध करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि यह सब घुसपैठियों को खुश करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने जनता से टीएमसी शासन को उखाड़ फेंकने और बंगाल में देशभक्तों व राष्ट्रवादियों की सरकार बनाने की अपील की। उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता और कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार पूरी तरह संस्थागत हो चुका है और इसकी कीमत आम जनता चुका रही है। कोलकाता के आनंदपुर वेयरहाउस अग्निकांड का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि टीएमसी सरकार के भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना एनओसी के आर्द्रभूमि पर गोदाम बनाए गए, गोदाम अंदर से बंद था, जिसके कारण कई लोग जिंदा जल गए। उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक फैक्ट्री मालिक की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई और क्या इसकी वजह सत्तारूढ़ दल से उनकी नजदीकी है। अमित शाह ने कहा कि इस घटना में 25 नागरिकों की मौत हो चुकी है और 27 लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 32 घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंचीं, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवारों से मिलने गए भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने अत्याचार किए। अमित शाह ने कहा कि 'वंदे मातरम्' की जन्मभूमि बंगाल में आज उसी की अस्मिता पर हमला हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष में संसद के भीतर टीएमसी ● शेष पेज 11 पर

# अवैध डेरियों के खिलाफ नगर निगम का सख्त अभियान, 21 पशु जब्त

❒ विशेष अभियान के तहत जारहारा, सुगामऊ रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में चला अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शहरी स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम लखनऊ द्वारा शनिवार को जोन-7 के अंतर्गत इंदिरानगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित डेरियों के विरुद्ध सघन एवं सख्त अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में की गई।

विशेष अभियान के तहत जारहारा, सुगामऊ रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध डेरियों पर कार्रवाई की गई, जिससे डेरी संचालकों में हड़कंप मच गया।अभियान के दौरान कुल 16 भैंस एवं 5 गाय जब्त की गईं। जब्त किए गए सभी पशुओं को आलमबाग स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित जुर्माना एवं नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के बाद ही पशुओं को छोड़ा जाएगा। यह कार्रवाई स्थानीय नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिसमें डेरी संचालकों द्वारा गोबर को खुले प्लॉटों में फेंकने तथा नालियों में बहाने की शिकायतें सामने आई थीं।

इससे क्षेत्र में गंदगी, जलभराव एवं मच्छरजनित बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई थी।नगर निगम ने जानकारी दी कि नगर निगम अधिनियम 1959 के प्रावधानों के अनुसार शहरी सीमा के भीतर भैंस पालन पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि भैंसों को अपदूषण कारक पशु की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, गाय पालन के लिए भी स्पष्ट नियम निर्धारित हैं, जिनके तहत केवल अधिकतम दो गायों को वैध लाइसेंस के साथ रखने की अनुमति है। नियमों का उल्लंघन करने वाले डेरी संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

# जीपीसीएल इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव

❒ शिक्षा व अनुशासन से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। रमेश कुमार वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शिक्षा के क्षेत्र में बछरावां नगर ही नहीं वरन जनपद के अग्रणी जीपीसीएल इंटर कॉलेज में आज हर्षोल्लास के साथ तृतीय वार्षिक उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव की शुरुआत वाग्देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया गया।

वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी शिक्षक विधायक ने अपने अभिभाषण के दौरान शिक्षकों व छात्रों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आईएएस अनुराग वर्मा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। वही कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बच्चों को वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दी। वहीं इसके साथ ही साथ अच्छी शिक्षा अर्जित करने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट व्यक्तित्व के अतिथि समाजसेवी बी डी सिंह ने अपने संबोधन में आगामी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में प्रथम आने वाले छात्रों के लिए पुरस्कार की घोषणा भी की। इस मौके पर आगंतुक अभिभावकों व गणमान्य लोगों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत कुमार वर्मा व विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा किया गया। वार्षिक उत्सव में विद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति के बारे में अभिभावक को व गणमान्य लोगों को अवगत कराया। इस वार्षिक उत्सव के दौरान इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा मां भारती, सेना से संबंधित व राधा कृष्ण की झांकियों का सजीव चित्रण किया गया। वहीं इसके साथ ही साथ प्राथमिक कक्षाओं की छात्रों ने बहुत ही मनमोहक जादू झांकी का मंचन किया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के शिक्षक राजीव मिश्रा ने किया। विद्यालय के प्रबंधक रमेश कुमार वर्मा द्वारा लगभग 22 वर्षों से शिक्षा की सतत ज्योति क्षेत्र में जलाई जा रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, राम हर्ष वर्मा, उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक शिक्षाविद भगवान कुमार अवस्थी, बीएमडी विद्यापीठ के प्रबंधक ओम प्रकाश, अमन बुक डिपो के संचालक अखिलेश वर्मा, वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अहि बरन चौधरी, विवेक यादव, अनूप कुमार वर्मा, सुरेश चौधरी, जयदृथ चौधरी बृजमोहन चौधरी मौजूद रहे।

## सजीव झांकियों के साथ सीता स्वयंवर ने मोहा मन, कथा पंडाल जयकारों से गूंजा

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा के अद्भुत वातावरण में डूबा रहा। इस दौरान मनमोहक और सजीव झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा कथा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। जन्मोत्सव के पश्चात लवकुश ने अपनी धर्मपत्नी कविता वर्मा के साथ भगवान श्री नारायण की विधिवत आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस खुशी के माहौल में श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर चंदन सिंह अपने दर्जनों कथा प्रेमियों के साथ कथा पंडाल पहुंचे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण किया और कथावाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया, दक्षिणा अर्पित की तथा भंडारे में सहयोग कर आशीर्वाद लिया।

## केशव भवन में आरएसएस पदाधिकारियों संग समाज से जुड़ी मांगों पर परिचर्चा करेगा महादलित परिसंघ

**कानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रविवार को महादलित परिसंघ समाज से संबंधित ऐतिहासिक, सामाजिक और अधिकारों से जुड़े विषयों पर बैठक कर विस्तार से चर्चा करेगी। प्रमुख मांगों में अमर शहीद गंगू मेहतर वाल्मीकि की आदमकद प्रतिमा कानपुर के चुन्नीगंज चौराहे पर स्थापित कराए जाने की मांग शामिल है, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और योगदान से प्रेरणा ले सकें। यह बातें शनिवार को परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबन रावत ने कही।महादलित परिसंघ (भारत) के पदाधिकारियों ने आज परेड स्थित कानपुर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि 1857 की आज़ादी की लड़ाई के अमर सेनानी एवं मेहतर/वाल्मीकि समाज के कुल नायक अमर शहीद गंगू मेहतर वाल्मीकि से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर उत्तर प्रदेश महादलित परिसंघ एवं उसके सहयोगी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक एक फरवरी को कानपुर स्थित संघ भवन (केशव भवन) में आयोजित की जाएगी।इसके साथ ही गंगू बाबा की जीवनी को उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल कराने की मांग उठाई जाएगी, जिससे इतिहास में उपेक्षित रहे महापुरुषों को उचित सम्मान मिल सके। वर्षों से बंद पड़े राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पुनर्गठन की मांग भी प्रमुख रूप से रखी जाएगी।इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सभी शहरों में वाल्मीकि अंबेडकर आवास योजना के तहत वाल्मीकि बस्तियां बसाने, साथ ही महादलित वाल्मीकि समाज को विभिन्न बोर्डों, निगमों एवं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में समुचित प्रतिनिधित्व दिलाने का मुद्दा भी बैठक में उठाया जाएगा।बबन रावत ने बताया कि एक फरवरी को उत्तर प्रदेश महादलित परिसंघ एवं सहयोगी संगठनों के 151 प्रतिनिधियों की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन आरएसएस के प्रांत प्रचारक/क्षेत्र प्रचारक को सौंपा जाएगा। यह बैठक समाज के सम्मान, अधिकार और भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## पूर्व मंत्री से 50 लाख की ठगी करने वाला दम्पत्ति गिरफ्तार

**फिरोजाबाद ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अशोक यादव के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले दम्पत्ति को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।मामला थाना शिकोहाबाद क्षेत्र से जुड़ा है। वर्ष 2019 में शिकोहाबाद के एक मुहल्ले में रहने वाली महिला ने पूर्व मंत्री अशोक यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में पूर्व मंत्री पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। आरोप है, बाद में महिला ने पूर्व मंत्री से पैसे लेकर समझौता कर लिया। पूर्व मंत्री ने रुपये देते हुए की वीडियो बनवा ली थी। साथ ही रुपये लेकर समझौते की बात भी लिखवा ली। इसके बाद पूर्व मंत्री ने प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने महिला व उसके पति पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। इस मुकदमे की जांच जिले की क्राइम ब्रांच कर रही थी।प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा प्रमोद कुमार ने थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज कुमार के साथ शनिवार को आरोपित दम्पत्ति को गिरफ्तार कर लिया। इन पर षड्यंत्र के तहत ब्लैकमेल व गुमराह कर धोखाधडी से 50 लाख रुपए ऐंठने का आरोप है। पुलिस ने इन्हें जेल भेजा है।

## विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**कानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त कार्यालय दुर्गा भवन श्री मुनि हिन्दू इण्टर कालेज गोविन्द नगर में बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन 27 लीग मुकाबले खेले गए, जिनमें 21 जिलों से आई टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, प्रान्त कार्याध्यक्ष डा. उमेश पालीवाल, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, बजरंग दल प्रान्त संयोजक आचार्य अजीतराज, जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव वी.एस. गहलोत द्वारा श्रीराम दरबार का पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कबड्डी भारतीय परम्परा से जुड़ा ऐसा खेल है, जिसके मूल तत्व में अनुशासन, साहस, संयम और सामूहिकता है। यह खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ मानसिक दृढ़ता और संगठन भाव भी विकसित करता है। मुख्य रेफरी वीर सिंह गहलोत के साथ देवेंद्र त्रिपाठी, उमा, रागिनी एवं राघवेंद्र सिंह ने निष्पक्ष रूप से मुकाबलों का संचालन किया।प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने बताया कि रविवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।इस दौरान प्रान्त सह संयोजक अमरनाथ, शुभम कौशिक, विभाग संयोजक नरेश तोमर, सूरज, ओमेंद्र अवस्थी, विभाग संगठन मंत्री मनीष, विकास, ऋषभ, सोमेंद्र जिला संगठन मंत्री गोपाल, जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश त्रिवेदी, जिला मंत्री नितिन जगरानी सहित पूरे प्रान्त से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपहरण मामले में फौजी सहित चार को 10-10 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** न्यायालय ने शनिवार को अपहरण के दोषी फौजी सहित चार लोगों को 10 - 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर चारों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना दक्षिण के क्षेत्र महावीर नगर निवासी राजा उर्फ राजेंद्र राठौर 11 सितंबर 2022 को अपने साथी के साथ हिमांयूपुर निवासी रिचा शर्मा के घर किसी काम से गए थे। उसी दौरान संजू फौजी पुत्र रमेश चंद्र अपने भाई विशाल उर्फ राजू साथी संजय पुत्र जाहर सिंह निवासी नाले की पुलिया वाली गली हिमांयूपुर तथा देवेंद्र राठौर पुत्र राजबहादुर निवासी सब्जी मंडी हिमायूंपुर वहां पहुंच गए। संजू का रुपयों के लेनदेन को लेकर राजेंद्र का विवाद चल रहा था। संजू के पास असलहा था। रिवॉल्वर के बल पर वह लोग राजेंद्र को अगवा कर ले गए। राजेंद्र के भाई आकाश कुमार राठौर ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।बाद में पुलिस ने अपहृत को बरामद कर लिया। पुलिस ने विवेचना के बाद उनके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।मुकदमा अपर सत्र न्यायधीश कोर्ट संख्या एक सुनील कुमार सिंह द्वितीय की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता शीलेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने की। उन्होंने बताया कि मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए।

# डॉ. श्रवण कुमार मौर्य की उपलब्धि पर त्यौंथर और रीवा जिले के लिए गर्व की बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । त्यौंथर जिला रीवा आठवीं राष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता पुणे महाराष्ट्र में डॉ0 श्रवण कुमार मौर्य ने म0 प्र0 का प्रतिनिधित्व करते हुए 40+ वर्ग में 2 स्वर्ण पदक तथा 1 कांस्य पदक जीता।

जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र प्रान्त के पुणे में आयोजित 8वीं राष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता में शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय त्यौंथर के क्रीड़ा अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ श्रवण कुमार मौर्य ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक, ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक तथा डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता। डॉ0 मौर्य ने बताया कि उम्र किसी भी सपने को पूरा करने के लिए बाध्यता नहीं है बस सच्ची लगन से मेहनत की जाए तो हर सपने को पूरा किया जा सकता है। डॉध मौर्य ने सफलता का श्रेय अपने प्राचार्य तथा सहकर्मियों को दिया जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मनोबल बढ़ाया साथ ही अपने परिवार को भी श्रेय देते हुए बताया कि परिवार ने ट्रेनिंग तथा डाइट का ध्यान रखा जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर सके तथा अपने विद्यार्थियों को भी धन्यवाद प्रेषित किया जिन्होंने कठिन ट्रेनिंग में उनका सहयोग किया। डॉ0 मौर्य की उस उपलब्धि पर त्यौंथर तथा जिले के खेल प्रेमियों तथा शुभ चिंतकों ने महाविद्यालय,जिला तथा प्रदेश का मान बढ़ाने हेतु हर्ष प्रदर्शित किया साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सीएचसी ऊंचाहार में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी द्वारा बालिकाओं को बेबी किट और मिठाई वितरित कर जन्मोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा अपने वक्तव्य में बताया गया कि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना ही नए भारत की नींव है।

बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा एवं अधिकारों पर जोर दिया गया तथा समाज से बाल विवाह न करने की अपील की गई। महिलाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए हमेशा सजग और जागरूक रहना चाहिए और हमेशा नई सोच के साथ अपने परिवार का पालन पोषण करना चाहिए। शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभप्रद योजनाओं का लाभ लेने के लिए सदैव तत्पर रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा द्वारा उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक किया गया तथा बच्चियों एवं महिलाओं संबंधी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन 181, 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे रोकने हेतु कानूनी प्रावधानों और विभागीय प्रयासों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ संजीव पांडे, कनिष्ठ सहायक रामकरण, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, काउंसलर श्रद्धा सिंह, एमटीएस दीप्ति मिश्रा, उजमा, सानिया, कमलकांती, सोफिया,आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कैदियों की समस्याओं को सुना। सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया गया।

## सूचना

ठाकुरगंज मल्लाही टोला स्थित मकान नंबर 444/155 निवासी सिद्धार्थ गौतम अपने पुत्र का वास्तविक नाम रिवान गौतम बताया है। जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश पुत्र का नाम अयांश वर्धन अंकित हो गया है। उक्त त्रुटि के कारण भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम को संशोधित कर रिवान गौतम के नाम से जाना और पहचाना जाए।

# प्रयागराज एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई: अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ एसटीएफ ने 55 लाख की अंग्रेजी शराब की बरामद

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश एसटीएफ को अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ प्रयागराज इकाई ने जौनपुर जनपद के सिकरारा थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्तों के कब्जे से 435 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपये बताई जा रही है, तथा तस्करी में प्रयुक्त आइसर डीसीएम वाहन बरामद किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पंकज पाल उर्फ टीटू (निवासी मुरादाबाद, चालक) एवं प्रिन्स श्रीवास्तव उर्फ सिन्टू (निवासी वाराणसी, सहयोगी) के रूप में हुई है। एसटीएफ ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह करीब 06:15 बजे मछलीशहर-जौनपुर नेशनल हाईवे पर आयुष्मान आरोग्य उपकेन्द्र के निर्माणाधीन भवन के सामने की।एसटीएफ को सूचना मिल रही थी कि हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ से अवैध अंग्रेजी शराब यूपी के रास्ते बिहार व झारखंड भेजी जा रही है। सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आइसर डीसीएम को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में सड़े अंडों और खाली ट्रे की आड़ में शराब की पेटियां छुपाकर रखी गई थीं।पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे एक संगठित गिरोह के लिए काम कर रहे थे, जिसके सरगना प्रवीण कुमार (कुरुक्षेत्र, हरियाणा) और राजेन्द्र सिंह (चंडीगढ़) बताए गए हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से तस्करों के बीच संपर्क कर माल की डिलीवरी तय की जाती थी।गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मु.अ.सं. 38/2026, धारा 319(2), 318(2), 338, 336(2), 340(2) बीएनएस एवं 60(1)/63/72 आबकारी अधिनियम के तहत थाना सिकरारा, जनपद जौनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## कपड़े के झोले के प्रयोग से कम होगा प्लास्टिक कचरा : महापौर

अयोध्या । स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चित्रगुप्त वार्ड में डस्टबिन एवं कपड़े के झोले वितरण कार्यक्रम का आयोजन रायबरेली रोड स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई कंजर्व तथा नगर निगम के सहयोग से किया।मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि कपड़े के झोलों का उपयोग न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यवहारिक समाधान भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने रंग आधारित डस्टबिन प्रणाली पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गीला कचरा हरे डस्टबिन तथा सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालने से कचरा प्रबंधन की पूरी श्रृंखला सरल, वैज्ञानिक और प्रभावी बनती है।महापौर ने कहा कि स्रोत पर कचरा पृथक्करण से ही अयोध्या को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ नगर के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस कार्य में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव एवं अभिषेक सिंह टोनू ने भी स्वच्छता अभियानों को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल ने बताया कि कचरा पृथककरण से बीमारियों की रोकथाम में सहायता मिलती है।

# मण्डलायुक्त ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण बीएलओ को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मण्डलायुक्त, रोल ऑब्जर्वर सौम्या अग्रवाल ने शनिवार को निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 262, इलाहाबाद उत्तर के मतदान केन्द्र राजकीय काष्ठकला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कटरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 139 से 146 तक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने एसआईआर के तहत नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस दिए जाने, उनकी सुनवाई तथा अर्ह मतदाताओं से प्राप्त फार्म-6 की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीएलओ एवं एईआरओ को निर्देशित किया कि फार्म-6 ऑफलाइन या ऑनलाइन प्राप्त होते ही तत्काल अपलोड कर फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट सब्मिट की जाए।मण्डलायुक्त ने बीएलओ से यह भी जानकारी प्राप्त की कि कितने मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं तथा कितने नोटिसों की तामील हो चुकी है। उन्होंने नोटिस की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराते हुए सुनवाई के उपरांत समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में नाम, आयु, लिंग आदि से संबंधित कोई त्रुटि हो तो उसके संशोधन हेतु घोषणा-पत्र सहित फार्म-8 भरवाया जाए। यदि किसी मतदाता का फोटो धुंधला, काला, आकार में छोटा या अधिक पुराना है, तो उसकी नवीनतम फोटो अपडेट कराई जाए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर फार्म-8 के माध्यम से तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद भी किया। मतदाताओं ने बताया कि फार्म-6 एवं फार्म-8 भरने में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है तथा बीएलओ द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।इस अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी सदर डॉ. गणेश कनौजिया, तहसीलदार अनिल पाठक, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **23.02.2026** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | **27-DyCEE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 31.01.2026** |
| 2 | निविदा संख्या | **27-DyCEE-GSU-LKO-2025-26** |
| 3 | **कार्य का नाम :** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अन्तर्गत उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में स्थित जौनपुर जं०, प्रतापगढ़ जं०, रायबरेली जं०, सुल्तानपुर व उन्नाव जं० स्टेशनो पर 17 लिफ्टों के लिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 68,65,537.43 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 1,37,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 09.02.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.02.2026 11:30 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :— निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **354/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **20.02.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | **00132026 दिनांक 29.01.2026** | | |
| निविदा सं. | **19-Sr.DEN-II-LKO-2025-26** | | |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता (द्वितीय), लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में स्थित चौखंडी स्टेशन के लाइन नंबर 4 पर दोनों तरफ शंटिंग नेक का कार्य प्रस्तावित है। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,64,53,488.12 | धरोहर राशि | ₹2,32,300/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 06.02.2026 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.02.2026 को 15:00 बजे | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **317/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **23.02.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना सं. | **00162026 दिनांक 30.01.2026** |
| निविदा सं. | **20-Sr.DEN-II-LKO/2025-26** |
| कार्य का नाम | Sr. ADEN-PBH के अंतर्गत JNH-ZBD खंड में KJTW, SPPR, WRGN, VNN, KTWR, JUA Halt स्टेशन पर सेवा भवनों, पीएफ सतह, शौचालय, जल आपूर्ति और एलसी गुमटी, सड़क सतह, बाड़ की मरम्मत का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹89,99,664.28 |
| धरोहर राशि | ₹1,80,000/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 10 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 09.02.2026 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.02.2026 को 15:00 बजे |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **352/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथों का किया निरीक्षण

❒ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर सभी बूथों पर आज शनिवार को विशेष शिविरों का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राफ्ट नामावलियों का प्रकाशन कराया जा चुका है। जिसके पश्चात बीएलओ द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित रह कर अपने बूथ की मतदाता सूची के साथ कार्य, दावे एवं आपत्तियां लेने और नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म 6 व घोषणा पत्र के द्वारा आवेदन कराया जा रहा है।

पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जनपद के सभी बूथों पर आज शनिवार को विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों (उख्र) द्वारा अपने बूथ से संबंधित मतदाता सूची लेकर उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त बीएलओ व सुपरवाइजर द्वारा बूथ पर ड्राफ्ट मतदाता सूची के साथ उपस्थित रह कर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं दावे आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य भी किया गया। विशेष शिविरों के संचालन का अवलोकन करने के लिये जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 द्वारा विधानसभा 169 बीकेटी एवं विधानसभा - 170 सरोजनीनगर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा 169 बीकेटी के कुर्सी रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय गुडंबा के बूथ संख्या 328, 329 एवं 330, मिश्रीपुर स्थित अब्राहम पब्लिक स्कूल के बूथ संख्या 326 एवं 327 का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बेसिक विद्यालय पैकरामऊ स्थित बूथ संख्या 313, 314, 315 एवं 316 का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा 170 सरोजनीनगर स्थित एल्डिको दिल्ली पब्लिक स्कूल के बूथ संख्या 376, 377, 378, 379, 380, 381 एवं 382 का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ के माध्यम से फार्म 6 व घोषणा पत्र के द्वारा नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए किए जा रहे आवेदन की प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर, अटल रन फॉर राम का भव्य आयोजन

❒ यह आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल भावना को प्रोत्साहित करने को लेकर आयोजित हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को अटल लखनऊ खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित अटल रन फॉर राम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

यह आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री बृजेश पाठक जी, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय सदस्य विधान परिषद आदरणीय श्री महेंद्र सिंह जी, माननीय सदस्य विधान परिषद श्री अंगद सिंह जी, आदरणीय श्री अवनीश सिंह जी, माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी जी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एबीवीपी प्रांत संगठन मंत्री श्री अंशुल विद्यार्थी जी, क्रीड़ा भारती लखनऊ महानगर के उपाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल जी, क्रीड़ा भारती की कोषाध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा रस्तोगी जी, श्री निर्मल सिंह जी, श्री प्रशांत भाटिया जी, श्री गोविंद पाण्डेय जी, श्री अभिषेक कौशिक जी, श्री प्रवीण गर्ग जी एवं अन्य अनेक गणमान्यजन कार्यक्रम में शामिल हुए।अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित की गईं।इसके साथ ही 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर श्री अनिल अग्रवाल जी के विद्यालय सेंट जोसेफ द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता के लिए सभी ने हार्दिक बधाई एवं प्रशंसा व्यक्त की।

# न्यू हैदरगंज में बुद्धेश्वर पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। न्यू हैदरगंज द्वितीय एवं तृतीय वार्ड में शनिवार को बुद्धेश्वर पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से इस आधुनिक सुविधा को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ नगर निगम एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान से जुड़े अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में पार्षद धर्मेंद्र सिंह , पार्षद विनोद यादव , मंडल उपाध्यक्ष ज्योति सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव , जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, लखनऊ स्वच्छता अभियान के प्रोजेक्ट हेड श्री अभय रंजन, ए.के. वर्मा तथा मंच संचालिका शालिनी अग्रवाल जी सहित नगर निगम और लखनऊ स्वच्छता अभियान की पूरी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने इस पहल को शहर की स्वच्छता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम लखनऊ स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर नवाचार कर रहा है। पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन के माध्यम से कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है। इससे खुले में कचरा फेंकने की समस्या से निजात मिलेगी और क्षेत्र की साफ-सफाई में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह ट्रांसफर स्टेशन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के अंतर्गत लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. द्वारा संचालित किया जा रहा है। लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर के पांच जोनों में अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के लिए यह अनुबंध दिया गया है, जिसके अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सेकेंडरी कलेक्शन एवं परिवहन, सड़क और गलियों की सफाई, नालियों की सफाई तथा पोर्टेबल एवं फिक्स्ड कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण एवं संचालन शामिल है। कुल 35 साइटें प्रस्तावित हैं, जिनमें से 19 साइटें पूर्ण कर चालू कर दी गई हैं। न्यू हैदरगंज द्वितीय एवं तृतीय वार्ड की यह 20वीं साइट है, जिसका उद्घाटन किया गया। शेष 15 साइटों पर निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जिन्हें फरवरी/मार्च 2026 तक पूर्ण कर संचालन में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन में दो पोर्टेबल कम्पैक्टर लगाए गए हैं, जिनकी हाइड्रोलिक क्षमता 20 घन मीटर है। निर्माण वाहन हाइवा कंपनी के हैं, जबकि वाहक वाहन की क्षमता 15 से 16 घन मीटर है। ट्रक भारत बेंज कंपनी के हैं, जिनकी लोडिंग क्षमता 35 जीवीडब्ल्यू है।

# रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को मारी गई गोली

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में रेस्टोरेंट संचालक रिटायर्ड वायुसेना के अधिकारी को शुक्रवार की रात गोली मार दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार मूल रूप से संतकबीर नगर के रहने वाले अवधेश पाठक वर्तमान में गोसाईंगंज कोतवाली के गांव कबीरपुर गांव में निवास कर रहे थे।मृतक वायुसेना से सेवानिवृत्त अधिकारी थे। वे अपनी पत्नी मिथलेश पाठक के साथ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के शॉपिंग स्क्वायर सेक्टर-डी में रसोई बाय माँ के नाम से रेस्टोरेंट चलाते थे। वहां से खाने पीने का सामान पार्सल किया जाता है। वे शुक्रवार की रात लगभग 10.30 बजे रेस्टोरेंट बंद करने के समय कुछ सामान वहां से निकालकर कार में रखने गए थे उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से आये। एक व्यक्ति अवधेश से कुछ बात करने लगा। उसी समय दूसरे व्यक्ति ने गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों व्यक्ति मौक से फरार हो गए। अवधेश घायल अवस्था मे रेस्टोरेंट के अंदर कार्य कर रही पत्नी की तरफ भागे।पत्नी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।इस सम्बंध में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ।मामले के खुलासे के लिए आठ टीमें लगाई गई है।

## असंगठित श्रमिकों एवं लघु व्यापारियों के लिए विशेष पंजीयन अभियान शुरू

लखनऊ। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं लघु व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, उत्तर प्रदेश शासन एवं उत्तर प्रदेश राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा जारी पत्रों के माध्यम से दी गई है। अभियान के अंतर्गत पात्र असंगठित श्रमिकों एवं स्व-नियोजित व्यापारियों का ख्रथद्बदद्धथद्ब पोर्टल पर पंजीयन कर उन्हें वृद्धावस्था में नियमित पेंशन की सुविधा से आच्छादित किया जाएगा।

## डॉ. विष्णु श्रीवास्तव को मिला एलपीए बेस्ट लाइब्रेरियन अवार्ड-2026

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उ.प्र.पुस्तकालय संघ लखनऊ शाखा के वरिष्ठ सदस्य और उच्च न्यायालय इलाहाबाद के डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. विष्णु श्रीवास्तव को राजीव गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय,अरुणांचल प्रदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऋ-खग्इख्र 2026 के अवसर पर कुलपति प्रो.एस के नायक और एलपीए के अध्यक्ष डॉ.रामानन्द मालवीय,सेक्रेटरी डॉ.सलेक चंद और डॉ. सुधीर कुमार जेना की उपस्थिति में एलपीए बेस्ट लाइब्रेरियन अवार्ड- 2026 (विशिष्ट श्रेणी) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें कानूनी सेवाओं के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व और संस्थागत योगदान के लिए दिया गया।डॉ. विष्णु श्रीवास्तव लखनऊ विश्वविद्यालय के अलुमनाई हैं और विगत 28 वर्षो से उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पुस्तकालय में कार्यरत हैं।

## शांति और सौहार्द का संदेश: नगराम थाने में पीस कमेटी की बैठक

**नगराम, लखनऊ, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि एवं होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को नगराम थाना परिसर में पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय ने की।



बैठक में सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा शांति व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान, मौलवी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।एसीपी विकास पाण्डेय ने सभी से प्रशासन का सहयोग करने, अफवाहों से दूर रहने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी विवेक चौधरी, समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत, विकास पटेल, विनोद कुमार, शकील अहमद सहित कई अन्य सम्मानित लोग शामिल हुए।

## नहर पटरी पर मिला अज्ञात शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में सुल्तानपुर रोड के किनारे नहर पटरी पर शनिवार की शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक सुल्तानपुर रोड से सेखनापुर गांव की ओर जाने वाली सड़क पर नहर की पटरी पर शनिवार की शाम एक अज्ञात 50 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने नहर पटरी पर पड़े व्यक्ति को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक ने काली पैंट, नीली सफ़ेद पट्टी वाली जैकेट पहन रखी थी। मृतक ने पीली साल भी ओढ़ रखी थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

# अमरेन्द्र भारद्वाज के अथक प्रयासों से बारात घर बनकर तैयार, क्षेत्रवासियों को जल्द मिलेगी बड़ी सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। गोसाईंगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम अनैया खरगापुर के क्षेत्रवासियों के लिए खुशी की खबर है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड से लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से बन रहा बारात घर अब अति शीघ्र बनकर तैयार होने जा रहा है, जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को जल्द मिलेगा।

इस महत्वपूर्ण जनोपयोगी परियोजना को साकार कराने में जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज के अथक प्रयासों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड से निर्मित यह बारात घर क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और बहुत जल्द इसे आम जनता के लिए सार्वजनिक कर दिया जाएगा। शनिवार को जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य देख रहे सिविल इंजीनियर एस.के. मौर्य एवं एजीएम रितेश सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के समय हरिकृष्ण भारद्वाज भी साथ रहे। अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्र पूर्णता का भरोसा दिलाया ।क्षेत्रवासियों ने इस सौगात के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि यह बारात घर सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक बेहतर सुविधा प्रदान करेगा।

# नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे... हो सभी विद्यालयों की प्रार्थना: अश्वनी उपाध्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को अवध विहार योजना में सरयू एन्क्लेव के सामने रोटरी संख्या 8 स्थित पार्क में हुआ द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महंत सिद्धेश्वरानन्द गिरी महराज, विशिष्ट अतिथि कथा वाचक पंडित राम प्रकाश ओझा व मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के प्रख्यात अधिवक्ता व समाजसेवी अश्वनी उपाध्याय ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अरविन्द त्रिपाठी ने किया गया। मुख्य वक्ता अश्वनी उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विद्यालयों में प्रार्थना को बदलकर अब समय आ गया है कि नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे..... होनी चाहिए और हर प्रकार के बदलाव के लिए जन मानस को आगे आना चाहिए द्य सम्पूर्ण देश में मुगलों के नाम पर बनेगली मोहल्लों के नाम परिवर्तन हेतु भारतीय नामकरण आयोग की स्थापना होनी चाहिए द्य मुख्य अतिथि पूजनीय महंत सिद्धेस्वरानन्द गिरि ने मातृशक्ति का आह्वान करते कहा कि उन्हें महाराणा प्रताप, शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई आदि जैसी वीर प्रतापी संतान चाहिए तो उन्हें उनकी माँ जैसा संस्कार भी धारण करना पड़ेगा और देश भक्ति की आग में जलना पड़ेगा द्य कार्यक्रम की सह संयोजिका मीना सिंह ने समाज में अनुकूल परिवर्तन हेतु पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला, तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक अनन्त राम मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया और भारत माता की आरती के पश्चात मंच संचालक अरविन्द त्रिपाठी ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की द्य कार्यक्रम में भजन गायिका वंदना मिश्र ने अपने भजनों के माध्यम से सबका मन मोह लिया द्य डॉ पूजा के नेतृत्व में भागीरथी एन्क्लेव की बहनों ने सामूहिक गीत जाग रहा है जन गण मन.. निश्चित होगा परिवर्तन की शानदार प्रस्तुति दी द्य इस अवसर पर लोक भारती के राष्ट्रीय व्यवस्था प्रमुख कमलेश कुमार गुप्ता जी, जिला प्रचारक दौलत जी, नगर संघ चालक डॉ देवेश जी, भाग अपार्टमेंट प्रमुख अरविन्द जी, मंतोष जी, सह नगरकार्यवाह करुणा शंकर सूमेत अन्य लोग मौजदू रहे।

## अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम का सघन अभियान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को विभिन्न जोनों में सघन एवं बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों को



अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना रहा। जोन-1 क्षेत्र में जोनल अधिकारी ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग की 296 टीम द्वारा रानीगंज सराय फाटक के आसपास, नाका थाना क्षेत्र से बासमंडी होते हुए लाटूष रोड एवं कैसरबाग चौराहे तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे और फुटपाथ पर रखे गए अवैध सामान को हटाया गया तथा एक ट्रक सामान जब्त किया गया। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने एवं पन्नी के उपयोग पर 15,000 रुपये तथा मिक्सर मशीन के उपयोग पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे नगर निगम कोष में जमा कराया गया। इसी क्रम में जोन-3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देश पर 296 टीम के साथ फातिमा हॉस्पिटल के पास एवं माउंट कार्मेल स्कूल, महानगर के सामने अवैध रूप से लगाई गई झुग्गी-झोपड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान कथित रूप से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए वहां लगी जुग्गी-झोपड़ियों को ध्वस्त किया गया तथा एक ट्रक बांस जब्त किया गया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक व गंदगी के खिलाफ नगर निगम का सख्त अभियान

❒ 21 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर शनिवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इसी क्रम में जोन-07 क्षेत्र में नगर आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत कुमार राय के नेतृत्व में कंचना बिहारी मार्ग, आलोक दूबे रोड, आदिल नगर कल्यापुर रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित पॉलीथीन और गंदगी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रूपेंद्र भास्कर तथा बृजेश प्रजापति की उपस्थिति रही। टीम द्वारा दुकानों, डेयरियों एवं जनरल स्टोर्स की सघन जांच की गई। जांच के दौरान न्यू श्याम डेरी, सुनील जनरल स्टोर, इंडियन डेरी, मनोज जनरल स्टोर, पंकज जनरल स्टोर सहित कई प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का उपयोग पाया गया। मौके पर ही प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री को जब्त किया गया तथा संबंधित दुकानदारों पर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया गया। इस कार्रवाई में कुल 2.5 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की गई।नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथीन एवं प्लास्टिक के उपयोग पर 10,000 रुपये तथा गंदगी फैलाने के मामलों में 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 21,000 रुपये का जुर्माना वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराया गया।

## इंदिरा नगर क्षेत्र में ओवरहेड टैंकों की सफाई के चलते अस्थायी रूप से प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग द्वारा शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जोन-7 के अंतर्गत इंदिरा नगर क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंकों की नियमित सफाई का कार्य प्रस्तावित किया गया है। इस क्रम में जलकल विभाग ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि निर्धारित तिथियों पर टैंकों की सफाई के कारण कुछ क्षेत्रों में अस्थायी रूप से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलकल विभाग के अनुसार, 2 फरवरी 2026 को बी-ब्लॉक (न्यू) स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई कराई जाएगी। इसके चलते 2 फरवरी 2026 की सायंकाल से इंदिरा नगर बी-ब्लॉक क्षेत्र में जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। इसी प्रकार, 4 फरवरी 2026 को सेक्टर-18 स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य प्रस्तावित है, जिसके कारण 04 फरवरी 2026 की सायंकाल से सेक्टर-18, सेक्टर-15 सहित आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। जलकल विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए अनुरोध किया है कि वे उक्त तिथियों को होने वाली अस्थायी असुविधा को ध्यान में रखे।

# संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ ने वेतन वृद्धि को लेकर दिया एक माह का समय

❒ समस्याओं का निवारण एक माह में नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ केजीएमयू लखनऊ में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक केजीएमयू कैंपस सभागार में संपन्न हुई। जिसमें हजारों कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी समस्याओं को संगठन के समक्ष रखा सर्वप्रथम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री द्वारा बनाए जा रहे निगम की घोषणा की गई थी किंतु 1 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अभी तक निगम मूर्त रूप नहीं ले सका जिससे कर्मचारी आहत और परेशान है।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निगम बनने के नाम पर वेतन बढ़ोतरी एवं प्रतिवर्ष होने वाली वृद्धि को भी रोक दिया गया है जिससे कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल ने कहा कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण एक माह में नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।साथ ही महामंत्री मनोज जी ने कहा चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संगठन के प्रति सहयोग की भावना तो रहती है मगर काम करने के समय निरंकुश हो जाते है बार-बार कर्मचारियों को एजेंसियों के द्वारा शोषण वेतन कटौती आदि समस्याओं के लिए संगठन प्रयास करता रहता है जिसमें विभाग द्वारा सहयोग मिलने के बावजूद भी एजेंसी द्वारा जानबूझकर प्रताड़ित किया जाता है।संगठन के सभी साथियों ने एक साथ हुंकार भरी और जल्द से जल्द निगम बनाने वेतन बढ़ोतरी इंक्रीमेंट और अवकाश जैसी व्यवस्था को लागू करने का आवाहन किया एवं महिला कर्मचारियों का किसी भी तरह से शोषण न हो इसके लिए संगठन हर स्तर पर लड़ने के लिए बाध्य होगा।बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, सतीश चौहान मनोज सिंह,बसंत जी,पाठक जी,विनोद कश्यप, विकास, सुभाष, उमेश जी,आराधना जी, लक्ष्मी जी, काजल जी, रंजना जी राहुल, शैलेन्द्र, संदीप, गीतेश, सचिन, सुनील आदि सभी सम्मानित कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# वित्त मंत्री ने कलेक्ट्रेट में किया अधिवक्ता भवन का लोकार्पण

❐ प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और रोजगार एवं उद्योग को बढ़ावा मिला है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता भवन के जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया। इसके बाद सेंट्रल बार एसोसिएशन के राजीव सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोर्ट बनाने की स्वीकृति शासन से हो गई है, कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इससे वादकारियों और अधिवक्ताओं को सहूलियत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष-2017 से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है, तब से चारों तरफ विकास हो रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और रोजगार एवं उद्योग को बढ़ावा मिला है। कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट के निर्माण से कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। जिससे और तीव्र गति से विकास होगा। कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी होने से विदेश के भी व्यापारी यहां अपना उद्योग स्थापित कर रहे हैं। वहीं, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने वित्त मंत्री के समक्ष मांग रखी गई कि लेबर कोर्ट को निगोही रोड से कलेक्ट्रेट परिसर में शिफ्ट किया जाए। इससे अधिवक्ताओं व वादकारियों को राहत मिलेगी। जिस पर वित्त मंत्री ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि जल्द निस्तारण होगा। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय वर्मा, महासचिव अवधेश तोमर आदि कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## वित्त मंत्री ने अम्बेडकर पार्क के बांउड्रीवाल का किया लोकार्पण

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रामबाग मिश्रीपुर में स्थित डा. अम्बेडकर पार्क व गुरू रविदास पूजा स्थल की बांउड्रीवाल का लोकार्पण किया। इस दौरान गुरू रविदास सभा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में तमाम लोगों ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। लोकार्पण के बाद वित्त मंत्री ने डा. अम्बेडकर पार्क व गुरू रविदास पूजा स्थल परिसर में स्थित संत रविदास, गौतम बुद्ध, संत गाडगे व डा. अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान भावलखेड़ा ब्लाक प्रमुख राजाराम, गुरू रविदास सभा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट, रामप्रकाश, रामपाल चैधरी, राकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दरी उद्योग को नई रफ्तार: जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ओडीओपी-सीएफसी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत बिसवां में स्थापित सीएफसी के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीएफसी की स्थापना, संरचना, क्रियाकलापों आदि विवरण जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत चयनित उत्पाद दरी उद्योग के विकास के लिये सी0एफ0सी0 के माध्यम से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने कॉमन फैसिलिटी सेंटर के सुचारू संचालन के निर्देश भी दिये, जिससे दरी उद्योग से जुड़े उद्यमी बुनकर इसका पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सी0एफ0सी0 हेतु आगामी एक वर्ष के लिये प्रस्तावित कार्ययोजना के लक्ष्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि सी0एफ0सी0 की क्रियाशीलता एवं पारदर्शिता बढ़ायी जाये।नैमिषारण्य क्षेत्र में एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत चयनित दरी उत्पाद के विक्रय हेतु आकर्षक आउटलेट बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि दरी उत्पादों की ब्राडिंग एवं प्रमोशन हेतु ग्लोसाइन बोर्ड स्थापित किये जायें। व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंच के लिये बड़े शहरों जैसे लखनऊ में स्थित शापिंग काम्पलेक्स/मॉल के माध्यम से विक्रय हेतु समुचित कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये, जिससे दरी उद्योग में लगे हुये उद्यमियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनपद के भीतर होने वाले आयोजन में स्वागत में दरी के उत्पाद को दिये जाने को प्रोत्साहित किया जाये। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ओडीओपी योजनान्तर्गत बिसवां में स्थापित सीएफसी के क्रिया कलापों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, सहित संबंधित अधिकारी, सी0एफ0सी0 संचालन समिति के सदस्य व उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ कार सवार गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने अवैध पिस्टल, पांच जिन्दा कारतूस समेत एक कार सवार को गिरफ्तार किया।बीती रात थाना सदर बाजार पुलिस अशफाक नगर चैकी तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग की कार से शहबाजनगर की तरफ से गदियाना चुंगी की तरफ आ रहा है। जिसके पास 32 बोर की नाजायज पिस्टल और कारतूस हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम शहबाजनगर रोड़ पर चांदनी वाली पुलिया के पास पहुंची और कार चालक को नीचे उतरवाकर उसकी तलाशी ली। पुलिस ने कार चालक के कब्जे से 32 बोर की नाजायज पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए। पकड़ा गया अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के श्यामतगंज गौटिया की अशोक बिहार कालोनी का रहने वाला यासीन सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद जहीर है।

# किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में ना छूटे: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान के तहत डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में बूथों का निरीक्षण किया और प्राप्त फार्म-06 का अवलोकन किया। प्राप्त फर्मों का गहन निरीक्षण कर उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि फार्म में मतदाता का अंग्रेजी एवं हिंदी के नाम भरने में विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे फार्म में कोई त्रुटि न हो। फॉर्म भरने के बाद उसे अच्छी तरह जांच लें।

उन्होने कहा कि 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोग फार्म 06 भरकर कर जमा करें। जिससे वोटर लिस्ट में नाम शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाए। इस अवसर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के समापन पर विशिष्ट योगदान देने वाले सम्मानित

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ और समारोह के दौरान सड़क सुरक्षा माह में विशिष्ट योगदान देने वाले विभिन्न विभागीय कर्मचारियों, आपदा मित्रों एवं राहवीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया और कहा कि सड़क सुरक्षा माह के समापन का मतबल यह नहीं हैं कि जन जागरूकता न हो। यातायात नियमों का पालन करना सभी का दायित्व है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए गए प्रयासों एवं सड़क सुरक्षा माह के दौरान जन-जागरूकता के लिए किए गए प्रचार-प्रसार की जानकारी दी। यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय ने लोगों से अपील की कि यदि कोई चालक नशे की अवस्था में हो तो ऐसे वाहन में यात्रा न करें और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहें।

## युवक की सिर कुचलकर हत्या, नगर पंचायत भवन में मिला शव

शाहजहांपुर। थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव रावतपुर के पंचायत भवन परिसर में एक युवक का शव पड़ा मिला है। युवक की सिर कुचलकर हत्या की गई है। सूचना पर एसपी ने पुलिस फोर्स के साथ मौका मुआयना किया। परिजनों ने अभी किसी पर हत्या का आरोप नहीं लगाया है।थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव रावतपुर निवासी जितेन्द्र मिस्त्री का 17 वर्षीय पुत्र कमलेश की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह उसका शव रावतपुर के पंचायत भवन परिसर में पड़ा मिला। परिजनों के अनुसार, कमलेश गांव में ही एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह घर आया था। इसके बाद रात में वह आग तापने की बात कहकर घर से निकला, इसके बाद घर वापस नहीं आया। परिजनों को लगा कि वह घर आकर सो गया होगा। परिजन सुबह सोकर उठे तो कमलेश घर पर नहीं था। इसी बीच पंचायत भवन के पास कंडे पाथने पहुंची महिलाओं को कमलेश का शव परिसर में पड़ा देखा। सूचना पर परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। कमलेश का सिर किसी वजनदार वस्तु से कुचला गया था। सूचना पर एसपी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और परिजनों से पूछताछ की।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की तृतीय त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, अभियोजन कार्यवाही, आरोपित अर्थदण्ड, जारी आरसी आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा नमूनों को संकलन कर इनकी जांच भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि लम्बित वादों की प्रभावी पैरवी करते हुये अधोमानक खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। असुरक्षित घोषित किये गये नमूनों के मामले में भी कड़ी कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समयावधि में समस्त प्रकार के लाइसेंस जारी कराये जायें। इसके लिये समय-समय पर बैठक करते हुये सभी को प्राविधानों से अवगत कराया जाये। विद्यालयों में बनने वाले मिड-डे-मिल एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में दिये जाने वाले खाद्य पदार्थों की भी लक्ष्य के अनुरूप जांच कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि त्यौहारों से पूर्व विशेष अभियान अवश्य चलाये जायें तथा अधोमानक पाये जाने वाले खाद्य पदार्थों को नियमानुसार नष्ट भी कराया जाये। शुद्ध खाद्य पदार्थों की जांच के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता भी आयोजित की जाये। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिये कि जिन दवा विक्रय की दुकानों के लाइसेंस निरस्त किये जायें, उनकी समय-समय पर जांच कर यह सुनिश्चित किया जाये कि निरस्त लाइसेंस वाली कोई भी दुकान संचालित न हो।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी एवं जिला स्तरीय समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जशने दस्तार हिफ़्जुल कुरआन बड़े ही धूम धाम से मनाया गया

सीतापुर। मिश्रिख में कस्बा ऑट में मदरसा अरबिया सुल्तानिया अनवारूल कुरआन में जशने दस्तार में चार बच्चों को हाफिज कि डिग्री दी गई हाफिज ए कुरआन बच्चों के नाम अरबाज ,कैफ,वारिस ,आमीनकस्बा ऑट में ये पहली बार हुआ कि 4 बच्चे हाफिज ए कुरआन हुए पेश इमाम जामा मस्जिद कारी शाहिद रज़ा कि मेहनत का फल है पीरे तरीकत रहबरे राहे शरीयत हजरत हुसैन मियां साहब क़िब्ला बिलग्राम शरीफ ने बच्चों के सर पर पगड़ी बांधी और दुवाओं से नवाजा हजरत ने यह भी बताया कि हम सबको अल्लाह पाक राहे शरीयत पे कायम रहने की तौफीक आता फरमाए और आने वाले वक्त में हर घर से हाफिज ए कुरआन निकले

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व सड़क सुरक्षा माह का भव्य समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी । जनपद लखीमपुर खीरी में सड़क सुरक्षा माह का भव्य समापन समारोह उत्साह और जागरूकता के संदेश के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले राहवीर योजना के लाभार्थियों तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने नियमों का पालन करने के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन करने से अनेक अनमोल जानें बचाई जा सकती हैं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राहवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद समय पर मदद करने वाले राहवीर समाज के सच्चे नायक हैं। ऐसे लोग न सिर्फ एक जीवन बचाते हैं, बल्कि समाज को मानवता और संवेदनशीलता का संदेश भी देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन आगे भी ऐसे साहसी नागरिकों को सम्मानित करता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोग मदद के लिए आगे आएं।कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित निबंध, पोस्टर, पेंटिंग, क्विज़ एवं अन्य जागरूकता प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।समापन अवसर पर परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जनपद भर में जागरूकता रैलियां, स्कूल कार्यक्रम, चेकिंग अभियान और जनसंवाद के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई और संदेश दिया गया कि ल्लसुरक्षित सड़कें, सुरक्षित भविष्यङ्क हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

# प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में चोरी रसोई की दीवार काटकर चोर फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मितौली खीरी। मितौली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने विद्यालय की रसोई की दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सुबह विद्यालय खुलने पर शिक्षकों और कर्मचारियों को हुई, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

विद्यालय कर्मियों के अनुसार जब वे सुबह विद्यालय पहुंचे तो रसोई की दीवार कटी हुई मिली और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। प्रारंभिक जांच में रसोई में रखे बर्तन, गैस सिलेंडर और मिड-डे मील से संबंधित अन्य सामग्री चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि चोरी गए सामान का सही आकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।घटना की सूचना मिलते ही मितौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर में रात के समय सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने प्रशासन से विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर घटना का खुलासा किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद विद्यालय प्रशासन में भी चिंता का माहौल है, क्योंकि मिड-डे मील व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का औचक निरीक्षण, मतदाता सूची सुधार पर जोर

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मतदाता सूची को दुरुस्त करने की मुहिम जिले भर में तेजी पकड़ रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को आयोजित ल्लविशेष अभियान दिवसङ्क में मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं मैदान में उतरकर विभिन्न मतदान स्थलों का औचक निरीक्षण किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ नरेंद्र बहादुर सिंह और ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज (भाग संख्या 300-305) और धर्म सभा इंटर कॉलेज (भाग संख्या 236-249) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम सीधे बीएलओ हेल्प डेस्क पर पहुंचीं और फॉर्म-6 व फॉर्म-8, संलग्न दस्तावेज तथा निस्तारण की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।डीएम ने बीएलओ को निर्देश दिया कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हर आवेदन की मौके पर जांच कर सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही, अभियान की प्रगति पर ध्यान देने, डोर-टू-डोर जागरूकता और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने आमजन से भी संवाद किया और उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान तिथियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन करें या ऑनलाइन पोर्टल Ysd~.ddd.dYs.dd पर आवेदन कर सकते हैं। त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही, किसी भी समस्या के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करने की अपील की।डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 02 फरवरी को भी विशेष अभियान दिवस आयोजित होगा, जिसमें सभी मतदेय स्थलों पर पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस अभियान के माध्यम से जिले के सभी योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल कर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



## नि:स्वार्थ भाव से किया गया शुभ कर्म सदैव शुभ फल देता है। पंध गिरिजेश शुक्ल

**मोईया खानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गाँजर की धरा पर भूत बावन भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर शिवशक्ति धाम मोईया शिवाला में पंचम श्री रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा महोत्सव के कथा विश्राम दिवस पर उमड़ा जन सैलाब कथा व्यास पंध श्री गिरिजेश शुक्ल जी महाराज ने सुनाया नि:स्वार्थ भाव से किया गया शुभ कर्म सदैव अच्छे परिणाम प्रदान करता है..कोई भी कर्म करो ईश्वर के प्रति समर्पित होकर करो ईश्वर कभी निराश नहीं करेगा यज्ञ ज्ञान गंगा के प्रमुख कथा यजमान स्वयं देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ जी रहे एवं मुख यजमान व व्यवस्थापक अनिल सिंह,,सहायक लल्ला सिंह,, इन्द्रेश सिंह भूपेंद्र रस्तोगी,, इंद्रपाल यादव,, विश्वपाल सिंह विस्सू,,अनुज सिंह,, रामचंद्र भार्गव,,आशीष मौर्य एवं समस्त ग्रामवासी रहे।



## प्राथमिक विद्यालय सिरौली में वार्षिक उत्सव भव्य रूप से संपन्न

**महमूदाबाद , सीतापुर।** जनपद सीतापुर के विकासखंड पहला की ग्राम पंचायत सिरौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञान प्रकाश दीक्षित के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया, जिसकी सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी पहला सीतापुर प्रतीक गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गीत एवं रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल रहीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रधानाध्यापक ज्ञान प्रकाश दीक्षित द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देते हुए शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वार्षिक उत्सव का सफल आयोजन कराया गया। विद्यालय परिवार की ओर से मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं स्टेशनरी सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में नैंसी, रुचि, सोनिका, दीपक, प्रियांशी, अमन, मनीष, सरोज, आजेफ, संध्या, गुंजन, आफरीन, रुपाली, अनुराग, प्रपू, क्रांति, नाजरीन सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहीं।कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका निधि कनौजिया, संगीता यादव प्रियंका यादव एवं ग्राम प्रधान सुनीता देवी, पूर्व ग्राम प्रधान सुशील कुमार वर्मा, मनोज पासवान (पत्रकार), मो. हलीम, संदीप चौरसिया, सुनील भारती (कोटेदार), सबीना, सरिता देवी, गोकरन प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# मोहम्मदी में ओवरलोड व ओवरहाइट गन्ना ट्रकों पर बड़ी कार्रवाई, चार वाहन सीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहम्मदी, खीरी। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के सख़्त अनुपालन को लेकर मोहम्मदी उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर. ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओवरलोड व ओवरहाइट गन्ने से भरे चार ट्रकों को सीज किया। यह कार्रवाई मोहम्मदी क्षेत्र के गोमती तिराहे पर की गई।उपजिलाधिकारी ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि क्षमता से अधिक लदे गन्ना ट्रक और निर्धारित ऊंचाई से अधिक भरे वाहन सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, साथ ही यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। इसी क्रम में प्रशासनिक टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।जांच के दौरान चार गन्ना लदे ट्रक निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनमें क्षमता से अधिक भार और तय सीमा से अधिक ऊंचाई में गन्ना लदा हुआ था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सभी चारों वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया।उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर. ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने वाहन स्वामियों और चालकों को चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि सड़क हादसों को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ऐसे वाहनों के कारण न केवल जान-माल का खतरा बढ़ता है, बल्कि सड़कें भी क्षतिग्रस्त होती हैं।कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग एवं संबंधित विभागों की टीम मौजूद रही। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा और नियमों के पालन को लेकर जागरूकता भी देखने को मिली।

# लखीमपुर खीरी पहुंचे आईजी किरण एस. गौरीफंटा बॉर्डर का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी। भारतऽनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस. लखीमपुर खीरी जनपद के भ्रमण पर पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा भी मौजूद रहे। आईजी ने भारतऽनेपाल बार्डर पर स्थित चेकपोस्ट गौरीफंटा, कवच आउटपोस्ट तथा महिला मिशन शक्ति केंद्र का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आईजी किरण एस. ने सीमा क्षेत्र में तैनात एसएसबी, कस्टम विभाग, वन विभाग, इमिग्रेशन, एलआईयू, पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने चेकिंग प्रक्रिया, निगरानी तंत्र, आवागमन की स्थिति तथा सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया।आईजी ने सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए संयुक्त चेकिंग, सतत निगरानी और विशेष सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अवैध तस्करी, मानव तस्करी या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए।महिला मिशन शक्ति केंद्र के निरीक्षण के दौरान आईजी ने महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता कार्यक्रमों और सहायता से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और सहयोगात्मक रवैया अपनाने पर जोर दिया।निरीक्षण के अंत में पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि सीमा सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी एजेंसियों के समन्वित प्रयास से ही इसे प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आपसी बैठकें कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें।इस अवसर पर संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलहा बीआरसी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज, छात्र हुए सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के माध्यम से विद्यालयी बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता तथा नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बलहा में परीक्षा/क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बलहा अरुण कुमार वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस प्रतियोगिता में जूनियर स्तर कक्षा 6 से 8 तक के समस्त न्याय पंचायतों के विद्यालय स्तर से चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा के उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार जितेंद्र (पीएम श्री विद्यालय वैवाही), द्वितीय पुरस्कार प्रवेश कुमार (कंपोजिट विद्यालय नूरीपुरवा), तृतीय पुरस्कार शिवम (पीएम श्री विद्यालय वैवाही), चतुर्थ पुरस्कार नैना देवी (कंपोजिट विद्यालय पतरहिया), पंचम पुरस्कार आमिर (यूपीएस ककरी) को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त क्रमशः शिवा (उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़ैया कला), विपिन कुमार, शालिनी देवी (कंपोजिट विद्यालय पतरहिया), मोहम्मद आरिफ (कंपोजिट विद्यालय बेचईपुरवा) तथा अनिल कुमार (यूपीएस ककरी) को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं शैक्षिक किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। आयोजकों द्वारा बताया गया कि अगले चरण में सभी प्रतिभागियों को विज्ञान से संबंधित एक्सपोजर विजिट पर ले जाया जाएगा। इस अवसर पर एआरपी अमित कुमार पाण्डेय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय एआरपी (विज्ञान), शिक्षक आफाक अहमद, रुचि चौधरी, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा, प्रदीप वर्मा, चंद्रशेखर यादव, मुन्ना यादव, राजेश कुमार, हेमंत यादव, डी.डी. पटेल, सीताराम पटेल, राधेश्याम जी, हरिराम जी, दिलीप जी, अब्दुल सलाम, अजीत, अनिरुद्ध, अश्विनी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## आम बजट पहली फरवरी को होगा पेश, लंबी दूरी की ट्रेनों पर टिकीं यात्रियों की निगाहें

बदायूँ। केंद्रीय वित्त मंत्री 1 फरवरी को आम बजट 2026 पेश करेंगी। बजट से उझानी सहित क्षेत्र के रेल यात्रियों को बड़ी उम्मीदें हैं। लोगों को आशा है कि लंबी दूरी की ट्रेनों की सौगात के साथ यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़ा बजट आवंटन किया जाएगा। रेल यात्रियों का कहना है कि दिल्ली व लखनऊ के लिए सीधी ट्रेनों, लोकल व पैसेंजर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, सफाई, सुरक्षा और लेटलतीफी की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। व्यापारियों ने माल ढुलाई शुल्क में राहत, मालगाड़ियों के सुचारु संचालन और फ्रेट कॉरिडोर में बेहतर सुविधाओं की मांग की है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में छूट बहाल करने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रत्येक कोच में सीसीटीवी व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की मांग भी उठी है।

## मंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

बदायूँ। बदायूँ, पीलीभीत, बरेली एवं शाहजहांपुर का मण्डलीय स्तर का कार्यक्रम बरेली कॉलेज, बरेली में शुक्रवार को भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बरेली मंडल के चारों जनपद–पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर एवं बरेली–के जनपद स्तर पर चयनित विजयी छात्र- छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कियाप्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के रूप में परिवहन विभाग के पी.टी.ओ. श्री अजीत कुमार सिंह, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली की प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. अनुपमा मेहरोत्रा तथा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली की प्रोफ़ेसर डॉ. मनीषा राव उपस्थित रहीं। अतिथियों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सड़क सुरक्षा को जीवन से जोड़ने पर बल दिया। मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सर्वप्रथम नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में बरेली मंडल की टीम ने प्रथम स्थान, शाहजहांपुर की टीम ने द्वितीय स्थान तथा बदायूं की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने यातायात नियमों, दुर्घटना रोकथाम एवं जन- जागरूकता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में बदायूं जनपद के कुणाल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शाहजहांपुर की अलवीरा यासीन खान द्वितीय तथा बरेली की कविता सागर तृतीय स्थान पर रहीं कार्यक्रम के अंतर्गत रील/वीडियो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसमें आधुनिक माध्यमों के जरिए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता में बरेली जनपद के रोहन यादव ने प्रथम स्थान, बदायूं की उपासना ने द्वितीय स्थान एवं शाहजहांपुर की आराधना कालरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर ओम प्रकाश राय के सहयोग से किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफ़ेसर सुधीर चौहान के संरक्षण तथा प्रोफ़ेसर दीपा अग्रवाल, प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के सफल आयोजन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति के सदस्यों सहित दोनों महाविद्यालयों के प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित कर सड़क सुरक्षा के प्रति निरंतर जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

# गौशालाओं के बावजूद सड़कों पर मंडरा रहे आवारा पशु

### किसानों और राहगीरों के लिये मुसीबत बने आवारा पशुओं पर अंकुश लगाना कड़ी चुनौती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




तिलोई अमेठी,क्षेत्र के प्रमुख कस्बों व गांवों में आवारा पशु किसानों के साथ राहगीरों के लिये मुसीबत बनते जा रहे हैं।किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात के लिये बनाये गये पशु आश्रय स्थलों में क्षमता से अधिक मवेशी होने की बात सामने आई है ऐसी दशा में किसानों को अपनी फसल को लेकर भविष्य की चिंता सताने लगी है।ब्लाक व तहसील के जिम्मेदार अधिकारी कागजी घोड़ा दौड़ाकर शासन प्रशासन को गुमराह करने से बाज नही आ रहे हैं।प्रशासन की कार्यप्रणाली से क्षेत्रीय किसानों में आक्रोश व्याप्त है।बताते चलें कि तहसील तिलोई क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से निर्मित दो दर्जन पशु आश्रय स्थल संचालित किये जा रहे हैं जिनमें क्षमता से अधिक मवेशी होने की बात कही जा रही है। इन पशु आश्रय स्थलों की अपेक्षा कई गुना मवेशी कस्बा शाहमऊ,सेमरौता, शिवरतनगंज की सड़कों व चौराहों पर मंडराते हुये देखे जा सकते है।ताज्जुब की बात तो यह है कि खेत खलिहानों व चौराहों की शोभा बढ़ाने वाले आवारा पशु किसानों राहगीरों के अलावा सरकारी मुलाजिमों को नजर नही आते हैं।यह आवारा पशु किसानों के जी का जंजाल बने हुये है।आवारा पशुओं द्वारा झुंड बनाकर चौराहों व दुकानों पर बैठने से आये दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती है लेकिन जिम्मेदार लोग शायद किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।इन आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलों को अनवरत कई वर्षों से बर्बाद किया जा रहा है।आम जनमानस की बातों पर अगर गौर किया जाय तो किसान इन आवारा पशुओं से त्रस्त आ चुके हैं लेकिन उन किसानों की व्यथा सुनने से भी खेवनहार परहेज करते हैं। खेत से लेकर सड़क तक आवारा पशुओं की संख्या कम होने का नाम नही ले रही है। अब देखना यह है कि किसानों और राहगीरों को इन आवारा पशुओं से निजात कब मिलेगी यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

## आचार्य समता प्रतियोगिता में शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर ने जीता स्वर्ण पदक

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। द्रोपदी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय आचार्य समता प्रतियोगिता में शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर, सिविल लाइन्स बदायूँ की आचार्य टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ टीम अब प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी, जो सरस्वती शिशु मंदिर, सोरों गेट, कासगंज में आयोजित होगी। विद्यालय की इस सफलता पर व्यवस्थापक नवनीत प्रताप सिंह, अध्यक्ष अमृतपाल सिंह सहित समस्त प्रबंध समिति ने हर्ष व्यक्त करते हुए आचार्य टीम को प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने कहा कि आचार्यों की मेहनत का परिणाम है कि विद्यालय ने जिला स्तर पर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। प्रतियोगिता में विजयी होकर लौटने पर विद्यालय में आचार्य टीम का भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ आचार्य लालाराम वर्मा ने मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित समस्त आचार्यों ने पदक के साथ सामूहिक फोटोग्राफी कराई। विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा।

## आकाश पाल फिर से बनाये गए विभाग संगठन मंत्री

बदायूं। अभाविप की हाल ही में मेरठ में संपन्न हुई प्रांत कार्यकारिणी बैठक में आगामी सत्र के लिए सांगठनिक घोषणाएं की गई हैं। इस बैठक में कासगंज के आकाश पाल की कार्यकुशलता पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः बदायूं विभाग संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। इस नई जिम्मेदारी से पूर्व आकाश फिरोजाबाद और अलीगढ़ जैसे महत्वपूर्ण जिलों में जिला संगठन मंत्री और बदायूं में विभाग संगठन मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनकी पुनः नियुक्ति पर जिलेभर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

## जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते नहीं बन रही टूटी सड़क

बदायूं। वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत कतगांव से नवादा सैंडोली गांव को जाने के लिए सड़क है जिसमें गहरे गहरे गड्ढे हो चुके हैं आए दिन सवारियां फिसल कर गिरती हैं स्कूल जाने वाले बच्चों को गंदे कीचड़ से गुजर कर जाना पड़ता है कभी–कभी बच्चे साइकिल लेकर गिर भी जाते हैं। स्कूली बच्चों की यूनिफॉर्म बस्ते भी पानी में गिरकर गंदे हो जाते हैं पर अफसोस इस बात का है कि पिछले दस सालों से इस इस रोड पर कोई कार्य नहीं हुआ है और जिम्मेदार लोगों ने अपनी आंखें बंद कर रखी है क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि यह सड़क कई वर्षों से खराब पड़ी हुई है और दूसरी ओर जल निगम कीमहत्वपूर्ण योजना के पाइप लाइन पढ़ने के बाद और गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं जरा सी बरसात में रोड पर उनका दो में पानी भर जाता है और सवारियां फिसल कर गिर जाती हैं एक दूसरे क्षेत्रीय जनता से बात करने पर पता चला कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व नेताओं से लिखित शिकायत के बावजूद भी इस सड़क की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## कीर्तन पश्चात ग्रामीणों ने गमादेवत मंदिर पर किया भव्य भंडारा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली क्षेत्र के ग्राम शरह बरौलिया में शनिवार को ग्राम देवी गमादेवत मंदिर परिसर में एक भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन पवित्र माघ माह के अवसर पर प्रभात फ़ेरी निकालने वाली कीर्तन मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा–अर्चना के बाद माता को भोग अर्पित कर की गई। इसके उपरांत कन्याओं को आदरपूर्वक बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया गया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रभात फ़ेरी कीर्तन मंडली ने ढोल,मंजीरा और ढोलक की मधुर धुनों पर भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।आयोजन में गांव के सभी वर्गों के लोगों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश देखने को मिला।इस कार्यक्रम में टिंकू कटिया,कुलदीप कटिया,विनीत कटिया,रवींद्र कटिया,विवेक काकुस्थ,ठाकुर देवपाल, राकेश शंखधार,पापु दुबे, हरीश रावत,कन्हैया मौर्य,राजवीर कश्यप,धर्मवीर कश्यप,पवन गुप्ता,सोनू उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## विशेष अभियान दिवस पर डीईओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

बदायूँ। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर) अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष अभियान दिवस पर कुंवर रूकुम सिंह वैदिक इंटर कॉलेज बदायूं, प्राथमिक विद्यालय जाजपुर, जरौली सदर तहसील आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आगामी 06 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता पहचान पत्र बने, यह सुनिश्चित करें तथा निर्वाचक नामावली से जुड़े समस्त कार्यो को पूरी निष्पक्षता, सुचितापूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रारूप 6, 7, 8 व अन्य प्रारूपों की स्थिति को जाना तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिया। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जा चुका है तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। नामावलियों से संबंधित सुनवाई, सत्यापन एवं निर्णय की प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी, जबकि अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दौरान साप्ताहिक दावे एवं आपत्तियों का विवरण एनआईसी बदायूँ की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस अवसर पर समबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने माघ पूर्णिमा की तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने माघ मेला-2026 की तैयारियों के दृष्टिगत कछला घाट स्थित गंगा पुल के ऊपर से दोनों छोरों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि माघ मेले के दौरान माघ पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान हेतु कछला घाट पहुंचते हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पुल के दोनों ओर यातायात के सुचारु संचालन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गंगा स्नान के दौरान विभिन्न घाटों पर प्रथम पाली (रात्रि 02:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक) एवं द्वितीय पाली (प्रातः 10:00 बजे से स्नान समाप्ति तक) में मजिस्ट्रेटों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सभी नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत गंगा घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता, भीड़ नियंत्रण एवं आपात स्थितियों पर विशेष सतर्कता बनाए रखें तथा संबंधित पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर व्यवस्था को सुदृढ़ रखें। जिलाधिकारी ने पुलिस, प्रशासन एवं मेला आयोजन से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, अस्थायी शौचालय, पेयजल, चिकित्सा सुविधा एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, गोताखोर एवं मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं।

## जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। आज जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया तथा लगने वाली ईंटों के परीक्षण को लेकर संबंधित को निर्देशित किया तथा स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित आवासों का निरीक्षण किया तथा मरम्मत एवं साफ सफाई कराने को लेकर संबंधित को निर्देश दिए। परिसर में निष्प्रायोज्य पुरानी एम्बुलेंसों को परिसर में नियत स्थान पर रखने को लेकर नगर पालिका के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा परिसर में स्थित होम्योपैथी चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को कार्य स्थल के साफ सफाई के निर्देश दिए। परिसर में अस्पताल के सन 1916 ई के पत्थर की साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर नगर पालिका के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा इमरजेंसी वार्ड, नेत्र परीक्षण कक्ष, ओपीडी, प्रेरणा कैंटीन तथा डायलिसिस यूनिट सेन्टर का निरीक्षण किया संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महिला विंग तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र ( एन. आर. सी) का निरीक्षण किया तथा एन आर सी में भर्ती बच्चों की माताओं से वार्ता की। जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई को लेकर नगर पालिका के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, सीएचसी चंदौसी प्रभारी डॉ हरविंदर सिंह तथा डॉ गौरी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसएमसी के सदस्य अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से करें पालन : तिवारी

### ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण शुरु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी,विद्यालय के विकास व उत्थान में प्रबंध समिति का बहुत बड़ा योगदान रहता है आप सब लोग अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ पालन करें तो इन परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों से कान्वेंट स्कूल मुकाबला नही कर पायेंगे।यह बात ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के प्रांगण में आयोजित एसएमसी सदस्य प्रशिक्षण शिविर में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कही। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विद्यालय आप सबका है इसके विकास की जिम्मेदारी भी आप सब लोगों पर है शिक्षकों के साथ ही साथ आप सब लोग भी विद्यालय व छात्रों की गतिविधियों पर नजर रखें जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके।उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलने वाली समस्त सुबिधाओं के लिये शासन से जो धनराशि आती है उसके खर्च करने की जिम्मेदारी आप सबकी है।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि शासन की यह जो मंशा है इससे लोगों में जागरुकता होगी और ऐसे प्रशिक्षण बहुत ही आवश्यक है उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य पर ध्यान केंद्रित किया जाय तो ज्यादा बेहतर होगा। एसएमसी प्रशिक्षण में एक सौ उन्नीस परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य पर कम्पोजिट विद्यालय कोंची, पन्हौना एवं प्राथमिक विद्यालय जुगराजपुर के अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।इस मौके पर एआरपी अनुज शुक्ला,सत्येन्द्र कुमार तिवारी, दिलीप शुक्ला, श्याम बहादुर सिंह, उबैद अहमद,मोहम्मद राशिद, आशीष गुप्ता, मुमताज अली, संतोष शुक्ला, जितेंद्र नाथ त्रिवेदी, ध्रुवराज पासी,धर्मेन्द्र सिंह, अनीस अहमद,दीपिका अवस्थी, सरिता शुक्ला, मोनिका सिंह, सीमा सिंह, सावित्री सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## वरिष्ठ कोषाधिकारी की अध्यक्षता में दिवंगत पेंशनरों के लिए दो मिनट का मौन

बदायूँ। वरिष्ठ, कोषाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 वित्त मंत्री उ0प्र0, सरकार के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में शनिवार को ऐसे पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर जिनकी मृत्यु माह जनवरी, 2026 में हुयी हो, की आत्मा की शान्ति हेतु पेंशन यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक शोक सभा वरिष्ठ कोषाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी, जिसमें मृत पेंशनरों की आत्मा की शान्ति के लिये 02 मिनट का मौन धारण किया गया। शोक सभा में पेंशन यूनियन के पदाधिकारियों एवं उपस्थित पेंशनरों से यह भी अनुरोध किया गया कि भविष्य में यदि किसी पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना के सम्बन्ध में कोषागार में सूचित करने हेतु पेंशनरों को जागरूक किया जाये, ताकि ससमय उनकी पेंशन कोषागार द्वारा बन्द करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# समय रहते पुलिस कार्रवाही कर देती तो बच जाती रोशनी की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में एक 19 वर्षीय रोशनी पांडेय की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। रोशनी की मौत से ठीक पहले उसके प्रेमी ने परिजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।प्रेमिका ने भी अपने प्रेमी को दो बार अलग-अलग पत्र लिखकर अपनी जान खतरे की आशंका जताई थी।प्रेमी ने तहरीर के साथ-साथ एक पत्र को भी पुलिस को दिया था लेकि न समय रहते पुलिस अगर कार्यवाही कर दी हो ती तो शायद शिवानी की जान बच जाती हालां कि देहात कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्रे मी के द्वारा देहात कोतवाली पुलिस को कोई भी ऐसी तहरीर देकर के हम लोगों को जान का री नहीं दी गई थी।वही देहात कोतवाली क्षेत्र के पूरे ललक ग्राम पंचायत के पांडेय बाबा पुरवा की निवासी रोशनी के प्रेमी परमेश्वर पाठक ने पुलिस को तहरीर दी थी।बक्सर आज्ञा राम निवासी पाठक ने बताया था कि डेढ़ साल पह ले उसकी शादी रोशनी से हुई थी, लेकिन अब लड़की के घर वाले शादी से इनकार कर रहे हैं। परमेश्वर पाठक ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि जब लड़की के परिजनों को उन के शादी करने की इच्छा का पता चला, तो वे रोशनी को प्रताड़ित करने लगे।उसने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी।परमेश्वर की तहरीर देने के चौबीस घंटे के भीतर ही रोश नी पांडेय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।उसका शव घर के अंदर मिला था।देहात कोतवाली पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिज नों ने शव को दरवाजे के बाहर रख दिया था, जिसे पुलिस ने वहीं से शव को कब्जे में लिया। यह भी सामने आया है कि रोशनी पांडेय ने अप नी मौत से पहले प्रेमी परमेश्वर पाठक को दो प त्र लिखे थे।इनमें से एक पत्र में उसने अपनी शा दी और परिवार के रवैये को लेकर गंभीर आशं काएं व्यक्त की थीं।पहले पत्र में रोशनी ने लि खा था कि वह अपनी शादी अपनी मर्जी से कर ना चाहती है,लेकिन उसके परिवार वाले सहम त नहीं हैं।उसने बताया कि पहले कुछ बात हुई थी जिस पर वे मान गए थे,बाद में उसकी चाची विमला और पिता के बीच बातचीत हुई,जिसके बाद उन्होंने पिता को समझाया। रोशनी ने आगे लिखा है कि इसके बाद परिवार के लोग मिल कर साजिश करने लगे।उन्होंने उसे यह कहकर बहकाने की कोशिश की कि वे उसकी शादी दिवाली के बाद कर देंगे,हालांकि रोशनी को इन बातों पर विश्वास नहीं था। उसे शक हो गया था कि ये लोग झूठ बोल रहे हैं और शादी न करके उसे मारने की योजना बना रहे हैं। पत्र में रोशनी ने अपने लिए खतरा बताया था। उसने यह भी स्पष्ट किया था कि इन सब मामलों में उसकी मां का कोई मतलब नहीं है।अगर हमें आज से और मेरी शादी तक कुछ भी होता है तो इसकी जिम्मेदारी मेरे परिवार की होगी,जिससे मैं शादी करना चाहती हूँ उनको भी कुछ हुआ तो मेरे घ र वालों का हाथ रहेगा।'' इसके बाद इंग्लिश में रोशनी पांडे ने अपना हस्ताक्षर भी किया है पत्र शिवानी पांडेय ने कब लिखा है यह भी कंफर्म नहीं हो पा रहा है पुलिस ने इसे भी अपने कब्जे में ले लिया है,वही दूसरे पत्र में शिवानी ने सबसे ऊपर लिखा है अच्छे से पढ़ना और समझना नीचे उसने पत्र में लिखा है ''आज जो भी हुआ वह आपको नहीं पता है सुबह पांच बजे हम शुभम के पास लेटी थी तो यह लोग हमें करने की कोशिश किये थे पर नहीं मार पाए। फिर यह लोग हमसे बात किये। तो जो इन लोगों ने बोला वो हम मान गए। नहीं तो आज रात में 27 के रात में मार देते इसीलिए हम फोन पर आपसे और भाइयों से ऐसा बात किये और जब-जब फोन पर हम बात कर रही थी।वहीं प्रेमी परमेश्वर पाठक ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि ''मैं एक लड़की से बात करता था, रोशनी पांडे नाम है उसका शादी के लिए मैं उसके घर पर दो साल से बात कर रहा

था।28 मई को मैंने शादी के लिए उनके घर पर बात की तो वे लोग नहीं माने। काफी रिक्वेस्ट करने के बाद वे लोग शादी के लिए मान गए नवंबर में शादी होनी थी लेकिन मेरे पिताजी की डेथ हो गई। इसलिए शादी नहीं हुई फरवरी में फिर टाइम दिया था फरवरी आ गया मैंने फोन किया कि शादी कर दीजिए डेट बता दीजिए। इसके लिए वे लोग शादी करने के लिए नहीं मान रहे थे रोशनी को इसके लिए प्रताड़ित और परेशान कर रहे थे उसका भाई राहुल, शुभम और उसके पापा चंद्रप्रकाश पांडे इन लोगों ने 27 तारीख की सुबह बात हुए है।राहुल पांडे, शुभम (जिसका नाम रोहित भी है) और उसके पापा चंद्रप्रकाश पांडे ने मिलकर मारने की कोशिश की थी। अंत में आज सुबह ही इन लोगों ने करंट से उसे मार दिया। अब वे दिखा रहे हैं कि वह कपड़े प्रेस कर रही थी और प्रेस से चिपक कर मर गई। मैं सरकार से विनती करता हूँ कि मुझे न्याय दिलाएं।'' मैंने तहरीर दी थी देहात कोतवाली गोंडा में रोशनी ने व्हाट्स एप के माध्यम से मुझे एक लेटर भेजा था जिस में लिखा था 'मुझे बचा लो, मुझे कोतवाली बुला लो नहीं तो ये लोग मुझे मार देंगे।' मैंने वह लेटर कोतवाल साहब को दिया था। लेकिन फिर भी वे लोग नहीं माने शनिवार का समय लिया गया था मेरे भैया भी बाहर से आ रहे थे लेकिन इन लोगों ने कल सुबह ही उसे मार दिया।पहले राजी थे फिर पता नहीं क्या हुआ 5 साल से हमारा प्रेम प्रसंग चल रहा था पूरी फैमिली जानती थी उसका छोटा भाई भी बात करवाता था उसके पापा ने मुझे 2025 में धमकी भी दी थी। कि 'हट जाओ, नहीं तो मार देंगे' बाद में वे मान गए थे, लेकिन रोशनी की आंटी (बिमला) जो सूरत में रहती हैं उनके आने के बाद ही मारने की प्लानिंग रहती हैं उनके आने के बाद ही मारने की प्लानिंग हुई।कहाँ कि मेरे पास रोशनी के भेजे हुए वीडियो, वॉइस कॉल और लेटर सब मौजूद हैं।''

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना फुरसतगंज पुलिस ने चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फुरसतगंज के प्रभारी निरीक्षक नंद हौसला यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल के साथ शुभांशु पुत्र स्वामीनाथ निवासी ग्राम पूरे गोदें मजरे पीढ़ी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब अठारह वर्ष को गिरफ्तार किया गया।मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह अपने साथी इबरार पुत्र मोहम्मद शेर निवासी ग्राम गोंदे मजरे पीढी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर चार पांच दिन पहले ग्राम पूरे गोंदे मजरे पीढ़ी के एक मुर्गी फार्म से चोरी किये थे। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष नंद हौसला यादव ने बताया कि पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धाराओं की बढ़ोत्तरी की गयी है ।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । एक विवाहिता के परिजनो से अतिरिक्त दहेज न मिलने के चलते उससे प्रताड़ना व मार पीट कर घर से निकालने के मामले में देवी पाटन मंडल के बहराइच जनपद अंतर्गत कैसरगंज थाने की पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से आहत पीड़िता ने आईजी से कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।जनपद कौड़िया थानाक्षेत्र के जोलाहन पुरवा रामापुर निवासिनी पीड़िता हिना पुत्री मसीउद्दीन ने आईजी को दिये अपने प्रार्थनापत्र में बताया कि,उसका निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार दिनांक-24.05.2022 को बहराइच जनपद के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत साकिन-हन्नी चौराहा निवासी जुनैद अहमद पुत्र स्व0 ताज मोहम्मद के साथ संपन्न हुआ था। निकाह व रुखसती में प्रार्थिनी के माता-पिता ने अपने सामर्थ्यनुसार नकदी, जेवरात, बर्तन, मोटर साइकिल, वस्त्र व अन्य सामान ससुरालीजनो को दिये थे। लेकिन इससे विपक्षी व उसके पारिवारिक सदस्य संतुष्टं नहीं थे, उससे और अधिक दहेज में दो लाख रूपये नकद व चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। जिसे लेकर पीड़िता व उसके छोटे बच्चे सऊद सहित को दिनांक-14.05.2024 को मारपीट कर घर से निकाल दिया और विपक्षी स्वयं बाहर चला गया। इसी बीच विपक्षी प्रार्थिनी की अनुप स्थिति में बाहर से घर आकर चोरी-चुपके प्रार्थिनी को बिना तलाक दिये ही अपना दूसरा निकाह कैसरगंज के साकिन मरौठी गाँव की रसीद पुत्र स्व0 हनीफ,की लड़की के साथ ससुरालीजनो के अनुचित सहयोग से कर लिया जबकि,पीड़िता के मुताबिक पति के दूसरे निकाह किये जाने के संबंध में अपनी कोई सहमति व्यक्त नहीं की है। बावजूद इसके पति ने दूसरा निकाह कर लिया और अब विपक्षी गण एक राय होकर तलाक हेतु पीड़िता पर अनुचित दबाव डाल रहे है और जान से मार डालने की धमकी भी दे रहे हैं। इस संबंध में कैसरगंज पुलिस से शिकायत करने के बावजूद वहाँ की पुलिस ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है।

# मनकापुर : मनरेगा में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार !

### बीडीओ व एपीओ और तकनीकी सहायक की छत्रछाया बना भ्रष्टाचारियों का सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । विकास खंड मनकापुर की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात एपीओ और तक नीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं।आम चर्चा है कि एपीओ की जिस ब्लॉक में तैनाती होती है,वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किए ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अव सर नहीं छोड़ते हैं। इससे न सिर्फ भ्रष्टाचार के तले श्रमिकों का हित कुचला जा रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है।जिले के विकास खंड मनकापुर की ग्राम पंचायत सिसवा,तुर्काडीहा,बैरीपुर रामनाथ

महेवानान कार में ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने का खेल चल रहा है।बान गी के तौर पर ग्राम सिसवा में 47 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है।मौके पर कार्य बंद है, किंतु एक ही कुछ लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर का मस्टर रोल अपलोड किया गया है।यह माम ला ऑनलाइन पकड़ में आया है।वहीं दूसरी तर फ काम कोई और करे और फोटो किसी और की अपलोड हो रही है। महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है

यह हाजिरी ऑनलाइन में रोजगार सेवक या मेट करते हैं।नाम न छापने की शर्त पर गांव के तमाम लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है। एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड किया जा रहा है। इस समय मनकापुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिसवा तुर्काडीहा,बैरीपुर रामनाथ महेवानान कार में नाला सफाई, सड़क पर मिट्टी पटाई, तालाब खुदाई व समतलीकरण सहित अन्य काम चल रहा है।इसके साथ ही मनरेगा में फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजि री पोर्टल पर अपलोड की गई, लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है, जो कि बड़े आश्चर्य की बात है। इससे माना जाता है कि अधिकारियों ने निगरानी नहीं की है।इससे सा फ जाहिर होता है कि बीडीओ,एपीओ और तकनीकी सहायक की मिलीभगत से मनकापुर ब्लॉक में बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में लूट मची हुई है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

### ब्लॉक के बाबू पर खेल करने का आरोप

एक ग्राम प्रधान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ब्लॉक के आफिस में वर्षो से तैनात एक बाबू बहुत बड़ा खिलाड़ी है। आरोप है कि वह जांच से संबंधित फाइलों को दबाने, लीपा पोती कराने और सेटिंग-गेटिंग कराने तक के खेल में मुख्य भूमिका निभाता है। इतना ही नहीं, जो ग्राम प्रधान उसकी निगाह में आ जाते हैं,उनकी कमियां बताकर कुछ पत्रकारों को भी उनकी ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की वास्तविकता देखने के लिए भेज देता है चौंका ने वाली बात तो यह है कि बाद में यही बाबू प्रधान पर दबाव बनाकर सेटिंग भी कराता है।

# पुलिस व आरएएफ ने किया फ्लैग मार्च, कराया सुरक्षा का अहसास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने कमर कस ली है। 91 बटालियन आरएएफ के कमांडेंट जितेंद्र कुमार ओझा के नेतृत्व में जिले के विभि न्न संवेदनशील क्षेत्रों में सघन फ्लैग मार्च किया जा रहा है।यह विशेष अभियान 28 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक गोंडा जिले के लगभग सभी थाना क्षेत्रों में क्रमवार चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मज बूत बनाना है शनिवार को इस अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर और कोतवाली देहात के प्रमुख मार्गों,भीड़भाड़ वाली गलियों और इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल और क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों और स्थानीय पुलिस के जवानों ने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। इस दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों में आगामी त्योहारों को लेकर जानकारी दी गई और लोगों को शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए। रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से असिस्टेंट क मांडेंट प्रेम प्रकाश, निरीक्षक चंदन कुमार और मदन मोहन शर्मा ने अपनी टीम के साथ सुरक्षा खाके का बारीकी से निरीक्षण किया। फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा बलों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ-साथ आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की.इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जनसांख्यिकी और संवेदन शील लिंटयों से अवगत कराना है ताक्ति इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति,जनसांखयिकी और संवे दनशील बिंदुओं से अवगत कराना है,ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह संयुक्त कार्रवाई जिले के सभी थानों में निरंतर जारी रहेगी।इसका लक्ष्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा करना है।

# बलहा बीआरसी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज, छात्र हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के माध्यम से विद्यालयी बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता तथा नवाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बलहा में परीक्षा/क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बलहा अरुण कुमार वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस प्रतियोगिता में जूनियर स्तर कक्षा 6 से 8 तक के समस्त न्याय पंचायतों के विद्यालय स्तर से चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा के उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार जितेंद्र (पीएम श्री विद्यालय वैवाही), द्वितीय पुरस्कार प्रवेश कुमार (कंपोजिट विद्यालय नूरीपुरवा), तृतीय पुरस्कार शिवम (पीएम श्री विद्यालय वैवाही), चतुर्थ पुरस्कार नैना देवी (कंपोजिट विद्यालय पतरहिया), पंचम पुरस्कार आमिर (यूपीएस ककरी) को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त क्रमशः शिवा (उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़ैया कला), विपिन कुमार, शालिनी देवी (कंपोजिट विद्यालय पतरहिया), मोहम्मद आरिफ (कंपोजिट विद्यालय बेचईपुरवा) तथा अनिल कुमार (यूपीएस ककरी) को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं शैक्षिक किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। आयोजकों द्वारा बताया गया कि अगले चरण में सभी प्रतिभागियों को विज्ञान से संबंधित एक्सपोजर विजिट पर ले जाया जाएगा। इस अवसर पर एआरपी अमित कुमार पाण्डेय, सूर्य प्रकाश उपाध्याय एआरपी (विज्ञान), शिक्षक आफाक अहमद, रुचि चौधरी, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार मिश्रा, प्रदीप वर्मा, चंद्रशेखर यादव, मुन्ना यादव, राजेश कुमार, हेमंत यादव, डी.डी. पटेल, सीताराम पटेल, राधेश्याम जी, हरिराम जी, दिलीप जी, अब्दुल सलाम, अजीत, अनिरुद्ध, अश्विनी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# संस्कार, संस्कृति और प्रतिभा का उत्सव बना शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को समर्पित राम नारायण मदेशिया सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, नानपारा का वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को स्टेशन रोड स्थित राज पैलेस होटल एंड रिसॉर्ट में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहराइच विभाग के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर प्रचारक बलजीत सिंह, विद्यालय अध्यक्ष सुरेश दत्त शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय मदेशिया तथा विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता मंचासीन रहे। सर्वप्रथम स्कूल की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद प्रधानाचार्य द्वारा अतिथि परिचय एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत गीत के साथ बच्चों द्वारा स्कूल चले हम, तेरी उंगली पकड़ के चला, भारत देशवा के फुलवरिया, सीता स्वयंवर, मैया यशोदा तेरा कन्हैया, सनसन चले पवन पुरवाई, जलसंरक्षण गीत, वीर-वीर का सम्मान करता है, कर चले हम, फागुन का महीना, चालाक चोर, फागुन के रंग उड़े सहित अनेक सांस्कृतिक, नाट्य एवं समूह गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में राज किशोर जी, भारतीय समरसता प्रमुख की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने भी उद्बोधन दिया। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा स्थानीय पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया तथा समाज में उनकी भूमिका की सराहना की गई। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक कृष्णकुमार जी ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे शिक्षण संस्थान बच्चों में केवल शैक्षिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष सुरेश दत्त शुक्ला, प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी, अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप नारायण जायसवाल, आशीष पाण्डेय, हनुमान सिंह, बैकुंठ नाथ अवस्थी, अवधेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिव कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, पत्रकारों एवं विद्यालय परिवार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने किया बूथों का निरीक्षण, नानपारा विधानसभा के सभी मतदेय स्थलों पर आयोजित हुआ मेगा कैंप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत शनिवार को विभिन्न मतदेय स्थलों पर आयोजित मेगा कैंप का निरीक्षण किया गया। मेगा कैंप में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची एवं एएसडी सूची को आम जनमानस के समक्ष पढ़कर सुनाया गया तथा शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत शनिवार को विधानसभा नानपारा क्षेत्र के सभी बूथों पर मेगा कैंप एवं खुली बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा अन्य दावों एवं आपत्तियों से संबंधित फार्म जमा कराए गए। मेगा कैंप के दौरान उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा भाग संख्या 145 व 16 प्राथमिक विद्यालय भज्जापुरवा तथा भाग संख्या 245 से 247 प्राथमिक विद्यालय बरदहा बाजार के बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। संबंधित बूथों पर बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने विभिन्न मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदाताओं की समस्याएं सुनीं और बीएलओ को निर्देशित किया कि शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना सुनिश्चित करें। एसडीएम मोनालिसा जौहरी एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावली एवं एएसडी सूची भी आम जनमानस के समक्ष पढ़ी गई।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान सरलता एवं सुगमता के साथ संपादित किया जा रहा है तथा 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिकाधिक भ्रमण कर कार्य को पूर्ण कराएं तथा शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार कराने में सहयोग करें।

खुली बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए, सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, टैक्स कलेक्टर, सेनेटरी इंस्पेक्टर, सफाई नायक, सफाई कर्मी, पार्षद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, बीसी सखी, राशन डीलर, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह बने बूथ प्रवासी

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने विधान सभा पूरनपुर के कई बूथों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने संगठन के निर्देशानुसार सबलपुर मुरमपुरा फकीरे के बूथ संख्या 63,64,72,73 सहित बूथ संख्या 81 व 110 तकिया दिनारपुर व रुद्रपुर पर पहुंचे उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने का फॉर्म 6 भरवाने के साथ अन्य औपचारिकताए पूर्ण कराई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अप्रूव सिंह को विधानसभा के बूथ संख्या का प्रवासी बनाया गया है। प्रवासी का दायित्व मिलने के साथ ब्लॉक प्रमुख अपूर्व सिंह सक्रिय हो गए।उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 80 और 110 पर पहुंचे जिनकी उम्र 18 वर्ष होने वाली है उनके लिए फॉर्म 6 भरवाने का कार्य कराया इसी के साथ फार्म 7 व फार्म 8 भी भी भरवाया गया उन्होंने मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि परिवार में जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है। और वह 18 वर्ष के हैं।तो वह फॉर्म 6 भरें यदि परिवार में कोई बाहर रहता हो मतदाता सूची में उसका बाहर नाम हो या मृत्यु हो चुकी हो तो नाम निकालने के लिए फार्म 8 भरें किसी का भी नाम जो पात्र है। मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कि वह मतदाता सूची में मतदाता के रूप में दर्ज हो और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें।

## पांच किलो गांजा के साथ कार सवार तीन तस्कर गिरफ्तार

अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने कार सवार मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से पांच किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान कार सवार रवीउल्ला पुत्र अब्दुल कयूम, गयासुददीन खान उर्फ तब्बू पुत्र शराफत उल्ला खां निवासीगण ग्राम सिधियांवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी एवं संतोष कुमार उर्फ पप्पू पुत्र स्व. राम लखन जायसवाल निवासी ग्राम पन्ना टिकरी कामतागंज बाजार थाना कोतवाली देहात सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया।कार व युवकों की तलाशी में उनके कब्जे से पांच किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।निक्सान कार संख्या यूपी 36 ई 8410 के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## मेडिकल शिक्षा को मिलेगी नई दिशा, सुल्तानपुर में होगा बीसीएमई प्रशिक्षण

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर को बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यशाला आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्यशाला महाविद्यालय के 30 शिक्षण संकाय सदस्यों के लिए आयोजित की जाएगी। यह तीन दिवसीय कार्यशाला 9 से 11 फरवरी 2026 तक संपन्न होगी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर का क्षेत्रीय केंद्र आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम एनएमसी द्वारा नियुक्त समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव के संरक्षण में किया जाएगा। कार्यशाला का समन्वय मेडिकल एजुकेशन यूनिट की समन्वयक डॉ. सुपर्णा दुबे द्वारा किया जाएगा। वहीं, मेडिकल एजुकेशन यूनिट, एएसएमसी सुल्तानपुर के चार अन्य संकाय सदस्य संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन) के रूप में प्रशिक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा में शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ करना है।

# भारतीय भाषाओं के सह अस्तित्व का सिलसिला पुराना : प्रो.निरंजन सहाय

## राणा प्रताप पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। हमारा इतिहास इस बात की अनुमति नहीं देता कि हम बिना जाने समझे देश में भाषा को लेकर कोई विवाद करें। भारत में पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण कहीं भी भाषाई संवाद में कभी कोई दिक्कत नहीं रही। भारतीय भाषाओं के सह अस्तित्व का सिलसिला बहुत पुराना है। भारतीय भाषा की अवधारणा को ठीक तरह से समझना जरूरी है। यह बातें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफ़ेसर निरंजन सहाय ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन प्रथम सत्र को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा निर्गुण आंदोलन व सगुण आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक भारत में कभी भी संवाद की भाषा को लेकर कोई विवाद नहीं रहा । आजादी के बाद राजनीतिक कारणों से भाषा विवाद पैदा किए गए। विशिष्ट वक्ता हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर गजेंद्र पाठक ने कहा कि विश्व के इतिहास में पहला विश्वविद्यालय भारत में स्थापित हुआ। ईसा से हजारों साल पहले बत्तीस देशों के विद्यार्थी तक्षशिला आकर शिक्षा ग्रहण करते थे। हजारों साल पहले नालंदा विश्वविद्यालय में सिंघली और तिब्बती व्याकरण का निर्माण किया गया था । दुनिया के सभी देशों में विश्वविद्यालय तब शुरू हुये जब भारत के विश्वविद्यालय नष्ट हो गए। अध्यक्षता करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर विजय कुमार राय ने कहा अंग्रेजों के आने से पहले भारत में कभी भी भाषा की लड़ाई नहीं थी ।भारत की सभी भाषाओं में एक अंतर्सम्बन्ध हैं। संवेदना के स्तर पर देखें तो सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय राजस्थान के प्रोफ़ेसर सुरेन्द्र कटारिया ने कहा कि विकास के लिए भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाषा के दुरुपयोग के प्रति सजग रहना चाहिए। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर राधेश्याम सिंह ने कहा कि पाश्चात्य चिंतकों कि दृष्टि कभी एकत्ववादी नहीं रही अपनी विभेदकारी सोच के कारण उन्होंने भारतीय भाषाओं में विभाजन के बीज बोये। वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने कहा भाषा का स्वभाव ही साझा होता है। कोई भी जीवित भाषा प्रचलित शब्दों से परहेज नहीं करती । संत तुलसीदास पीजी कालेज के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य की अंतरात्मा एक जैसी है। समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ.एम.पी.सिंह संचालन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि व आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रोफ़ेसर इन्द्रमणि कुमार ने किया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर मंचस्थ अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर निशा सिंह, प्रोफ़ेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफ़ेसर धीरेंद्र कुमार,प्रोफ़ेसर रंजना पटेल, डॉ आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ विभा सिंह, डॉ ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, यशस्वी प्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ल समेत अनेक महाविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभिन्न सत्रों में डॉ अखिलेश सिंह, डॉ संतोष अंश, श्रीकांत सिंह, वीरेंद्र गुप्ता आदि ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा में संगठनात्मक मजबूती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अखिल भारत हिन्दू महासभा की जिला इकाई द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सुनील अवस्थी को एक बार फिर नगर अध्यक्ष घोषित किया गया यह घोषणा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा पीलीभीत एवं पूरी जिला इकाई की मौजूदगी में की गई घोषणा के साथ ही संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने सुनील अवस्थी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में संगठन को नगर स्तर पर मजबूती दी और लगातार सक्रिय रहकर संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाया प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि सुनील अवस्थी ने संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य किया है। उनके नेतृत्व में नगर इकाई ने कई सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न किया है जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा राष्ट्रवादी विचारधारा पर कार्य करने वाला संगठन है और ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना संगठन की नीति है। सुनील अवस्थी के पुनः नगर अध्यक्ष बनने से संगठन और अधिक मजबूत होगा जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि संगठन का विस्तार तभी संभव है जब जमीनी स्तर पर सक्रिय और मजबूत नेतृत्व हो। सुनील अवस्थी लगातार कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहते हैं और संगठन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि युवाओं की भागीदारी संगठन के लिए अत्यंत आवश्यक है। सुनील अवस्थी के नेतृत्व में नगर स्तर पर युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य और तेज़ होगा इस अवसर पर महंत अवनीश रतन, महामंत्री डॉक्टर रूपेंद्र वर्मा, जिला मंत्री बीसलपुर सहित पूरी टीम मौजूद रही। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुनील अवस्थी को पुनः नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है।

# सांसद जितिन प्रसाद की मेहनत लाई रंग, गोमती उद्गम स्थल के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु 56.88 करोड़ की जल शक्ति मंत्रालय ने दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप माधोटांडा में स्थित गोमती उद्?गम स्थल के पुर्नजीवन, संरक्षण एवं सौन्दर्गीकरण हेतु जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 56.88 करोड़ की स्वीकृति कर एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने हेतु वैप्कॉस लि0 को दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं जबसे जितिन प्रसाद पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से सांसद बने हैं, तब से ही वह पीलीभीत के माधोटाडा स्थित गोमती उद्गम स्थल के संरक्षण, पुर्नजीवन एवं सौन्दर्गीकरण हेतु लगातार प्रयासरत रहे हैं जिसके लिए उन्होंने लगातार केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी0आर0 पाटिल से लगातार सम्पर्क बनाए रखा इसी का परिणाम है कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गोमती उद्गम स्थल के संरक्षण, पुर्नजीवन एवं सौन्दर्गीकरण हेतु एक विस्तृत परियोजना रिपार्ट बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है वैप्कॉस लि0 जल्द ही अपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर जलशक्ति मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर माँ गोमती उद्गम स्थल माधोटांडा के कायाकल्प हेतु विकास कार्य किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत गोमती नदी उद्गम स्थल का संरक्षण एवं सौन्दर्याकरण, गोमती नदी उद्गम स्थल पर घाटों एवं पाथ-वे का विकास, हरित क्षेत्र का विकास एवं वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का कार्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक परिसर का विकास, पर्यटकों की सुविधा के लिए सुविधा केन्द्र एवं आधारभूत ढांचे का निर्माण किया जायेगा इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से बहुत लाभ मिलेगा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे तथा स्थानीय हस्तशिल्प को बढावा भी मिलेगा केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि यह परियोजना न केवल गोमती नदी की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्व को पुर्नस्थापित करेगी बल्कि क्षेत्रीय विकास पर्यटन संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन के नये द्वार भी खोलेगी यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी तथा विश्वास व्यक्त किया है कि इस समग्र विकास योजना के कियान्वयन से पीलीभीत की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ होगी तथा क्षेत्र को सामाजिक-आर्थिक गति मिलेगी गोमती उद्गम का विकास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के रूप में संरक्षित रहेगा स्थानीय जनता और सामाजिक संगठनों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों की सराहना की है अब उम्मीद की जा रही है कि गोमती अपने पवित्र स्वरूप में फिर से लौटेंगी और आने वाली पीढियों के लिए एक स्वच्छ और समृद्ध जल स्रोत बनने के साथ-साथ इस ऐतिहासिक धरोहर की पहचान पुर्नजीवित होगी।

# संस्कृत विभाग में बाणभट्ट के जीवन पर संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। के.एन.आई, संस्कृत विभाग द्वारा छात्रों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से दिन शनिवार को छात्र संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी बाणभट्ट का जीवन और साहित्यिक योगदान विषय पर रहा। संगोष्ठी की अध्यक्षता संस्कृत विभागाध्यक्ष वंदना सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सर्वेश कुमार उपस्थित रहे। डॉ. सर्वेश कुमार ने अपने संबोधन में संस्कृत गद्य परंपरा के महान आचार्य बाणभट्ट के जीवन व्यक्तित्व एवं साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाणभट्ट को संस्कृत गद्य का अप्रतिम शिल्पकार बताया। बाणभट्ट की हर्षचरित ऐतिहासिक संस्कृत गद्य की उत्कृष्ट कृति तथा कादम्बरी संस्कृत कथा-साहित्य का शिखर ग्रंथ है। इन्होंने बताया कि बाणभट्ट ने अलंकार-प्रधान भाषा-शैली सूक्ष्म भावाभिव्यक्ति सजीव प्रकृति-चित्रण एवं आत्मकथात्मक प्रवृत्ति पर विशेष बल दिया। संगोष्ठी के दौरान बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मरियम खान ने बाणभट्ट के साहित्य में निहित सांस्कृतिक चेतना सामाजिक दृष्टि एवं साहित्यिक नवीनता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जूली मरियम खान अभिषेक कपिल शिवांगी व मुस्कान आदि अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में वंदना सिंह ने कहा कि बाणभट्ट का साहित्य संस्कृत गद्य परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो विद्यार्थियों को शास्त्रीय साहित्य के गहन अध्ययन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## सम्मान एवं सेवानिवृत्ति समारोह

सुलतानपुर। जिले के कोऑपरेटिव विभाग में तैनात सहायक निबंधक (एआर) अंजनी कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को उनका भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम विकास भवन परिसर स्थित प्रेरणा सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी ने की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम के.डी. गोस्वामी, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी डीएसडीओ ददन कुमार सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) मंगल यादव सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं कोऑपरेटिव विभाग से जुड़े लोग उपस्थित रहे। 30 वर्षों का समर्पित एवं अनुकरणीय कार्यकाललगभग तीन दशकों के सेवाकाल में अंजनी कुमार ने कोऑपरेटिव विभाग को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। खाद की किल्लत जैसी गंभीर समस्याओं से लेकर विभागीय जटिलताओं तक, उन्होंने हर परिस्थिति में समन्वय, धैर्य और दृढ़ निर्णय क्षमता के साथ कार्य किया। उनके कार्यकाल में हाईकोर्ट से संबंधित कई मामलों का सफल निस्तारण किया गया, जो उनकी प्रशासनिक दक्षता और अनुभव को दर्शाता है। समय पालन और अनुशासन की मिसाल अधिकारियों ने अपने संबोधन में बताया कि अंजनी कुमार प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक विकास भवन पहुंचकर कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा करते थे।

## शारदा नदी के कटान व बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधायक बाबूराम पासवान ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से भेंट कर अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए स्थायी निराकरण कराए जाने की मांग की मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी विधायक बाबूराम पासवान ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके क्षेत्र में नहरोसा,नौजल्हा नकटा ,खिरकिया बरगदिया गांवों में हर साल शारदा नदी के कटान के किसानों का बहुत नुकसान हो जाता है कटान न हो, इसके लिए बाढ़ खंड के माध्यम से परियोजना को स्वीकृति प्रदान करके धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया विधायक के अनुसार मुख्यमंत्री ने शीघ्र कार्रवाई करने का उन्हें आश्वासन दिया है क्षेत्र में हर साल आने वाली बाढ़ और कटान की समस्या का स्थायी समाधान जल्द होने की उम्मीद है हर साल बारिश में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव जलमग्न हो जाते हैं और बड़ी कृषि भूमि कटान का शिकार हो जाती है पिछले वर्ष इन गांवों को बचाना मुश्किल हो गया था इस बार अगर शारदा नदी में बाढ आई तो कई गांव नदी में कट जाएंगे ऐसे में इन गांवों को बचाने के लिए कटान निरोधक कार्य या तटबंध बनाने की मांग की गई है मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग मुख्य अभियंता को कारवाई के निर्देश दिए हैं जल्द ही शारदा नदी के बायें और दाएं दोनो किनारों पर पक्का तटबंध बनाने की उम्मीद है।

## विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान ने सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याए

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाकार्यकारिणी सदस्य व विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र ऋतुराज पासवान ने अपनी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्रवासियों की समस्या सुनी इस दौरान विभिन्न ग्रामों से गये और क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं उनके के समक्ष रखीं जिसमें नागरिकों ने बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं जिन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द राहत मिल सके जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण का हुजूम मौजूद रहा हैं।

## पुलिस की तत्परता से गुम हुआ मोबाइल बरामद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक मालिक को सुपुर्द किया है नगर के मोहल्ला रजागंज देहात निवासी नाजिम खान का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसे सकुशल वापस लौटा दिया नाजिम खान का मोबाइल फोन बीते दिनो 11 जनवरी को माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास कहीं गुम हो गया था काफी तलाश के बाद भी जब मोबाइल नहीं मिला तो पीड़ित ने पूरनपुर कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज कराई शिकायत मिलते ही कोतवाली प्रभारी पवन पांडे ने मामले को गंभीरता से लिया उन्होंने तत्काल मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लगवाया जैसे ही मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस हुई तुरन्त कोतवाल पवन पांडे के निर्देश पर क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने रम्पुरा फकीरे निवासी एक युवक के पास से मोबाइल फोन बरामद कर लिया सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शनिवार दोपहर करीब एक बजे कोतवाली परिसर में नाजिम खान को उनका खोया हुआ मोबाइल फोन सौंप दिया गया अपना खोया मोबाइल वापस पाकर नाजिम खान ने पूरनपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया पुलिस की तत्परता और समन्वित कार्रवाई ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर आम जनता के विश्वास को और मजबूत किया है।

## घर के बाहर से बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर देहात मे चोरों ने बुधवार शाम को एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली जब व्यक्ति बाइक लाक कर घर में गया था यामीन पुत्र अनवार ने बताया कि वह अपने बाइक नंबर यूपी 26एम 7519 घर से अपने दोस्त के घर आया था उसने घर के बाहर बाइक लगा दिया और खुद घर में चला गया कुछ समय के बाद ही जब वह बाहर आया तो उस का बाइक चोरी हो चुकी थी उसने आस-पास देखा लेकिन कोई पता नहीं चला तो पुलिस को शिकायत दी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है

## अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर सख्ती, बिना रजिस्ट्रेशन संचालन पर हुई कानूनी कार्रवाई

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में बिना पंजीयन संचालित अल्ट्रासाउण्ट सेंटरों के विरूद्ध छापामार कार्यवाही करते हुये उनके विरूद्ध सुसगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायें अमरिया ब्लॉक क्षेत्र में बिना पंजीयन के संचालित एडवान्स अल्ट्रासांउड सेंटर को सीलकर थाना पुलिस को एफआईआर किये जाने हेतु सूचित कर दिया अमरिया स्थित जिसमें सिटी कॉलोनी में एडवांस अल्ट्रासाउण्ड सेंटर जिसके बोर्ड पर जनता अल्ट्रासाउण्ड सेंटर का नाम भी प्रकाशित था सचल दल टीम में डॉ0 मंजीत सिंह चिकित्सा अधिकारी, सहायक शोध अधिकारी समेत उप जिलाधिकारी कार्यालय के कर्मचारी व सम्बन्धित थाना पुलिस भी उपस्थित रही सचल टीम ने जब सेंटर पर छापामार कार्यवाही की, तो केवल एक स्टाफ ही मौजूद मिला स्टाफ से जब टीम ने रजिस्टेशन की प्रति मांगी तो कोई भी कागजजात उनके पास उपलब्ध नहीं था सेंटर मे एक अल्ट्रासाउण्ड मशीन पायी गयी, डॉ0 मंजीत सिंह चिकित्साधिकारी द्वारा जब गहनता से जांच की तो अल्ट्रासाउन्ड की रसीद भी पायी सेंटर पर कोई भी चिकित्सक व टैक्नीशियन मौजूद नहीं था, प्रथम दृष्टया से बिना पंजीयन के सेटर संचालित होना पाया गया डॉ0 मंजीत सिंह चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में अल्ट्रासाउन्ड मशीन के कक्ष को सील करते हुये प्रतिष्ठान को भी सील कर दिया तथा सम्बन्धित प्रतिष्ठान के स्वामियों के विरूद्ध पी0सी0पी0एन0डी0टी0 अधिनियम 1994 के अन्तर्गत दो लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की सूचना सम्बन्धित थाने में दी गयी हैं जनता से अपील है कि इस तरह की प्रतिष्ठान अगर संचालित हो तो उसकी सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में दे सकते है शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

## ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में विकास कार्ययोजना की हुई स्वीकृति

धनपतगंज/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लाक प्रमुख पार्वती सरोज की अध्यक्षता में और सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह की अगुवाई में आज धनपतगंज ब्लाक परिसर में महत्वपूर्व बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दर्जनों क्षेत्र पंचायत सहित कई जनप्रतिनिधि खंड विकास अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। क्षेत्रपंचायत की इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के विकास कार्ययोजना की पुष्टि की है, साथ ही वर्ष 2026-27 के विकास कार्य योजना की स्वीकृति की गई। क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भी अपनी सहमति दी। वहीं विधायक विनोद सिंह ने भी सभी चिहि्नत कार्यों को लेकर विकास करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता है। अब तक जिन गांव में जनहित की जरूरतें हैं, उसे पूरा करवाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। बैठक के बाद सभी ने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया, साथ ही विकास को लेकर हर समय साथ रहने का भरोसा दिलाया।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावें और आपत्तियां की गई प्राप्त

रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान की तिथि में आज जनपद में समाविष्ट छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 177-बछरावां (अ0जा0), 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ0जा0), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार में विद्यमान समस्त मतदेय स्थलों/बूथों पर बूथ लेविल ऑफिसरों (बी0एल0ओ0) द्वारा उपस्थित होकर सम्बन्धित निर्वाचक नामावली एवं दिनांक-06.01.2026 को आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त (ढद्गदधद्यद्यद्गदप्थथ्द्यद्ग) श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची तथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट सूची को प्रदर्शित किया गया। विशेष अभियान दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा विभिन्न बूथ पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, इसी क्रम में समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई।

## सम्पादकीय

# अति आशावाद से बचें

देश में आम बजट से पहले सामने आने वाले आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लचीला व गतिशील बनाने पर बल दिया गया है। यह सर्वेक्षण उन चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है, जिनके लिए सावधानीपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में चालू वित्तीय वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद दर यानी जीडीपी के 7.4 रहने का भरोसा जताया गया है। वहीं आर्थिक सर्वेक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास वृद्धि दर के 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान में सीमापरक तनाव, व्यापार में व्यवधान और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को भी ध्यान में रखा गया है। निश्चित रूप से यह सावधानीपूर्वक दर्शाया गया आशावादी दृष्टिकोण घरेलू मांग, उपभोग और निवेश की मजबूती को ही दर्शाता है। इसके बावजूद कि तमाम बाहरी जोखिम विद्यमान हैं, मसलन टैरिफ को लेकर आपूर्ति शृंखला में तनाव व देश की अपेक्षाओं का संतुलन बनाना शामिल है। यह सार्थक है कि सर्वेक्षण यथार्थवाद को नजरअंदाज नहीं करता है, जो यह भी दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पूंजी प्रवाह व मुद्रा की ताकत से ही सफलता सुनिश्चित नहीं होती। यह भी हकीकत है कि एआई जैसी नई तकनीकों से होने वाले लाभ असमानता को ही बढ़ावा देते हैं। लेकिन इसके लिये भी सहायक मानव संसाधन और विनियामक ढांचे की जरूरत होती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां श्रम शक्ति का बाहुल्य है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश होने का लाभ उठाएं। इसके लिये कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सख्त जरूरत है, जिससे हम गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों के जरिये विश्व में आर्थिक स्पर्धा का मुकाबला कर सकें। ये कदम हमारे निर्यात बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। कालांतर में ये हमारे व्यापार घाटे को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है। इसमें दो राय नहीं है कि हालिया आर्थिक सर्वेक्षण के जरिये एक महत्वाकांक्षी रोड मैप बनाने का प्रयास किया गया है, जिसके अंतर्गत स्वदेशी अभियान को तरजीह देने से लेकर रणनीतिक लचीलेपन और रणनीतिक अनिवार्यता भारत की आर्थिक क्षमता की परीक्षा लेने वाला साबित हो सकता है। लेकिन इसके लिये जरूरी है कि भारत में उत्पादित वस्तुओं की साख को अंतर्राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया जाए। निस्संदेह, विश्व में भारतीय उत्पाद 'खरीदने के बारे में सोचने' से स्थिति को 'बिना सोचे भारतीय उत्पाद खरीदने' वाली सोच विकसित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इस स्थिति के लिये हमें विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता की सख्त जरूरत होगी। निस्संदेह, हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ संपन्न हुए ऐतिहासिक समझौते को लेकर अर्थव्यवस्था में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिसके अर्थव्यवस्था में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लंबे समय से लटके हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता लगातार बनी हुई है। सर्वेक्षण में इस बाबत कहा गया है कि इस वित्तीय वर्ष में इस एफटीए के सिरे चढ़ने की उम्मीद है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी को कितना मिलता है। सवाल यह भी है कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी के जीवन को बदलने में कितना मददगार होगा। एआई और तकनीक क्रांति के दौर में भारतीय विपुल श्रम शक्ति का बेहतर उपयोग कैसे हो सकता है। भारत दुनिया में सबसे युवा श्रम शक्ति वाला देश है तो क्या हम उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार देने में सक्षम होंगे, ताकि वे विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान दे सकें। जरूरत इस बात की है कि देश में बेरोजगारी की दर कम हो और युवाओं के विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये पहल की जाए। वहीं दूसरी ओर फिसलन वाली जमीन पर चलते हुए सर्वेक्षण में दो दशक पुराने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में बदलाव की मंशा जतायी गई है। निस्संदेह, ऐसे किसी बदलाव का आधार तार्किक होना चाहिए।

# आर्थिक सर्वेक्षण से बजट तक : भविष्य के भारत की तलाश

**बजट से पूर्व प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण ने सरकार की सोच और नीति-दृष्टि के कई संकेत दिए हैं। इसमें विकास को केवल आंकड़ों की वृद्धि तक सीमित न रखकर अवसरों के विस्तार, समावेशी विकास और दीर्घकालिक स्थिरता पर जोर दिया गया है। यह स्वीकार किया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां अवश्य हैं, किंतु उनसे अधिक संभावनाएं हैं। यही दृष्टिकोण इस बजट का मूल स्वर होना चाहिए-चुनौतियों को अवसरों में बदलने का साहसिक प्रयास। सबसे पहली और महत्वपूर्ण अपेक्षा निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने को लेकर है। किसी भी अर्थव्यवस्था की वास्तविक मजबूती तभी आती है जब उसके सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी सम्मानजनक जीवन जी सके और उपभोग में भागीदार बने। यदि निम्न आय वर्ग की आय बढ़ती है, उसे सस्ती और सुलभ सुविधाएं मिलती हैं, तो उसका सीधा प्रभाव मांग पर पड़ता है और मांग बढ़ने से उत्पादन, निवेश और रोजगार-तीनों को गति मिलती है। इसलिए इस बजट में प्रत्यक्ष नकद अंतरण, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च के साथ-साथ रोजगार सृजन के ठोस उपाय अपेक्षित हैं। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरण, शहरी गरीबों के लिए भी समान प्रकृति की योजनाएं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। शहरी विकास इस बजट का एक और प्रमुख केंद्र होना चाहिए। भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है और शहरों पर जनसंख्या, आवास, परिवहन, जल, स्वच्छता और पर्यावरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। केवल बड़े महानगरों पर निर्भरता अब व्यावहारिक नहीं रही। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा द्वारा सुझाया गया शहरी विकेंद्रीकरण का विचार आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। छोटे और मध्यम शहरों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाना, उद्योगों और सेवाओं को वहां प्रोत्साहित करना, न केवल महानगरों पर बोझ कम करेगा बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को भी घटाएगा। बजट में यदि टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए विशेष शहरी अवसंरचना पैकेज, परिवहन नेटवर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी और कौशल विकास योजनाएं लाई जाती हैं, तो यह दूरगामी परिवर्तन का आधार बन सकता है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ, व्यापार अवरोध और संरक्षणवाद की प्रवृत्तियां भारत के लिए चुनौती भी हैं और अवसर भी।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के पटल पर प्रस्तुत किया जाने वाला बजट केवल आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि वह देश की आर्थिक दिशा, सामाजिक प्राथमिकताओं और भविष्य की संभावनाओं का दर्पण होता है। आज जब भारत एक ओर तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है और दूसरी ओर वैश्विक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, जलवायु संकट और तकनीकी परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब यह बजट और भी अधिक अर्थपूर्ण हो जाता है। व्यक्तिगत नागरिक से लेकर व्यापारी, उद्योगपति, किसान, श्रमिक, युवा और मध्यम वर्ग-सभी की निगाहें इस बजट पर टिकी हैं, क्योंकि इससे न केवल वर्तमान वर्ष की आर्थिक तस्वीर, बल्कि 'भविष्य के भारत' की झलक भी मिलती है। बजट से पूर्व प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण ने सरकार की सोच और नीति-दृष्टि के कई संकेत दिए हैं। इसमें विकास को केवल आंकड़ों की वृद्धि तक सीमित न रखकर अवसरों के विस्तार, समावेशी विकास और दीर्घकालिक स्थिरता पर जोर दिया गया है। यह स्वीकार किया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां अवश्य हैं, किंतु उनसे अधिक संभावनाएं हैं। यही दृष्टिकोण इस बजट का मूल स्वर होना चाहिए-चुनौतियों को अवसरों में बदलने का साहसिक प्रयास। सबसे पहली और महत्वपूर्ण अपेक्षा निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने को लेकर है। किसी भी अर्थव्यवस्था की वास्तविक मजबूती तभी आती है जब उसके सबसे निचले पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी सम्मानजनक जीवन जी सके और उपभोग में भागीदार बने। यदि निम्न आय वर्ग की आय बढ़ती है, उसे सस्ती और सुलभ सुविधाएं मिलती हैं, तो उसका सीधा प्रभाव मांग पर पड़ता है और मांग बढ़ने से उत्पादन, निवेश और रोजगार-तीनों को गति मिलती है। इसलिए इस बजट में प्रत्यक्ष नकद अंतरण, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च के साथ-साथ रोजगार सृजन के ठोस उपाय अपेक्षित हैं। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों का सुदृढ़ीकरण, शहरी गरीबों के लिए भी समान प्रकृति की योजनाएं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। शहरी विकास इस बजट का एक और प्रमुख केंद्र होना चाहिए। भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है और शहरों पर जनसंख्या, आवास, परिवहन, जल, स्वच्छता और पर्यावरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। केवल बड़े महानगरों पर निर्भरता अब व्यावहारिक नहीं रही। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा द्वारा सुझाया गया शहरी विकेंद्रीकरण का विचार आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। छोटे और मध्यम शहरों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाना, उद्योगों और सेवाओं को वहां प्रोत्साहित करना, न केवल महानगरों पर बोझ कम करेगा बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को भी घटाएगा। बजट में यदि टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए विशेष शहरी अवसंरचना पैकेज, परिवहन नेटवर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी और कौशल विकास योजनाएं लाई जाती हैं, तो यह दूरगामी परिवर्तन का आधार बन सकता है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ, व्यापार अवरोध और संरक्षणवाद की प्रवृत्तियां भारत के लिए चुनौती भी हैं और अवसर भी। अजय बंगा का यह कथन कि टैरिफ पर अधिक चिंता करने के बजाय व्यापारिक अवसरों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, भारत की वर्तमान स्थिति के लिए उपयुक्त दृष्टि प्रदान करता है। भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, युवा जनसंख्या, डिजिटल क्षमताएं और उद्यमशीलता की प्रबल ऊर्जा है। यदि यह बजट निर्यात-उन्मुख उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू-एडेड सेक्टर को प्रोत्साहन देता है, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और मजबूत स्थान बना सकता है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को केवल नारों से आगे ले जाकर व्यावहारिक नीति समर्थन की आवश्यकता है-सरल कर संरचना, आसान ऋण, अनुसंधान एवं नवाचार में निवेश और व्यापार करने में सुगमता के माध्यम से। इस संदर्भ में मध्यम वर्ग की भूमिका को नजरअंदाज करना आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती होगा। मध्यम वर्ग किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है-वह सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है और सबसे बड़ा करदाता भी। विडंबना यह है कि बजट चर्चाओं में अक्सर यही वर्ग अपेक्षाकृत उपेक्षित रह जाता है। बढ़ती महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य का खर्च, आवास ऋण और करों का बोझ मध्यम वर्ग की बचत और उपभोग दोनों को प्रभावित करता है। यदि इस बजट में आयकर स्लैब में तर्कसंगत सुधार, शिक्षा-स्वास्थ्य पर कर राहत और आवास को प्रोत्साहन जैसे कदम उठाए जाते हैं, तो इससे न केवल मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी बल्कि मांग-आधारित विकास को भी बल मिलेगा। उद्योगों और व्यापार जगत के लिए बजट से अपेक्षा है कि वह स्थिर और पूर्वानुमेय नीति वातावरण प्रदान करे। निवेशक अनिश्चितता से डरते हैं। कर नीति में बार-बार बदलाव, अनुपालन की जटिलता और नियामक अस्पष्टता निवेश को बाधित करती है। इस बजट में यदि दीर्घकालिक कर-नीति का स्पष्ट संकेत, एमएसएमई सेक्टर के लिए सस्ता ऋण, तकनीकी उन्नयन के लिए प्रोत्साहन और हरित उद्योगों के लिए विशेष पैकेज दिए जाते हैं, तो यह उद्योगों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र, जो रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत है, उसे आर्थिक पुनरुत्थान का केंद्र बनाया जाना चाहिए। भविष्य के भारत की कल्पना केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं हो सकती। इसमें पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में हरित ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और टिकाऊ कृषि को बजट में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि नए उद्योगों और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। शिक्षा और कौशल विकास में निवेश भविष्य की कार्यशक्ति को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा, जबकि स्वास्थ्य पर खर्च एक स्वस्थ और उत्पादक समाज की नींव रखेगा। अंततः यह बजट एक संतुलन की परीक्षा है-राजकोषीय अनुशासन और विकासात्मक खर्च के बीच, अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक सुधारों के बीच, तथा विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं के बीच। यदि यह बजट निम्न वर्ग की क्रय-शक्ति बढ़ाने, मध्यम वर्ग को राहत देने, शहरी विकेंद्रीकरण को गति देने और वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलने की स्पष्ट दिशा देता है, तो यह केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम का घोषणापत्र बन सकता है। देश को आज ऐसे ही बजट की आवश्यकता है-जो आशा जगाए, विश्वास पैदा करे और भविष्य के प्रति एक सकारात्मक, साहसिक दृष्टि प्रस्तुत करे। **– ललित गर्ग**

# यूजीसी इक्विटी रैगुलेशन, उलटी दिशा में सफर

**मिहिर भोले**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वीरवार यू.जी.सी. विनियम 2026 पर स्टे लगाने के बाद देश के हर सामान्य नागरिक विशेषकर छात्रों और शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। उसकी जगह कोर्ट ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए फिलहाल पूर्ववर्ती 2012 के नियम को लागू कर दिया है। मार्च के महीने में 2026 के विनियम पर विस्तृत सुनवाई होगी। लेकिन माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाला बागची की खंडपीठ ने इसके बारे में जो टिप्पणियां की हैं, वे काफी गंभीर और विचारणीय हैं। उन्होंने जाति से जुड़े कुछ आधारभूत प्रश्न किए हैं। यू.जी.सी. के इस भेदभावपूर्ण विनियम के आलोक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे हैं, अपने आप में बड़े प्रश्न खड़े करती है। खंडपीठ ने कहा कि हमें एक जातिविहीन समाज की ओर बढना चाहिए लेकिन हम आजादी के 75 साल बाद भी जाति की जंजीरों में जकड़े हुए हैं। क्या पिछले 75 वर्षों में हमने जो कुछ हासिल किया, उसको गंवाना चाहते हैं? यह चिंताजनक है। भारत का संविधान एक समावेशी समाज बनाने पर बल देता है। जातिवाद के खिलाफ हमने बड़े कदम उठाए हैं। जिस किसी को भी सुरक्षा की जरूरत है वह उसको मिलनी चाहिए। जहां तक इस विनियम का प्रश्न है, तो प्रथम दृष्टया यह अस्पष्ट दिखता है। कानून के विशेषज्ञों को इसकी भाषा को स्पष्ट करने की जरूरत है। अपने वर्तमान स्वरूप में इस विनियम के दुरुपयोग की संभावनाएं हैं और यह संविधान की धारा 31 सी को चुनौती देता है। ये वही प्रश्न थे जो हर किसी को खटक रहे थे। वास्तव में उच्च शिक्षा व्यवस्था से यह अपेक्षा की जाती है कि वह समाज को बांटने वाले पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर ज्ञान, विवेक और मुक्त चिंतन को बढ़ावा दे। विश्वविद्यालय और कॉलेज विचारों के ऐसे मंच होते हैं, जहां व्यक्ति अपनी पहचान से पहले छात्र और फिर शोधकर्त्ता बनता है। दुर्भाग्यवश, यू.जी.सी. द्वारा प्रस्तावित इक्विटी रैगुलेशन 2026 इसी मूल भावना के विपरीत खड़ा दिखाई देता है। यह विनियम समानता के नाम पर भेदभाव की एक ऐसी इकतरफा और संकीर्ण परिभाषा गढ़ता है, जो समस्या के समाधान से अधिक, नई समस्याओं को जन्म देने वाली है। स्वयं मेरे लिए एक शिक्षक के रूप में यह मानना कठिन है कि कक्षा में खड़ा होकर कोई भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों को जाति के चश्मे से देखता या उनसे कोई भेदभाव करता है। वर्षों तक पढ़ाने, मार्गदर्शन देने और शोध कराने के दौरान एक शिक्षक के लिए छात्र की पहचान उसकी जिज्ञासा, अनुशासन और बौद्धिक क्षमता से बनती है, न कि किसी सामाजिक वर्ग से। यही कारण है कि अधिकांश शिक्षक अपने छात्रों की उपलब्धियों में ईर्ष्या नहीं, बल्कि गर्व महसूस करते हैं, चाहे वे किसी भी जाति-वर्ग से हों। जिस रोहित वेमुला प्रकरण के आलोक में इस एकतरफा कानून को बनाने की बात कही जा रही थी, उसकी सच्चाई खुद तेलंगाना सरकार की रिपोर्ट में खुल चुकी है। यू.जी.सी. रैगुलेशन 2026 की सबसे गंभीर समस्या उसकी जातिगत भेदभाव की परिभाषा है। यह परिभाषा पहले ही यह मानकर चलती है कि शैक्षणिक परिसरों में भेदभाव एकतरफा होता है, यानी एक वर्ग स्वभावतरू उत्पीड़क है और दूसरा पीड़ित। यह दृष्टिकोण न केवल बौद्धिक रूप से आलसी है, बल्कि सामाजिक रूप से खतरनाक भी। क्या भेदभाव केवल एक ही दिशा में होता है? क्या अपमान, बहिष्कार, वैचारिक ङ्क्षहसा और सामाजिक तिरस्कार किसी एक ही वर्ग तक ही सीमित है? आज का सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य बिल्कुल अलग है। जिन्हें हम पिछड़ा या दलित कह कर संबोधित करते हैं, वे अब देश और समाज का नेतृत्व कर रहे हैं, उच्चतम पदों पर आसीन हैं और अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। देश की अल्पसंख्यक सामान्य जाति की तरफ से इसका कोई विरोध भी नहीं है। फिर भी पिछले कुछ दशकों में विश्वविद्यालय परिसरों में खुलेआम जाति-आधारित नारेबाजी, सामूहिक अपमान और वैचारिक बहिष्कार के दृश्य देखे गए हैं। 'तिलक-तराजू और तलवार' जैसे प्रतीकों को गाली बनाकर प्रस्तुत करना, एक पूरे समुदाय को शोषक, मनुवादी या पितृसत्तात्मक कह कर खारिज करना अब फैशनेबल बना दिया गया है। संभवतरू मार्च में जब इस विनियम पर सुनवाई होगी तो न्यायालय के समक्ष खतरनाक जातिगत भेदभाव के ये उदाहरण भी रखे जाएंगे।

## सेहत मंत्र

# शरीर के लिए बेहद जरूरी है कैल्शियम

मानव शरीर को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है और कैल्शियम इनमें से एक है। मनुष्य को मजबूत हड्डियों को बनाने और बनाए रखने के लिए कैल्शियम की आवश्यकता होती है, और शरीर का 99 प्रतिशत कैल्शियम हड्डियों और दांतों में होता है। मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों के बीच स्वस्थ संचार बनाए रखने के लिए भी यह आवश्यक है। यह मसल्स मूवमेंट और कार्डियोवैस्कुलर फंक्शन में एक भूमिका निभाता है। कैल्शियम के साथ?साथ, लोगों को विटामिन डी की भी आवश्यकता होती है, क्योंकि यह विटामिन शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। विटामिन डी मछली के तेल, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों, और सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आता है। वहीं, कैल्शियम कई खाद्य पदार्थों में स्वाभाविक रूप से होता है, और खाद्य निर्माता इसे कुछ उत्पादों में जोड़ते हैं। वहीं इसके सप्लीमेंट्स भी मार्केट में उपलब्ध हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि कैल्शियम शरीर के लिए कई मायनों में बेहद जरूरी है। हमारे शरीर की लगभग हर कोशिका किसी न किसी तरह से कैल्शियम का उपयोग करती है। कुछ क्षेत्र जहां हमारे शरीर में कैल्शियम का उपयोग होता है वह हमारे तंत्रिका तंत्र, मांसपेशियों, हृदय और हड्डी है। अगर शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा हो तो आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। वैसे मजबूत दांतों व हड्डियों का निर्माण करने के अलावा कैल्शियम ब्लड क्लॉटिंग, तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजना व प्राप्त करना, हार्मोन व अन्य केमिकल्स को रिलीज करना व हार्टबीट को सामान्य रखने में भी मदद करता है। वहीं अगर कैल्शियम के स्त्रोत की बात हो तो आप कई तरह के खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करके इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। वैसे तो डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे चीज़, दही, दूध आदि को कैल्शियम का मुख्य स्त्रोत माना जाता है, लेकिन इसके अलावा चिया सीड्स, सार्डिन व साल्मन, बीन्स, दालें, बादाम, केला, ओकरा और पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां, सोया मिल्क, सूखे अंजीर, सूरजमुखी के बीज, ब्रोकली आदि में कैल्शियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है।

## धर्म मंत्र

# गीता में भगवान ने कहा है- जब जब अधर्म बढ़ता है तब तब मैं अवतार लेता हूँ


गीता प्रेमियों ! दर्द एक संकेत है कि हम जिंदा हैं। समस्या एक संकेत है कि हम मजबूत हैं और प्रार्थना एक संकेत है कि हम अकेले नहीं हैं, हमारे साथ भगवान हैं। आइए ! गीता प्रसंग में चलते हैं- पिछले अंक में हमने पढ़ा- जो मनुष्य भगवान से विमुख रहता है उसके सामने भगवान अपनी योगमाया में छिपे रहते हैं और एक साधारण मनुष्य की तरह दिखते हैं, लेकिन जो भगवान के सम्मुख होता है, भगवान उसके सामने प्रकट हो जाते हैं। अब भगवान अपने अवतार का कारण बताते हैं-

**श्रीभगवानुवाच**
**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥**

हे भरत वंशी अर्जुन! जब भी और जहाँ भी धर्म का पतन और अधर्म का उत्थान होता है, तब-तब मैं अपने स्वरूप को प्रकट करता हूँ। कहने का तात्पर्य यह है कि जितनी बार आवश्यकता और अवसर प्राप्त हो जाए, उतनी बार भगवान अवतार लेते हैं। देखिए! समुद्र मंथन के समय भगवान ने अजितरूप से समुद्र मंथन किया, कच्छपरूप से मंदराचल पर्वत को धारण किया तथा सहस्त्रबाहु रूप से मंदराचल को ऊपर से दबाकर रखा, फिर देवताओं को अमृत बाँटने के लिए मोहिनी-रूप धारण किया। इस प्रकार भगवान ने एक साथ कई रूप धारण किए। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग इन चारों युगों में क्रमशः धर्म का नाश होता रहता है।

## पर्यटन







# ऊर्ज़ा और शक्ति का स्रोत सूर्य देश में हैं अनेक सूर्य मंदिर

सूर्य को ऊर्ज़ा एवं शक्ति का स्त्रोत माना गया है। रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा-अर्चना का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। पौराणिक वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के तौर पर किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्ज़ा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता यह भी है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी। वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है। जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्क सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं।

# पुण्यतिथि पर राजा राजीव को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जन सैलाब

## डबल इंजन सरकार के अब टकराने लगे डिब्बे – शिवपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पूर्व रियासत हाल है के राजा एवं सपा सरकार में मंत्री रहे दिवंगत नेता राजा राजीव कुमार सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में जन सैलाब उमड़ पड़ा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। और अपने प्रिय नेता राजीव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति शेष राजा राजीव कुमार सिंह के पुत्र रितेश कुमार सिंह 'रिंकू भैया' ने शिवपाल यादव को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर शब्द बाण चलाए। उन्होंने महंगाई, धान खरीद और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। शिवपाल यादव ने कहा कि ''अभी तक डबल इंजन आपस में टकरा रहे थे, लेकिन अब डिब्बे भी टकराने लगे हैं।शिवपाल यादव ने 2027 के विधानसभा चुनावों में बाराबंकी की सभी छह विधानसभा सीटें जिताने की अपील की। उन्होंने दरियाबाद विधानसभा से समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी राजा रितेश कुमार सिंह को आशीर्वाद दिया और उपस्थित भारी जनसमूह से उन्हें मजबूती प्रदान करने का भी आह्वान किया। हावड़ा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी रिकॉर्ड भीड़ ने एक बार फिर हडाहा राज परिवार के प्रति क्षेत्रवासियों की निष्ठा प्रदर्शित कर दी। रितेश कुमार सिंह ने इस सभा में हजारों लोगों को एकत्रित कर अपनी राजनीति ताकत का प्रदर्शन किया। शिवपाल यादव दोपहर करीब 12:15 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले समाधि स्थल पर जाकर स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे मंच पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं औरउनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा भी शिवपाल यादव के साथ उपस्थित रहे।अपने संबोधन में शिवपाल यादव ने स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह को याद करते हुए कहा कि वे उनके साथ मंत्री थे और छह बार विधायक रहे। उन्होंने हमेशा जनता के लिए कार्य किया। उन्होंने स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा, स्वर्गीय रामसेवक यादव और अनंत राम जायसवाल सहित स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह सरीखे सर्वप्रिय समाजवादी नेताओं का स्मरण कराते हुए कहा इन नेताओं ने जिले का चौमुखी विकास करवाया।उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की सरकारों (2003 और 2012) के दौरान केवल इटावा और बाराबंकी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के 75 जिलों में विकास कार्य हुए। शिवपाल यादव ने नमामि गंगे परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अब तो सत्तारूढ़ दल के विधायक ही अपने मंत्रियों को घेरने लगे हैं। इस मौके पर फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद, विधायक गौरव रावत, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह, विजय कुमार यादव, आदेश जैन, राजवीर यादव, सोनू सिंह, स्वतंत्र सिंह, अतुल सिंह आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रीतम सिंह वर्मा ने किया।

### साथी के विरुद्ध कार्यवाही से नाराज चालकों का आंदोलन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को सफ़ेदाबाद स्थित कोको कोला कम्पनी के सामने अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया जब कम्पनी गेट के सामने भारी संख्या मे वाहन चालकों ने एक चालक के विरुद्ध की गई कार्यवाही से नाराजगी व्यक्ति करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया – प्राप्त विवरण के अनुसार गत दिनो कम्पनी मैनेजर व वाहन चालक से किसी बात को लेकर झड़प हो गई थी उक्त घटना के समय जबतक अन्य कर्मचारी मामला समझ कर दोनों के बीच समझौता करा पाते कि दोनो मे मार पीट हो गई, बताया जाता है कि इस घटना को प्रबन्धन ने गंभीरता से लेते हुए चालक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे नौकरी से निकालने का फरमान सुना दिया गया बस जैसे ही यह जानकारी अन्य साथियो को हुई कि आक्रोश फैल गया और वाहन चालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव के नेतृत्व मे धरना शुरू करदिया, अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि वाहन चालक के विरुद्ध की गई कार्यवाही न्याय पूर्ण नही है दोष मैनेजर का भी है उसपर भी कार्यवाही हो अगर ऐसा नही हुआ तो धरना और उग्र होगा जब तक मैनेजर के विरुद्ध कार्यवाही नही होती है तब धरना प्रदर्शन जारी रहेगा

### सड़क हादसे में दो युवक जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत के मोहल्ला डडिया मऊ निवासी दो युवक शुक्रवार की देररात्रि सड़क हादसे में गंभीररूप से घायल हो गए।घायलों में विशाल(22)पुत्र छत्रपाल और मुकेश (22) पुत्र बृजेश कुमार शामिल हैं। दोनों युवक बाइक से लखनऊ से फतेहपुर लौट रहे थे, तभी इसरौली क्षेत्र में एक तेज रफ्तारकार ने उनकी बाइक को टक्करमार दी।विशाल की 13 फरवरी को शादी तय है। इसी सिलसिले में वह अपने दोस्त मुकेश के साथ लखनऊ में रिश्तेदारों और परिचितों को शादी का निमंत्रण देने गया था। सूचना पर पहुंचीपुलिस ने मौके का निरीक्षणकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरूकर दी है।

### छत से गिरा मासूम गंभीर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क दादनपुर गांव निवासी चन्दमौली क पुत्र लवकुश(3) देर शाम घर की छत पर खेलते समय नीचे गिर गया।परिजनों ने उसे उपचार हेतु सीएचसी पहुंचाया।जहां चिकित्सक ने नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सर और शरीर में गंभीर चोटें आने की आशंका जताई है।

### जयंती, श्रद्धा पूर्वक याद किए गए संत रविदास

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती वंदना सभा पर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा द्वारा माँ सरस्वती एवं संत रविदास जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। इस मौके पर संत रविदास जी के सजातीय सेवक नागेश्वर को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य वीरेंद्रवर्मा ने संत रविदास जी की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपने पूरे जीवन में समाज में व्याप्त आडंबरों और अंधविश्वासों को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने ल्लमन चंगा तो कठौती में गंगाङ्क के संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को आंतरिक पवित्रता और सदाचार का महत्व समझाया। अंत में वरिष्ठ आचार्य वीरेंद्र शर्मा ने उपस्थित आचार्यों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्तकिया। संपूर्ण कार्यक्रम श्रद्धा,भक्ति और नैतिक प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा।

### करियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स आत्मनिर्भरता प्रेरणा

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील अंतर्गत सूरतगंज मार्ग पर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से एक 'करियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स' का आयोजन हुआ। सुबह करीब 11बजे शुरू हुए कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी,विशेषज्ञ और मार्गदर्शक एक मंच पर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम बहुआयामी स्वरूप का था। कॉलेज परिसर में विभिन्न विभागों के डेस्क और सूचना स्टॉल लगाए गए, जो छात्राओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। मंच पर स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, सिविल सेवा, बैंकिंग और ब्यूटी एवं वेलनेस क्षेत्र के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी विशेषज्ञों ने छात्राओं से सीधा संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। स्वास्थ्यविभाग के विशेषज्ञों ने 'स्वस्थ शरीर,उज्ज्वल भविष्य' का संदेश देते हुएव्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार,मानसिक स्वास्थ्य और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। पुलिस विभाग की टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति 1090 और 112 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी, ताकि छात्राएं निर्भीक होकर आगे बढ़ सकें।



### बुद्ध भीम ज्ञान वर्षा बाबा साहेब का स्मरण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ग्राम कसरैलाडीह में रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय बुद्ध भीम ज्ञान वर्षा आयोजन में भाजपा नेता नीरज वर्मा की उपस्थित गरिमामय रही। श्री वर्मा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन समिति और ग्रामवासियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।इस अवसर पर भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि उनका जीवन वैराग्य, त्याग और करुणा का प्रतीक है, जो यह सिखाता है कि सच्चा सुख सांसारिक साधनों में नहीं, बल्कि मन की साधना में निहित है।वर्मा ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में अच्छे विचारों को बढ़ावा देते हैं।

## फार्म स्कूल का जॉइंट डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा के ग्राम हाजीपुर में कृषक शिवभूषण सिंह के प्रक्षेत्र पर सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत संचालित फार्म स्कूल का निरीक्षण संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या ए.के. मिश्रा द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला कृषि अधिकारी राजित राम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जिला सलाहकार के.एन. पांडे एवं तकनीकी सहायक राजू पांडे उपस्थित रहे। संयुक्त कृषि निदेशक ने अचीवर कृषक शिवभूषण सिंह से फार्म स्कूल की प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

कृषक शिवभूषण सिंह ने बताया कि उनके खेत का चयन आत्मा योजना के अंतर्गत फार्म स्कूल के लिए किया गया है। खेत का मृदा परीक्षण कर उसकी संस्तुति के आधार पर कृषि इनपुट्स का प्रयोग किया गया। उन्हें राजकीय कृषि बीज भंडार निंदूरा से गेहूं की प्रजाति डीबीडब्ल्यू 303 (एफ/एस) का 100 किलोग्राम बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। साथ ही कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुपर सीडर मशीन से खेत की बुवाई कराई गई।

कृषक के प्रक्षेत्र पर तकनीकी सहयोग के तहत चार बार फार्म स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के अन्य कृषकों को भी प्रशिक्षण दिया गया। करके सीखो और देखकर विश्वास करो की अवधारणा के तहत फसल की विभिन्न क्रांतिक अवस्थाओं पर कृषकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

खंड तकनीकी प्रबंधक सुशील अग्निहोत्री, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) संजय कुमार, प्राविधिक सहायक आशीष कुमार, पारस मणि पांडे एवं राम मिलन द्वारा समय-समय पर प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर दिए जा रहे आवश्यक सुझाव कृषक द्वारा अपनाया जा रहा है।

कृषक ने बताया कि संयुक्त कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी ने आत्मा योजना के सफल क्रियान्वयन एवं फसल की गुणवत्ता की सराहना की।

इस अवसर पर ग्राम के कृषक, सहायक विकास अधिकारी हरि प्रकाश चौधरी, प्रभारी राजकीय कृषि भंडार रामवीर सहित पारस मणि पांडे, आशीष कुमार एवं राम मिलन सहायक तकनीकी प्रबंधक उपस्थित रहे।

## कौतूहल बना पकरिया का पेड़, उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा के ग्राम अमावा में एक वर्ष पूर्व आंधी में गिरा पकरिया का पेड़ इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि यह पेड़ करीब एक साल पहले तेज आंधी के कारण गिर गया था, जिसके बाद इसका अधिकांश हिस्सा ग्रामीणों द्वारा काट लिया गया था।

बीते दो दिनों से ग्रामीणों में उस समय कौतूहल और आस्था का माहौल बन गया, जब शुक्रवार को उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा कि गिरा हुआ पकरिया का पेड़ सीधा खड़ा दिखाई दे रहा है। यह दृश्य देखते ही देखते गांव में फैल गया और सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचकर पेड़ को देखने लगे।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर यह पेड़ स्थित है, उसके पास ही माता का प्राचीन दरबार है। ऐसे में लोग इस घटना को माता की कृपा और चमत्कार से जोड़कर देख रहे हैं। गांव में दिनभर पेड़ को देखने वालों का तांता लगा रहा और लोग आस्था के साथ माथा टेकते नजर आए। हालांकि कुछ लोग इसे प्राकृतिक कारणों से जोड़कर देख रहे हैं, लेकिन अधिकांश ग्रामीण इसे दैवीय चमत्कार मान रहे हैं। इस अनोखी घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है और गांव में श्रद्धा व विश्वास की भावना और प्रबल हो गई है।

## दो हत्या आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश, राजीव कुमार द्वितीय ने थाना कुर्सी से संबंधित हत्या के एक मामले में दो अभियुक्तों को सुनवाई के बाद दोषी करार देकर दोनों को आजीवन कारावास के दंड से दंडित किया और प्रत्येक पर ?10000(दस हजार) का जुर्माना भी लगाया ।कोर्ट ने कहा जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्तगणों को 6 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार दुबे ने बताया कि कुर्सी थाने में वादी मुकदमा रवींद्र सिंह, निवासी मदीनपुर थाना देवाँ ने 14 दिसंबर 2021 को तहरीर देकर बताया था कि उसका छोटा भाई विजेंद्र सिंह 13 दिसंबर 2021 की शाम को शौच के लिए गया था काफी देर तक घर नहीं लौटा। उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो मोबाइल स्विच ऑफ था। उसको ढूंढने के लिए वह और उसके परिजन खेत की तरफ गए थे। काफी देर के बाद अंबरपुर, मजरा सिकंदरपुर के पास नाले में उसका भाई बिजेंद्र पड़ा हुआ मिला उसके सिर और कान से खून निकल रहा था ।वादी गांव के लोगों की मदद से विजेंद्र को टिकैतगंज शिफा हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया था।तहरीर में उसने बताया था कि उसके भाई की किसी ने हत्या कर दिया है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की,दौरान विवेचना पुलिस को पता चला कि मृतक विजेंद्र की बहन एक मोबाइल शॉप पर जाती थी जहां काम करने वाले अखिलेश साहू और विनीत साहू उससे बातचीत करते थे। मृतक विजेंद्र को इसकी जानकारी होने पर उसने इसका विरोध किया था।लेकिन कई बार मना करने के बाद भी अखिलेश साहू और विनीत साहू ने उसकी बहन से बात करना बंद नहीं किया और उससे रंजिश रखने लगे। इसी रंजिश के कारण अखिलेश साहू और विनीत साहू ने मिलकर विजेंद्र की हत्या कर दी थी।पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा बांस का मोटा डंडा बरामद किया था।पुलिस ने दोनों के विरुद्ध हत्या की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया था जहां अभियोजन ने नौ गवाहों को कोर्ट पर पेश किया।

## विसर्जित मूर्तियां जल प्रदूषित बदली नदियों की शक्ल-ओ-सूरत, शासन प्रशासन के दावे खोखले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। राजा भगीरथ के प्रयास से मोक्षदायिनी गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं नदियों को स्वच्छ बनाये रखने के लिए शासन प्रशासन बड़े बड़े दावे करती है लेकिन नदियों मे होने वाली प्रतिमा विसर्जन के बाद सफाई न होने के कारण नदियों का स्वरूप बदलता जा रहा हैं नदियों को उनका वास्तविक रूप देने का वीणा उठाने वाले कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज निवासी ऑफिसियल आइकॉनिक आकाश वर्मा ने शनिवार को कल्यानी नदी पड़रिया घाट की अकेले सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया।

गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरी कल्याणी नदी

वातावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ क्षेत्र की सुंदरता में भी चारचांद लगती है. लेकिन लगातार पिछले कई सालों से इसका अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है. आज की बात करे तो इसकी तस्वीर बिलकुल बदल चुकी है. जलीय जीव, जंतु भी इस नदी को छोड़ कर जा चुके, जो बचे है वह भी अब इस दूषित पानी में जी नही पा रहे है-

(होते हैं धार्मिक कार्यक्रम)

कल्याणी नदी की तट पर बना हुआ पड़रिया घाट जहा तमाम धार्मिक कार्यक्रम समय-समय पर होते रहते है. जिसमें लोग हजारों की संख्या में पहुँचते है. साथ ही यहां मूर्ति विसर्जन, छठपूजा जैसे बड़े पर्व भी किये जाते है. इस दौरान प्रशासन घाटों की सफाई भी करता है लेकिन यह सफाई बस चंद घण्टो या चंद दिनों के लिए ही रहती है बाद में फिर घाट की दुर्दशा बदल जाती है। जिससे घाट पर हमेशा गंदगी बनी रहती है। (क्या कहते है ऑफिसियल आइकॉनिक आकाश वर्मा)

कल्याणी नदी के विसर्जन घाट की सफाई करने वाले ऑफिसियल आइकॉनिक आकाश वर्मा का कहना है कि घाट पर कर्मचारियों को लगाकर निगरानी कराई जाए और इन सामग्रियों को फेंकने के लिए घाट पर एक बड़ी डस्टबिन का निर्माण कराया जाए. इसके अलावा स्थानीय लोग इस घाट पर अपने जानवर गाय भैंसों को भी नहलाने के लिए लाते हैं. जिससे भी पानी काफी प्रदूषित होता है. ऐसे में मुख मार्ग पर गेट लगाया जाए और पशुओं को इस घाट पर नहलाने के लिए रोका जाए. शायद तभी जाकर यह घाट सुरक्षित रहेगा और इसका अस्तित्व बच पाएगा।

## महादेवा फागुनी मेला : सुरक्षा व प्रबंधन को लेकर पुलिस अलर्ट, एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। आगामी फागुनी मेले के मद्देनज़र प्रसिद्ध महादेवा धाम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को तहसीलदार विपुल सिंह व पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, जलाशय, रैन बसेरा एवं अन्य प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम दर्शन की सुविधा मिले।

मेले की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी रामनगर थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय को सौंपी गई है। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, कंट्रोल रूम की स्थापना तथा यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत का बयान

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गरिमा ंत ने कहा– फागुनी मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से तैनात रहेगा। भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है।ङ्क

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# अंडर-19 विश्व कप: पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल की हार का बदला लेने उतरेगा भारत

एजेंसी




बुलावायो। पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान के साथ अपनी 'हाथ नहीं मिलाने की नीति' भी जारी रख सकता है। भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। भारत ने अपने पहले सुपर सिक्स मैच में 27 जनवरी को मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रन से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (चार मैच में 183 रन) और वैभव सूर्यवंशी (चार मैच में 166 रन) लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ने दो-दो अर्धशतक लगाए हैं लेकिन वे इन्हें तीन अंकों में बदलना चाहेंगे। विहान मल्होत्रा (चार मैच में 151 रन) से भी भारत को उम्मीदें हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 109 रन बनाए थे और वह अपनी अच्छी फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल (चार मैच में 10 विकेट) और जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने भारत के लिए प्रभावी प्रदर्शन किया है। कप्तान म्हात्रे ने भी जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी ऑफ ब्रेक गेंदबाजी से तीन विकेट लिए जबकि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरएस अमरीश भी विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शामिल रहे। दूसरी ओर पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला ग्रुप मैच गंवा दिया था लेकिन स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले दो मैच जीत लिए। पाकिस्तान ने 27 जनवरी को अपने सुपर सिक्स मैच में न्यूजीलैंड पर आठ विकेट से बड़ी जीत हासिल की और भारत के खिलाफ मैच से पूर्व आत्मविश्वास हासिल किया। अंडर-19 एशिया कप फाइनल में शानदार 172 रन बनाने वाले सलामी बललेबाज समीर मिन्हास इस टूर्नामेंट में भी शानदार फॉर्म में हैं।

# कमिंस टी20 विश्व कप से बाहर, ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में ड्वारशुइस को जगह मिली

एजेंसी




मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब उसके मुख्य तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट के कारण आगामी टी20 विश्व कप से बाहर हो गए जिससे राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को उनकी जगह 15 सदस्यीय टीम में बेन ड्वारशुइस को चुनना पड़ा। बत्तीस साल के कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी शुरुआती 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। मैथ्यू रेनशॉ को शॉर्ट की जगह टीम में शामिल किया गया है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा, ''पैट की पीठ की चोट को ठीक होने में और समय लगेगा इसलिए बेन एक तैयार वैकल्पिक खिलाड़ी है जो बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करने के साथ-साथ शानदार क्षेत्ररक्षण और निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी भी करता है। कमिंस को शुरू में ऑस्ट्रेलिया की अस्थाई टीम में चुना गया था। चयनकर्ता ने कहा, ''मैट (रेनशॉ) ने हाल ही में सभी प्रारूप में प्रभाव डाला है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड बुल्स और ब्रिस्बेन हीट के लिए सीमित ओवरों के प्रारूप में कई भूमिकाएं शामिल हैं। जोश हेजलवुड, टिम डेविड और नाथन एलिस की तिकड़ी ने इस प्रतिष्ठित टी20 प्रतियोगिता के लिए फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है। एशेज से पहले पैर में चोट के कारण हेजलवुड बाहर हो गए थे। डेविड भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बिग बैश लीग के अधिकतर मुकाबलों और पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहे जबकि एलिस भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बिग बैश लीग फाइनल और पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के पूल चरण के लिए श्रीलंका जाने से पहले लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला खेल रहा है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्थलों पर होगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार हैः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्कारेज

एजेंसी



मेलबर्न। थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ। ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्कारेज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्कारेज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया कि वह सिनर के खिलाफ लगातार पांच हार का सिलसिला खत्म करने और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार सेमीफाइनल हार का सिलसिला तोड़ने के दौरान उनके साथ थीं। जोकोविच ने कहा, ''कुछ दिग्गज सुबह दो बजे तक जागते रहे! उन्होंने कहा, ''यहां आने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जोकोविच के पास लगभग हर रिकॉर्ड है। उन्होंने रोजर फ़ेडरर और रफ़ेल नडाल के बनाए रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। उनके पास सेरेना विलियम्स से एक अधिक खिताब है। सेरेना के नाम महिलाओं के ओपन युग के रिकॉर्ड 23 एकल खिताब हैं। जोकोविच ने यह बात नहीं छिपाई है कि वह सिर्फ 25वें खिताब के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। 'सिनकारेज' (सिनर और अल्कारेज को मिलाकर) प्रतिद्वंद्विता के एक हिस्से को तोड़ने के बाद जोकोविच को मेलबर्न पार्क में अपने करियर के 11वें फाइनल में एक और खिताब जीतने का मौका मिलेगा। उन्होंने अब तक सभी 10 फाइनल जीते हैं।

# डब्ल्यूपील: एलिमिनेटर में जगह पक्की करने के लिए वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में कैपिटल्स

एजेंसी



वडोदरा। कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है। उस स्थिति में तीन टीम ऽ मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी। इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आठ मैच में छह जीत के साथ पांच टीम की तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है। दिल्ली की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में अधिक रन नहीं बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली सात मैच में 230 रन के साथ टीम की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनकी हमवतन स्टार लॉरा वोल्वार्ट ने सात मैच में 194 रन बनाए हैं जो उम्मीद से कम है। शेफाली वर्मा सात मैच में 179 रन ही बना पाई हैं। दिल्ली को इस अहम मैच में इस भारतीय सलामी बल्लेबाज से बड़े योगदान की उम्मीद होगी। नई कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने सात मैच में 132 रन बनाकर बेहद निराश किया है और उनकी एक बड़ी पारी टीम को जीत दिला सकती है। उनका मौजूदा सत्र का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 51 रन रहा है। गेंदबाजी में भी दिल्ली के विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी मारिजेन कैप और वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी सिर्फ सात और छह विकेट चटका पाई हैं। भारतीय गेंदबाजों स्नेह राणा और मीनू मणि का भी यही हाल है। असल में मौजूदा सत्र में दिल्ली के लिए विकेट चटकाने की जिम्मेदारी दो युवा खिलाड़ियों अनकैप्ड (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा (सात मैच में 14 विकेट) और भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (सात मैच में 12 विकेट) ने निभाई है। दूसरी ओर वारियर्स की टीम लगातार दो हार के बाद इस मैच में उतर रही है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में टीम को आठ विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी। वारियर्स की टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी और फिर सिर्फ 13.1 ओवर में मैच गंवा दिया जिससे उसके आत्मविश्वास को झटका लगा होगा। टीम को हालांकि जल्द एकजुट होना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### देश का चीनी उत्पादन अक्टूबर-जनवरी के दौरान 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन रहा: इस्मा

नयी दिल्ली। देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक 55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने एक बयान में कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

### तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से प्रभावी होंगे


नयी दिल्ली। सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा। ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा। ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी। यदि कोई मशीन लगातार कम से कम 15 दिनों तक बंद रहती है, तो वे उत्पाद शुल्क में छूट का दावा कर सकते हैं। एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है। इसके तहत 40 प्रतिशत जीएसटी को शामिल करने के बाद पान मसाला पर कुल कर का भार मौजूदा स्तर यानी 88 प्रतिशत पर ही बरकरार रखा गया है।

### हरित ऊर्ज़ा, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर जैसे आठ क्षेत्रों के वित्त पोषण के लिए एसबीआई की विशेष पहल

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र 'चक्र' की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्ज़ा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। साल 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की संभावना है।

# अदाणी अमेरिकी एसईसी से कानूनी नोटिस लेने को तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

एजेंसी



न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली। अरबपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हो गए हैं। एक अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया। न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में एक संघीय अदालत में दायर दस्तावेज, जिसे पीटीआई-भाषा ने देखा है, के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अदाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब इस पर फैसला देने की आवश्यकता नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन (या समझौता) संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया है। यह अमेरिकी कानूनी कार्यवाही में एक मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के व्यवस्थित समाधान की अनुमति देता है। यदि न्यायाधीश सहमति देते हैं, तो संयुक्त आवेदन एसईसी मामले को आगे बढ़ने की अनुमति देगा। साथ ही इससे अदाणी को 90 दिनों के भीतर मामले को खारिज करने का अनुरोध करने या अपना बचाव पेश करने का मौका मिलेगा। इसके बाद एसईसी अगले 60 दिनों के भीतर अपना विरोध दर्ज करा सकता है। प्रतिवादी ऐसे विरोध पर 45 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। एसईसी ने नवंबर 2024 में एक मुकदमा दायर किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि इन दोनों ने अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के बारे में झूठे और भ्रामक विवरण देकर अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन किया है। एसईसी की दीवानी शिकायत के अलावा, न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अभियोजकों ने अदाणी और अन्य पर सौर ऊर्ज़ा अनुबंध हासिल करने के लिए भारत में 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने में मदद करने का आरोप लगाया है। अदाणी समूह ने अपने या संस्थापक परिवार के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को बार-बार नकारा है।

# तीसरी तिमाही में मीशो का घाटा बढ़कर 491 करोड़ रुपये पर पहुंचा

एजेंसी




नयी दिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा बढ़कर 490.6 करोड़ रुपये हो गया। त्योहारी मौसम में खर्चे बढ़ जाने से घाटे में यह बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 37.43 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। आलोच्य तिमाही में मीशो का कुल खर्च करीब 44 प्रतिशत बढ़कर 4,071 करोड़ रुपये हो गया। खर्च का 3,821.3 करोड़ रुपये का हिस्सा 'अन्य व्यय' की श्रेणी में रहा। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,517.5 करोड़ रुपये हो गया। दिसंबर 2024 तिमाही में यह 2,678.64 करोड़ रुपये था। मीशो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदित आत्रे ने बयान में कहा, तीसरी तिमाही के नतीजे हमारी कंपनी की बढ़ती ताकत को दिखाते हैं। अब ज्यादा ग्राहक बार-बार खरीदारी कर रहे हैं, जिससे हमारे कारोबार को मजबूती मिल रही है।

# टोरेंट इलेक्ट्रिकल्स ने स्विचगियर पेश किए

एजेंसी



नयी दिल्ली। टोरेंट ग्रुप की बिजली उत्पाद बनाने वाली इकाई टोरेंट इलेक्ट्रिकल्स ने शुक्रवार को नई ब्रांड पहचान के साथ स्विचगियर उत्पाद पेश किये। नई ब्रांड पहचान भारत के बिजली बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप टोरेंट इलेक्ट्रिकल्स की प्रगति को दर्शाती है। इस पेशकश के तहत, टोरेंट इलेक्ट्रिकल्स ने अपने स्विचगियर उत्पादों को पेश किया है। इसमें मिनिएचर सर्किट ब्रेकर्स (एमसीबी), रेजिडुअल करंट सर्किट ब्रेकर्स (आरसीसीबी), आइसोलेटर्स और डिस्ट्रिब्यूशन बोर्ड्स शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग की व्यापक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किये गये है। टोरेंट ग्रुप के निदेशक वरुण मेहता ने कहा, ''स्विचगियर उत्पादों को पेश करना और नई ब्रांड पहचान लाना इलेक्ट्रिकल उत्पाद खंड में सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए एक मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की हमारी एकीकृत रणनीति को दर्शाता है। टोरेंट इलेक्ट्रिकल्स, टोरेंट ग्रुप की बिजली उत्पाद इकाई है। कंपनी के उत्पादों में केबल, तार और स्विचगियर शामिल हैं।1

# सेबी ने डीमैट खातों में प्रतिभूतियों को जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाया

एजेंसी



नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने डीमैट खातों में प्रतिभूतियों को जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है। इसके तहत अब सौदे की पुष्टि करने वाले पत्र की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। इस कदम से प्रतिभूतियों के हस्तांतरण की अवधि 150 दिन से घटकर 30 दिन हो जाएगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में कहा कि वर्तमान में सूचीबद्ध कंपनियां, निर्गम पंजीयक और शेयर हस्तांतरण एजेंट (आरटीए) निवेशकों को पुष्टि पत्र (एलओसी) जारी करते हैं, जिसे प्रतिभूतियों को जमा करने के लिए डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को प्रस्तुत किया जाता है। सेबी ने कहा कि इस प्रक्रिया में आमतौर पर लगभग 150 दिन लगते हैं। ऐसे में निवेशकों की सुविधा बढ़ाने और समय तथा जोखिम को कम करने के लिए एलओसी जारी करने की आवश्यकता को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। संशोधित व्यवस्था के तहत, आरटीए और सूचीबद्ध कंपनियां उचित जांच-पड़ताल करने के बाद निवेशकों के डीमैट खातों में सीधे प्रतिभूतियां जमा करेंगी। सेबी ने कहा कि इस बदलाव से प्रतिभूतियों के जमा होने की समयसीमा 150 दिन से घटकर 30 दिन होने की उम्मीद है और एलओसी के खोने या दुरुपयोग से जुड़े जोखिम समाप्त हो जाएंगे। नियामक ने कहा कि संशोधित ढांचा दो अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। इस तिथि से पहले जारी की गई कोई भी एलओसी निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रतिभूतियों को डीमैट खातों में जमा करने के लिए उपयोग कर सकते है। सेबी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य निवेश को सुगम बनाना, परिचालन दक्षता बढ़ाना और निवेशक संरक्षण को मजबूत करना है।

# भारत की सभ्यतागत विरासत के संरक्षक हैं शिल्पकार : राधाकृष्णन

एजेंसी

फरीदाबाद। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि शिल्पकार भारत की सभ्यतागत विरासत के संरक्षक हैं।

राधाकृष्णन ने यहां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले के 39वें संस्करण का उद्घाटन करने के अवसर पर यह बात कही। एक बयान के मुताबिक सूरजकुंड मेला 31 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है और इसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अन्य देशों की हस्तशिल्प, हथकरघा, संस्कृति और व्यंजनों की बेहतरीन परंपराओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, '' शिल्पकार भारत की सभ्यतागत विरासत के संरक्षक हैं तथा यह मेला राष्ट्र की सांस्कृतिक आत्मा और आत्मनिर्भर भावना को प्रतिबिंबित करता है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के लोकाचार को समाहित करता है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद कृष्ण पाल गुर्जर तथा हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री अरविंद कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने सहयोगी देश मिस्र के पवेलियन का भी दौरा किया और वहां प्रदर्शित हस्तशिल्प की सराहना की। उन्होंने मेले में अन्य पवेलियनों का भी दौरा किया। राधाकृष्णन ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाली कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति की सराहना की।



# आतंकवाद साझा खतरा, इसे बर्दाश्त नहीं करने की नीति को वैश्विक स्तर पर अपनाये जाने की जरूरत: जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने आतंकवाद को साझा खतरा बताते हुए इससे निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को वैश्विक स्तर पर अपनाये जाने की जरूरत पर बल दिया है।

विदेश मंत्री ने कहा कि बदलाव के दौर से गुजर रही वैश्विक व्यवस्था का असर पश्चिम एशिया में अधिक स्पष्ट दिखाई देता है और इससे निकटता के मद्देनजर भारत भी इससे स्वाभाविक रूप से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि ग़ाज़ा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना को आगे बढ़ाना आज एक साझा प्राथमिकता बन चुका है। डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां भारतःअरब विदेश मंत्रियों की द्वितीय बैठक में अपने वक्तव्य में कहा कि सभी तरह का आतंकवाद दोनों क्षेत्रों के समक्ष एक साझा खतरा है। उन्होंने कहा कि सीमापार आतंकवाद विशेष रूप से अस्वीकार्य है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से प्रभावित समाजों को आत्मरक्षा का अधिकार है और वे स्वाभाविक रूप से इसका प्रयोग करेंगे। आतंकवाद से मिलकर निपटने तथा इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, '' यह आवश्यक है कि हम इस वैश्विक अभिशाप से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करें। आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करना एक अडिग और सार्वभौमिक मानदंड होना चाहिए। वैश्विक उथल -पुथल के दौर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है जब वैश्विक व्यवस्था विभिन्न कारणों से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और इसमें राजनीति, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और जनसांख्यिकी–सभी पहलुओं की भूमिका है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया यह कहीं अधिक स्पष्ट है जहाँ पिछले एक वर्ष में परिदृश्य में नाटकीय परिवर्तन आया है। इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से हम सभी पर पड़ता है, और भारत पर भी, जो इस क्षेत्र के निकट है। काफी हद तक इसके निहितार्थ भारत और अरब देशों के संबंधों के लिए भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम एशिया में कई ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिनका प्रभाव अत्यंत व्यापक रहा है। इनमें से अनेक की गूंज क्षेत्र से बाहर तक सुनाई दी है। विशेष रूप से ग़ाज़ा की स्थिति अंतरराष्ट्रीय समुदाय के ध्यान का केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में शर्म-अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप गत नवंबर में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2803 पारित हुआ। उन्होंने कहा कि ग़ाज़ा संघर्ष को समाप्त करने की व्यापक योजना को आगे बढ़ाना अब एक साझा प्राथमिकता बन चुका है। विभिन्न देशों ने इस शांति योजना पर व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से नीतिगत घोषणाएँ की हैं। यही वह व्यापक संदर्भ है जिसमें हम क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श कर रहे हैं''। डा. जयशंकर ने सूडान संघर्ष, यमन और लेबनान की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पर सामूहिक रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लीबिया के संदर्भ में सभी की रुचि राष्ट्रीय संवाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में है। सीरिया में घटनाक्रम की दिशा भी क्षेत्र के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन अनेक चुनौतियों पर विचार करते हुए हमारी साझा रुचि स्थिरता, शांति और समृद्धि की शक्तियों को सुदृढ़ करने में निहित है। उन्होंने कहा कि भारत की अरब लीग के देशों के साथ सशक्त साझेदारियां हैं, जिनमें से कई रणनीतिक स्तर तक परिपक्व हो चुकी हैं। इनका आधार ऐतिहासिक संबंध हैं, जिनमें वस्तुओं, लोगों और विचारों का दीर्घकालिक आदान-प्रदान शामिल है।

# ऑटिज़्म के इलाज में स्वीकृत और निगरानी वाला क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज़्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है।



पीठ ने कहा, ''स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को ''ड्रग'' की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज़्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वतः वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया, ''हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता।'' चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डॉक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें। यदि कोई चिकित्सक ऐसा उपचार देता है, जिसके पक्ष में विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं या जिसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थाएं स्पष्ट रूप से अनुशंसित नहीं करतीं, तो वह उचित चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन माना जाएगा। न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड की 6 दिसंबर 2022 की सिफारिशों, राष्ट्रीय स्टेम सेल अनुसंधान दिशानिर्देश, 2017, तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि इन सभी दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि ऑटिज़्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को नियमित उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं किया गया है और इसे केवल स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के तहत ही किया जा सकता है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ नाथ, श्री प्रतीक के. चड्ढा, श्री असजद हुसैन, श्री अनुनय चौधरी, श्री श्रीकर एचुरी और श्री अनिकेत चौहान ने पक्ष रखा। ।

# ईरान बातचीत के लिये तैयार : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है।

श्री ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ''वे समझौता करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गयी है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। उन्होंने ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का ज़िक्र करते हुए कहा, ''उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है।''

अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन उन्होंने साफ तौर पर ज़ोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी। फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है। श्री अराघची ने कहा, ''मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताएं कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी।'' ये बयान श्री ट्रंप की तरफ से बार-बार दी जा रही चेतावनियों के बीच आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी मांगों को पूरा नहीं करता है, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल विकास पर रोक शामिल है, तो संभावित सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। ईरान ने अमेरिका के किसी भी हमले का जवाब देने की चेतावनी दी है, जबकि तुर्की ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने की पेशकश की है। श्री ट्रंप को हाल ही में ईरान को निशाना बनाने वाले ज़्यादा बड़े और ज़्यादा आक्रामक सैन्य विकल्पों के बारे में बताया गया है। इन योजनाओं का मकसद ईरान के परमाणु और मिसाइल अवसंरचना को काफ़ी नुकसान पहुंचाना या सर्वोच्च नेता के प्रशासन को कमज़ोर करना है, जो पहले के विचारों से एक बड़ा बदलाव है। अधिकारियों ने बताया कि नये विकल्प दो हफ़्ते पहले समीक्षा किये गये विकल्पों से बेहतर हैं, जब ध्यान ईरानी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ़ हिंसा को रोकने के श्री ट्रंप के वादे को लागू करने पर था। इन प्रस्तावों में ऐसे हालात शामिल हैं जिनमें अमेरिकी सेना सीधे ईरानी ज़मीन पर हो सकती है, जिसमें अहम ठिकानों पर लक्षित रेड भी शामिल हैं। इससे पहले, अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी, जिसमें अमेरिकी सेना की तैयारी और रोक लगाने की क्षमता पर ज़ोर दिया गया। श्री हेगसेथ ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने चाहिए। उन्होंने कहा, ''उन्हें परमाणु क्षमता हासिल नहीं करनी चाहिए। हम इस राष्ट्रपति की युद्ध विभाग से जो भी उम्मीदें हैं, उन्हें पूरा करने के लिए तैयार रहेंगे।

## भारत की रामसर सूची में दो नयी आर्द्रभूमि शामिल, मोदी ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** सरकार ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस से एक दिन पहले आज रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्रभूमियों को शामिल करने की घोषणा की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ जिले में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव की पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। श्री मोदी ने श्री यादव की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा ''यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है। वहां के स्थानीय निवासियों के साथ-साथ आर्द्रभूमि के संरक्षण के प्रति समर्पित सभी लोगों को हार्दिक बधाई। ये पहचान जैव विविधता के संरक्षण और महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्रों की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं। आशा है कि ये आर्द्रभूमियां असंख्य प्रवासी और स्थानीय प्रजातियों के लिए सुरक्षित आवास के रूप में फलती-फूलती रहेंगी। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के रामसर नेटवर्क का विस्तार 276 प्रतिशत से अधिक हुआ है, जो 2014 में 26 स्थलों से बढ़कर वर्तमान में 98 स्थल हो गया है। यह आंकड़ा अंतरराष्ट्रीय मान्यता पर्यावरण संरक्षण और आर्द्रभूमि के संरक्षण के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये दोनों आर्द्रभूमि सैकड़ों प्रवासी और स्थानीय पक्षी प्रजातियों को आवास प्रदान करती हैं। इन क्षेत्रों में चिंकारा, भेड़िये, काराकल, रेगिस्तानी बिल्लियाँ और रेगिस्तानी लोमड़ियाँ जैसे वन्यजीवों के साथ-साथ लुप्तप्राय पक्षी भी पाए जाते हैं।

## अरब देशों के साथ व्यापार, ऊर्ज़ा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ बनाने को प्रतिबद्ध है भारत : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्ज़ा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां अरब देशों के विदेश मंत्रियों, अरब लीग के महासचिव तथा अरब देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों से मुलाकात की। ये सभी प्रतिनिधि भारत-अरब विदेश मंत्रियों की द्वितीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत और अरब जगत के लोगों के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया। इससे वर्षों से परस्पर रिश्तों और सुदृढ़ हुए हैं। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों के लिए भारतऽअरब साझेदारी के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा किया और व्यापार एवं निवेश, ऊर्ज़ा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहरायी ताकि दोनों पक्षों के लोगों को परस्पर लाभ मिल सके। श्री मोदी ने फिलिस्तीन के लोगों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया और ग़ाज़ा शांति योजना सहित शांति प्रयासों का स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और संवाद को बढ़ावा देने में अरब लीग की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना भी की।

## एक तरफ बजट तो दूसरी तरफ आधार वर्ष में बदलाव करना नीतिगत समन्वय में कमी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की पूर्व संध्या पर सांख्यिकीय आंकड़ों के जारी होने के समय को लेकर गंभीर चिंताएं जताते हुए कहा है कि बजट के वित्तीय अनुमान पुरानी गणनाओं पर आधारित हो सकते हैं, क्योंकि बजट पेश होने के मात्र कुछ ही दिनों के भीतर देश की विकास दर (जीडीपी) और महंगाई दर (सीपीआई) के गणना आधार (बेस ईयर) में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर चिंता का साझा करते हुए कहा कि आधार वर्ष में इस बदलाव से बजट के प्रमुख आंकड़ों, जैसे कि राजकोषीय घाटा और विकास दर के लक्ष्यों में भारी विसंगति पैदा हो सकती है। इसे नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समन्वय की कमी आ सकती है, जिससे बजट के वास्तविक प्रभाव का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने लिखा कि बजट के कई आँकड़े सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में पेश होंगे लेकिन कुछ दिनों बाद ही 2022-23 को आधार वर्ष मानकर नयी जीडीपी शृंखला जारी होने वाली है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रविवार को पेश किए जाने वाले बजट के आँकड़ों में इसके तुरंत बाद संशोधन किया जाएगा? उन्होंने एक और चिंता प्रकट करते हुए कहा कि 2024 को आधार मानकर नई उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) शृंखला 12 फरवरी को जारी होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि इस नई शृंखला में खाद्य कीमतों की हिस्सेदारी में तेज़ गिरावट दिखाई दे सकती है। अगर ऐसा होता है, तो इसका भी बजट के आँकड़ों पर असर पड़ेगा। थोक मूल्य सूचकांक में भी संशोधन किया जा रहा है और संभवतः इसे आने वाले कुछ महीनों में सार्वजनिक किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## सीतारमण...

हुआ था। चूंकि कल रविवार है, इसलिए यह विशेष सत्र भारतीय पूंजी बाजार को वैश्विक मानकों के अनुरूप दिखाने का भी एक प्रयास है। ब्रोकरेज फर्मों और निवेशकों को तकनीकी रूप से तैयार रहने को कहा गया है ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो। तो अपनी 'वॉचलिस्ट' तैयार रखें, क्योंकि कल संसद में बजट भाषण और दलाल स्ट्रीट पर एक्शन साथ-साथ चलेगा।

## पाकिस्तान में हुई ...

बचे हुए लड़ाकों को खत्म करने के लिये प्रभावित इलाकों में तलाशी अभियान जारी हैं। 'ऑपरेशन हेरॉफ' के दूसरे चरण में क्वेटा, ग्वादर, पसनी, मस्तंग, नुश्की, कलात समेत कई जिलों में पुलिस थानों और सरकारी इमारतों पर कब्ज़ा कर लिया गया। अचानक हुए इन हमलों से पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बल बैकफुट पर आ गए और कई जगहों पर अपने पोस्ट छोड़ने को मजबूर हो गए। शनिवार सुबह करीब छह बजे राजधानी क्वेटा में जोरदार धमाकों के साथ हमले शुरू हुए। इसके बाद घंटों तक चली गोलीबारी ने पूरे शहर को दहशत में डाल दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक रेड ज़ोन तक में हथियारबंद विद्रोहियों की मौजूदगी देखी गई। मस्तंग में पुलिस स्टेशन पर कब्ज़े और 30 से ज्यादा कैदियों के फरार होने की खबरों ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। बीएलए प्रमुख बशीर ज़ेब बलूच ने वीडियो संदेश जारी कर बलोच जनता से सड़कों पर उतरने और पाकिस्तानी हुकूमत के खिलाफ अंतिम और निर्णायक संघर्ष में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि आज चुप रहने वालों को इतिहास माफ़ नहीं करेगा। संगठन ने दावा किया है कि यह लड़ाई कब्ज़े और ज़ुल्म के खिलाफ है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है, जबकि सरकार ने 70 विद्रोहियों को मार गिराने का दावा किया है। हालांकि जमीनी हालात इन दावों से अलग और कहीं ज्यादा भयावह बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में मोबाइल डेटा सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पूरे प्रांत के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। नसीराबाद में रेलवे ट्रैक से एंटी-टैंक माइन और ऋकबरामद होने के बाद आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में हिंसा और तेज हो सकती है। क्वेटा, नुश्की, कलात, ग्वादर और पसनी समेत कई शहरों में भारी गोलीबारी और धमाकों की खबरें लगातार मिल रही हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह हमला न सिर्फ बलूचिस्तान, बल्कि पूरे पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है। एक साथ इतने बड़े पैमाने पर किया गया यह ऑपरेशन आने वाले समय में और बड़े टकराव की आहट दे रहा है।

## केंद्र ने 2011 के बाद...

अधीक्षक (एसपी)/पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) या उसके बराबर के पद पर केंद्र में काम करने का कम से कम दो साल का अनुभव आवश्यक होगा। केंद्र में तैनात भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के लिए ऐसी ही जरूरत होती है लेकिन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्र में आईजी स्तर के अन्य पदों पर तैनात भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों के लिए ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं होती।

## तंबाकू उत्पादों पर...

शुल्क 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया जायेगा। सिगार, चुरुट और सिगरिलोज पर उत्पाद शुल्क 12.5 फीसदी या प्रति हजार 4,006 रुपये से बढ़ाकर 25 फीसदी या प्रति हजार 5,000 रुपये किया जायेगा। बिना फिल्टर वाले 65 एमएम तक के सिगरेट पर शुल्क 200 रुपये प्रति हजार से बढ़ाकर 2,700 रुपये प्रति हजार और 65 से 70 एमएम तक पर 250 रुपये प्रति हजार से बढ़ाकर 4,500 रुपये प्रति हजार किया जायेगा। फिलटर वाले सिगरेट पर अभी लंबाई के हिसाब से 440 रुपये प्रति हजार से 735 रुपये प्रति हजार तक उत्पाद शुल्क का प्रावधान है। इसे बढ़ाकर तीन हजार रुपये से 11 हजार रुपये प्रति हजार स्टिक तक करने का प्रस्ताव है। तंबाकू के विकल्प वाले सिगरेट, चुरुट आदि पर भी शुल्क में भारी वृद्धि का प्रस्ताव है। चबाने वाले तंबाकू और जर्दा पर कर की दर 25 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने का प्रस्ताव किया गया है। अन्य उत्पादों पर भी शुल्क में भारी वृद्धि का प्रावधान विधेयक में रखा गया है। जीएसटी में बीड़ी पर कर की दर 18 प्रतिशत रखी गयी है। वहीं, पान मसाला, विनिर्मित तंबाकू, सिगार, चुरूट, सिगारिलो और सिगरेट पर 40 प्रतिशत कर लगेगा। स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम भी 01 फरवरी से प्रभाव में आ जायेगा। इसके तहत पान-मसाला संयंत्रों पर विशेष उपकर लगाया जायेगा। यह उपकर पान-मसाला के उत्पादन और पैकेजिंग की मशीन की क्षमता के आधार पर लगाया जायेगा। जहां हाथों से पैकेजिंग होती है वहीं भी निश्चित उपकर लगाया जायेगा। इससे संबंधित विधेयकों को संसद के पिछले शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिली थी। साख निर्धारक एवं बाजार अध्ययन एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, कर, शुल्क एवं अधिभारों के कारण अगले वित्त वर्ष में सिगरेट की बिक्री में छह से आठ प्रतिशत की गिरावट की संभावना है। उसने कहा है कि 01 फरवरी से हर स्टिक पर 2.05 रुपये से 8.5 रुपये का अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया जायेगा। यह सिगरेट स्टिक की लंबाई के हिसाब से अलग-अलग होगा। अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 65 सेमी से बड़े स्टिक के लिए 3.6 रुपये से 8.5 रुपये के बीच होगा। वहीं, 65 सेमी से छोटे सिगरेट पर 2.05 से 2.10 रुपये प्रति स्टिक का शुल्क लगेगा। इसके अलावा अंतिम मूल्य पर जीएसटी की दर भी बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी जायेगी। क्रिसिल का कहना है कि 65 सेमी से छोटे सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क कम है, लेकिन कंपनियां इस श्रेणी में अधिक से अधिक बोझ खुद वहन करना चाहेंगी क्योंकि इसी श्रेणी के उपभोक्ता मूल्य के प्रति ज्यादा संवेदनशील हैं। इससे उनका परिचालन लाभ दो से तीन प्रतिशत तक कम हो सकता है, हालांकि फिर भी इसका स्तर अच्छा बना रहेगा।

## अजित के निधन के...

जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। उपमुख्यमंत्री रहते हुए श्री पवार के पास वित्त, खेल, आबकारी जैसे मंत्रालय थे।

## कफ सिरप मामले ...

को पुलिस ने मड़ौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्र में स्थित कुल सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत करीब 4.55 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा चार लग्जरी व अन्य वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 51 लाख रुपये है। वहीं, बैंक खातों में जमा 70.99 लाख रुपये की राशि भी अभिग्रहित की गई है। इस तरह कुल 5.77 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई। कुर्क किए गए वाहनों में फॉर्च्यूनर लेजेंडर, हुंडई आई-20, एक्टिवा और वेस्पा स्कूटर शामिल हैं। फॉर्च्यूनर की कीमत ही करीब 40 लाख रुपये बताई गई है। कुर्की की कार्रवाई में एसआईटी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष हाथीनाला नागेश सिंह, चौकी प्रभारी डाला घनश्याम तिवारी सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी और उससे अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## यूपी को फार्मास्यूटिकल...

संदीप सिंह भी मौजूद रहेंगे। इन कंपनियों के साथ निवेश, उत्पादन, अनुसंधान व नवाचार की संभावनाओं पर मंथन होगा। इन फार्मा संगठनों का भी रहेगा सहयोग कान्क्लेव को देश के सबसे बड़े फार्मा संगठन इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए), इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडीएमए), बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (बीडीएमएआई), आर्गनाइजेशन आफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स आफ इंडिया (ओपीपीटी) और फ़ेडरेशन ऑफ फार्मा आन्ट्रप्रनर्स (एफओपीई) व अन्य संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ---- फार्मा हब के लिए यह सुविधाएं प्रदेश को फार्मा हब के रूप में विकसित करने के लिए यूपी फार्मास्युटिकल एवं मेडिकल डिवाइस उद्योग नीति 2023 लागू की गई है। इसके तहत निवेशकों को 15 प्रतिशत तक की पूंजीगत सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट और बिजली शुल्क में पूर्ण छूट जैसे आकर्षक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। यूपी एफडीआई/एफसीआई एवं फार्च्यून ग्लोबल 500 और फार्च्यून इंडिया 500 निवेश प्रोत्साहन नीति 2023, औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति 2024 जैसी योजनाएं निवेश को और सरल बना रही हैं। प्रदेश के ललितपुर में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क और ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क आकार ले रहे हैं।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए...

सांसदों ने इसका विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए बंगाल की पहचान को कमजोर किया जा रहा है और क्या राज्य की जनता इसे स्वीकार करेगी? अवैध घुसपैठ को लेकर गृह मंत्री ने गंभीर चिंता जताते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बावजूद राज्य सरकार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 35 दिनों के भीतर सीमा बाड़बंदी का काम पूरा किया जाएगा। अमित शाह ने एसएससी घोटाला, शिक्षा घोटाला, नगर निकाय भर्ती घोटाला, गो-तस्करी, राशन घोटाला, मनरेगा और पीएम आवास घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई टीएमसी नेता पहले ही जेल जा चुके हैं। उन्होंने ममता बनर्जी को चुनौती दी कि यदि वे सच में भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, तो दागी नेताओं को चुनाव में टिकट न दें। केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बंगाल को करीब 10 लाख करोड़ रुपये दिए और नई ट्रेनें भी चलाईं, लेकिन इसका लाभ गांवों तक नहीं पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि सारा पैसा टीएमसी सिंडिकेट के हाथों में चला गया। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार में कट-मनी संस्कृति को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 में भाजपा को बंगाल में 2 सीटें मिली थीं, 2019 में 18 सीटें और 2021 के विधानसभा चुनाव में 77 सीटें मिलीं। उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा 50 प्रतिशत से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। गृह मंत्री ने मतुआ और नमशूद्र समुदायों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए चुनाव आयोग और एसआईआर प्रक्रिया के प्रति भाजपा के समर्थन को दोहराया। अपने संबोधन के अंत में अमित शाह ने कहा कि बंगाल ने लाल और हरे शासन देखे हैं और अब समय आ गया है कि केसरिया भाजपा को मौका दिया जाए, ताकि बंगाल सुरक्षित, भ्रष्टाचार मुक्त और विकसित राज्य बन सके।

## जिला 20सूत्री की बैठक में बाल विकास में भ्रष्टाचार को ले हंगामा

# मंत्री ने दिए कमेटी गठन कर जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। नवादा जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक 20 सूत्री प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर शाम 9:30 बजे तक चली,जिसमें बाल विकास परियोजना सहित प्रशासन तंत्र के कई विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर माहौल हंगामे दार रहा ।प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह ने डीपीओ आईसीडीएस को फटकार लगाते हुए जांच के निर्देश दिए। जिनके भ्रष्टाचार के विरुद्ध कई गंभीर मामले उठाए गए थे।

जिला 20 सूत्री कमेटी के सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार पांडेय ने शनिवार को बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनुपमा शंकर के संरक्षण में कौवाकोल प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अंजली कुमारी द्वारा प्रति आंगनबाड़ी केंद्रों से तीन से चार हजार रूपये प्रति माह की वसूली के मामले उठाने वाले 20 सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा पर सीडीपीओ द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज करने के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने कहा कि प्रखंड 20 सूत्री की बैठक में कौआकोल सीडीपीओ के कार्यालय से फरार रहने उनके घोर भ्रष्टाचार के विरुद्ध हंगामा में को लेकर जांच कमेटी का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने 20 सूत्री कमेटी के जांच के अधिकारों पर भी सवाल उठाये।जिस पर प्रभारी मंत्री ने फटकार लगाते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही। सदस्यों ने आरोप लगाया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनुपमा शंकर के संरक्षण में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों से प्रतिमाह तीन से चार हजार की अवैध वसूली महिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति में लाखों की लेनदेन तथा अनियमितता की शिकायत भी मंत्री से की गई थी। सदस्यों का यह भी कहना है कि कौवाकोल बालविकास परियोजना कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे की अगर जांच कराई जाती है। तो बाल विकास परियोजना कार्यालय से सीडीपीओ की फरारी व दलालों के वर्चस्व का मामला साफ हो जाएगा। लाखों की वसूली ,आईसीडीएस के डीपीओ की भ्रष्टाचार में संलिपितता को गम्भीर मामला बताते हुए जांच की बात कही गई। नवादा सदर एसडीओ के कारनामे के भी जांच के निर्णय लिए गए हैं। विद्युत विभाग के साथही सरकारी कार्यालय में भी घर भ्रष्टाचार के मामले उठाते हुए सुधार की दिशा में कदम उठाने पर चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री ने महरौली के विकास के लिए 135 करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को महरौली विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 135 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विकसित दिल्ली का सपना, आपके घर, कॉलोनी और विकसित विधानसभा से ही साकार होगा और महरौली उसी दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि सरकार महरौली की ऐतिहासिक भव्यता को सुरक्षित रखते हुए उसे 21वीं सदी की आधुनिक सुविधाओं से जोड़ रहे हैं। विरासत भी संरक्षित होगी और भविष्य भी सशक्त बनेगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने दिल्ली को सिर्फ विज्ञापनों में चमकाया। महरौली की विरासत, यहां की जरूरतें और नागरिकों की अपेक्षाएं वर्षों तक उपेक्षित रहीं। उनकी राजनीति सिर्फ सत्ता केंद्रित थी, हमारी राजनीति सेवा-सुशासन और विकास की है। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं स्वच्छता, आधारभूत ढांचा मजबूत करने और नागरिकों के जीवन को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, महरौली के विधायक गजेंद्र सिंह यादव, पूर्व पार्षद आरती सिंह यादव, क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों और बड़ी संख्या में स्थानीय उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### न्याय संहिता के क्रियान्वयन में दिल्ली पुलिस अव्वल प्रगति डैशबोर्ड पर लगातार तीसरे महीने नंबर-1

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तकनीक आधारित पुलिसिंग और डेटा गवर्नेंस के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) के प्रगति डैशबोर्ड पर दिल्ली पुलिस ने अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025—तीनों महीनों में 100 प्रतिशत स्कोर के साथ देशभर के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पहला स्थान प्राप्त किया है। क्राइम ब्रांच के विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि यह उपलब्धि न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन और राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म्स व इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के कुशल उपयोग का प्रमाण है। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रगति डैशबोर्ड की निगरानी गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा की जाती है। जहां राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का मूल्यांकन डेटा की गुणवत्ता, मात्रा, समयबद्धता और शुद्धता के आधार पर किया जाता है। मूल्यांकन में 15 अहम पैरामीटर शामिल रहे, जिनमें—सीसीटीएनएस के तहत थानों की कनेक्टिविटी, डिजास्टर रिकवरी सेंटर की स्थापना, कोर एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर में आवश्यक एंट्री, पुराने रिकॉर्ड (लेगेसी डेटा) का माइग्रेशन, स्टेट डेटा सेंटर व नेशनल डेटा सेंटर में डेटा सिंक्रोनाइजेशन, अदालतों में एफआईआर की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, स्टेट सिटिजन पोर्टल के जरिए नागरिक सेवाएं, आईसीजेएस की स्टेट एम्पावर्ड व एपेक्स कमेटियों की नियमित बैठकें शामिल रहीं। विशेष पुलिस आयुक्त ने आगे बताया कि इस सफलता में क्राइम ब्रांच की सीसीटीएनएस टीम की भूमिका निर्णायक रही। टीम ने डेटा गुणवत्ता की सतत निगरानी, जिलों व थानों के साथ रियल-टाइम समन्वय, तकनीकी व प्रक्रियागत समस्याओं का त्वरित समाधान और फील्ड यूनिट्स का नियमित मार्गदर्शन सुनिश्चित किया। इसके अलावा सभी पुलिस जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तय समयसीमा का कड़ाई से पालन किया, जांच रिकॉर्ड का सटीक व त्वरित अपडेट किया और डेटा के प्रभावी डिजिटाइजेशन के जरिए इस उपलब्धि में अहम योगदान दिया। वहीं दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने क्राइम ब्रांच सीसीटीएनएस टीम तथा सभी जिलों और यूनिट्स को बधाई दी। उन्होंने सभी स्तरों पर अधिकारियों की पेशेवर क्षमता, समर्पण और टीमवर्क की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी स्तर की उत्कृष्टता बनाए रखने का आह्वान किया। दिल्ली पुलिस ने न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन, आपराधिक न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने, अंतर-एजेंसी समन्वय और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग के लिए तकनीक के अधिकतम उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

### केंद्रीय बजट विकास, निवेश और आम जनता के हितों को मजबूती देगा : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि रविवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट 2026 आम जनता के हितों को मजबूती देगा। देहरादून में शनिवार को मीडिया से बात करते हुए धामी ने कहा कि हर बजट उम्मीदों से भरा होता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 विकास, निवेश और देश व राज्यों की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह बजट सभी के लिए हितकारी होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, एक फरवरी को केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। इस बजट पर आम लोगों से लेकर बिजनेस जगत तक की निगाहें टिकी हैं।

### मासूम बच्चे की हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व जिला के थाना शास्त्री पार्क की टीम ने 12 वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले को सुलझाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित की पहचान शास्त्री पार्क निवासी वाजिद खान (36) के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार 30 जनवरी की सुबह करीब 9:50 बजे थाना शास्त्री पार्क को शास्त्री पार्क चौक लूप के पास एक बच्चे के गंभीर हालत में पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो करीब 12 साल का एक लड़का अचेत अवस्था में मिला। उसे तुरंत जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद थाना शास्त्री पार्क में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर मनजीत तोमर के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित वाजिद खान को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि मृतक की मां के साथ उसके संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था, इसी रंजिश के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना में और कोई व्यक्ति तो शामिल नहीं था।

### मोदी के नेतृत्व में भारत औद्योगिक शक्ति बनकर उभर रहा है : जीवेश कुमार

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में भारत आज औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 इस तथ्य की पुष्टि करता है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत एक मजबूत, आत्मनिर्भर और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। यह बातें जाले विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि जहां दुनिया के कई देशों में औद्योगिक गतिविधियां सुस्त पड़ी हैं, वहीं भारत में मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्ज़ा, ऑटोमोबाइल, स्टील और सीमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई स्पष्ट नीतियों और संरचनात्मक सुधारों का परिणाम है। जीवेश कुमार ने कहा कि ऊर्ज़ा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने निर्णायक प्रगति की है। घरेलू उत्पादन बढ़ने और आयात पर निर्भरता घटने से देश की अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिला है। साथ ही ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में भारत वैश्विक स्तर पर एक सशक्त खिलाड़ी बनकर उभरा है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत को भविष्य का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्टील और सीमेंट उत्पादन में आई मजबूती से देश के बुनियादी ढाँचे को नई गति मिली है। राष्ट्रीय राजमार्गों, औद्योगिक कॉरिडोरों और निर्माण क्षेत्र में हो रहे रिकॉर्ड कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि केंद्र सरकार की विकास योजनाएँ ज़मीन पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं।

# दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने बेगमपुर क्षेत्र का किया दौरा, समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने शनिवार को बेगमपुर क्षेत्र का दौरा किया। दोनों मंत्रियों ने बेगमपुर क्षेत्र की मेन रेड लाइट, कंझावला रोड और फिरनी रोड सहित कई स्थानों पर पहुंचकर सड़क हालात, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाओं की समीक्षा की। संबंधित विभागों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि चिन्हित समस्याओं का समयबद्ध और टिकाऊ समाधान सुनिश्चित किया जाए। रविंद्र इंद्राज ने एक्स पोस्ट में कहा कि बेगम विहार में शासन अब कार्यालयों तक सीमित नहीं बल्कि जनता के बीच सक्रिय रूप से उपस्थित है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सौरभ प्रोपर्टीज, बेगम विहार क्षेत्र में जनसंपर्क कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर मूलभूत सुविधाओं, नागरिक सेवाओं एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा करते हुए समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यह पहल सुशासन, जवाबदेही एवं जनता-केंद्रित प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके साथ जनकल्याण के मार्ग पर बवाना विधानसभा निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इससे पहले रोहिणी सेक्टर-22 में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए प्रवेश साहिब सिंह द्वारा पंजाब स्वीट्स के समीप सीवर लाइन विकास कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को वर्षों से चली आ रही जल-निकासी समस्या से स्थायी राहत दिलाने की दिशा में एक निर्णायक और दूरदर्शी पहल की गई। यह जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की। प्रवेश सिंह ने कहा कि यह कार्य मात्र एक विकास परियोजना नहीं बल्कि स्वच्छता, सुव्यवस्थित नागरिक जीवन और जनसम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। सेवा, विकास एवं जनकल्याण के मूल मंत्र के साथ बवाना क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति और परिणामों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## श्री हरिमंदिर साहिब परिसर से युवक को हिरासत में लेना शिरोमणि समिति व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप : प्रताप सिंह

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने श्री दरबार साहिब से दो लोगों को हिरासत में लेने की पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे पुलिस की मनमानी और व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप बताया है। एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह ने शनिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में दर्शन करने आते हैं। प्रशासकों को बिना सूचना दिए किसी को हिरासत में लेना पुलिस की कार्रवाई अनुचित और श्रद्धालुओं की भावनाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि श्री दरबार साहिब सिख संगत का आस्था केंद्र है, जहां पुलिस को इस तरह की हरकतें करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को पुलिस कार्रवाई के बारे में शिरोमणि कमेटी या श्री दरबार साहिब के प्रबंधन को कोई सूचना नहीं दी गई थी।

# जालंधर : प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से एक दिन पहले प्रतिष्ठित स्कूल में बम धमाके की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर दौरे से ठीक एक दिन पहले जालंधर के प्रतिष्ठित कैंब्रिज स्कूल को बम धमाके की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने संदेश में प्रधानमंत्री के दौरे से इसे जोड़ते हुए कहा है कि आज तीन-चार स्कूलों में धमाका होगा। धमकी में लिखा है—ख्हम गुरु रविदास की पूरी रिस्पेक्ट करते हैं लेकिन मोदी खालिस्तान वालों के दुश्मन हैं। बाबा निरंजन दास के साथ कोई गिला शिकवा नहीं है। निज्जर की मौत का जिम्मेदार कौन...बदला बदला बदला।ङ्क यह संदेश स्कूल प्रबंधन को मिला है। गौरतलब है कों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जालंधर के निकट डेरा सचखंड बल्ला आ रहे हैं, जिसके

### डीजीपी ने सुरक्षा का लिया जायजा

चलते शनिवार को पंजाब पुलिस महानिदेशक समेत आला अधिकारी जालंधर में ही मौजूद थे। खालिस्तानियों की धमकी के बाद डेरा सचखंड बल्ला की सुरक्षा को कड़ा कर दिया गया है। डेरे की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील करके प्रत्येक राहगीर की तलाशी ली जा रही है। इस बीच पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव भी जालंधर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करके सुरक्षा का जायजा लिया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए एसपीजी के जवान भी जालंधर पहुंच गए हैं और पूरे कार्यक्रम स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है।

# पटना नीट छात्रा हत्याकांड मामले की जांच अब सीबीआई करेगी, गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना के चर्चित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) छात्रा हत्याकांड की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) करेगी। बिहार सरकार के गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत केंद्रीय एजेंसी को जांच की अनुमति दे दी है। गृह विभाग ने शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि अब पटना जिले के चित्रगुप्त नगर थाना में दर्ज मामले की जांच सीबीआई करेगी। इस आदेश के बाद राज्य पुलिस की बजाय यह मामला अब सीधे केंद्रीय एजेंसी के अधिकार क्षेत्र में आ गया है। सरकारी आदेश के अनुसार, यह अनुमति दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत दी गई है। अधिसूचना में उल्लेख है कि बिहार के राज्यपाल ने सीबीआई को जांच, पर्यवेक्षण और आवश्यक कार्रवाई के लिए राज्य में अधिकार क्षेत्र प्रदान किया है। यह आदेश कांड संख्या 14/2026, दिनांक 9 जनवरी 2026 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। गृह विभाग की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि सीबीआई को न केवल जांच करने, बल्कि आवश्यक कार्रवाई के लिए बिहार राज्य और उससे जुड़े अन्य स्थानों पर भी शक्तियों का प्रयोग करने की अनुमति दी गई है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि मामले की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से हो। अधिसूचना की प्रतिलिपि बिहार उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, सरकारी मुख्यालय, गुलजारबाग, पटना, और अन्य संबंधित अधिकारियों तथा विभागों को भेजी गई है। इसमें पुलिस महानिदेशक, बिहार, पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय क्षेत्र, पटना, और सीबीआई, पटना के अधिकारियों को भी सूचना दी गई है, ताकि जांच प्रक्रिया शीघ्र और सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय क्षेत्र, पटना से यह भी अनुरोध किया गया है कि मामले से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज सीबीआई को तुरंत उपलब्ध कराए जाएं।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दिव्यांगों के बीच बांटे सहायक उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कटिहार। सदर अस्पताल परिसर स्थित दिव्यांग कार्यालय में कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति द्वारा एक भव्य अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद शामिल हुए। तारकिशोर प्रसाद ने मौके पर मौजूद 24 दिव्यांगों के बीच उनकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण एवं उपस्कर का वितरण किया। वितरित किए गए सामानों में व्हीलचेयर, कमर बेल्ट, घुटना बेल्ट, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), लाठी एवं अन्य सहायक उपकरण शामिल थे। कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर तारकिशोर प्रसाद ने उनके क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए आश्वासन दिया कि विधायक निधि (विधायक कोष) से एक सुसज्जित दिव्यांग कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा। बिहार राज्य समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य शिव शंकर रमानी ने विधायक का स्वागत करते हुए क्षेत्र के दिव्यांगों को आ रही विभिन्न समस्याओं से उन्हें विस्तार से अवगत कराया। विधायक ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर गंगाराम चंद्रवंशी, डॉ. अवधेश देव, योगेश पूर्वे, मनोज शाह, जुली शर्मा, विजय कुमार, मोहम्मद अली, मोनिका कुमारी, अशोक राय, अशोक कुमार, बिंदेश्वरी शर्मा, रंजीत प्रसाद ताती, रोहित कुमार, गुलाब चंद्र पासवान समेत कई कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# ग्रेटर कैलाश में जमीन हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की साउदर्न रेंज ने ग्रेटर कैलाश-1 इलाके में जमीन हड़पने के एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपितों को गिराफ्तार किया है। यह गिरोह जाली दस्तावेजों और फर्जी कानूनी कार्रवाई के जरिए कीमती रिहायशी संपत्तियों पर कब्जा करने की साजिश रच रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्या गौतम ने शनिवार को बताया कि यह मामला ग्रेटर कैलाश निवासी एक व्यक्ति की शिकायत से सामने आया, जिसमें एक राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशित फर्जी सार्वजनिक सूचना (पब्लिक नोटिस) के जरिए कुछ लोगों द्वारा उसकी पैतृक संपत्ति पर झूठा दावा किए जाने की बात कही गई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता और उसका परिवार कई दशकों से उस संपत्ति पर वैध रूप से काबिज है और उनके पास पंजीकृत बिक्री व गिफ्ट डीड मौजूद हैं। इसके बाद थाना ग्रेटर कैलाश में एफआईआर दर्ज की गई, जिसे आगे की जांच के लिए क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। मामले की जांच साउदर्न रेंज के इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया को सौंपी गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित खासतौर पर बुजुर्गों की संपत्तियों को निशाना बनाते थे। गिरोह पहले ऐसी संपत्तियों की पहचान करता और फिर जाली रिलीज डीड, वसीयत और बिक्री दस्तावेज तैयार कर फर्जी स्वामित्व का दावा खड़ा करता था। इन दस्तावेजों के आधार पर आरोपित विभिन्न अदालतों में सिविल केस दायर कर अपनी फर्जी दावेदारी को वैध दिखाने की कोशिश करते थे। जांच में यह भी सामने आया कि मामलों में जिन गवाहों को दिखाया गया, उनमें से कुछ की मौत हो चुकी थी, जबकि कुछ के पते फर्जी या अस्तित्वहीन थे। दो सेट जाली दस्तावेज तैयार किए इस मामले में आरोपितों ने शिकायतकर्ता की ग्रेटर कैलाश स्थित संपत्ति पर दावा ठोकने के लिए दो अलग-अलग सेट में जाली दस्तावेज तैयार किए थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063